शुभ् लाभ्

# शुभ लाभ DAILY

खबरें जो सोच बदल दे

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र





सीएम सिद्धरामैया ने सीबीआई जांच से किया इनकार, एसआईटी पर जताया भरोसा @ नम्मा बेंगलूरु


Postal Regd.No. HQ/SD/523/2023-25 | सोमवार, 13 मई, 2024 | हैदराबाद और नई दिल्ली से प्रकाशित | epaper.shubhlabhdaily.com | संपादक : गोपाल अग्रवाल | पृष्ठ : 14 |*| मूल्य-6 रु.| वर्ष-6 | अंक-133


### पश्चिम बंगाल के बैरकपुर में हुई प्रधानमंत्री की विशाल जनसभा

# टीएमसी के संरक्षण में घुसपैठिए और भ्रष्टाचारी फल-फूल रहे हैं



## प्रधानमंत्री ने आरक्षण-सीएए समेत बंगाल को दी पांच गारंटी

## नोटों के बरामद पहाड़ों के मालिकों को बख्शा नहीं जाएगा

**कोलकाता, 12 मई (एजेंसियां)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना में बैरकपुर में विशाल रैली को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने पश्चिम बंगाल की सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस और कांग्रेस पार्टी पर जमकर निशाना साधा। पीएम मोदी ने रैली में कहा कि बंगाल की तस्वीर बता रही है कि इस बार एक यहां अलग माहौल है। उन्होंने पश्चिम बंगाल को पूर्वी भारत का एक महत्वपूर्ण राज्य बताया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बंगाल को पांच गारंटी भी दी।

पश्चिम बंगाल के लोगों को पांच गारंटियां देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, जब तक मोदी है, धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं दिया जाएगा। एससी-एसटी-ओबीसी का आरक्षण कोई खत्म नहीं कर पाएगा। रामनवमी मनाने से, भगवान राम की पूजा से कोई रोक नहीं पाएगा। राम मंदिर पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला कोई पलट नहीं पाएगा और जब तक मोदी है सीएए कानून को भी कोई रद्द नहीं कर पाएगा।

कांग्रेस पर निशाना साधते हुए पीएम मोदी ने कहा कि देश की आजादी के बाद 50 वर्ष तक कांग्रेस के परिवार ने ही सरकारें चलाईं, लेकिन कांग्रेस शासन में पूर्वी भारत को सिर्फ गरीबी और पलायन मिला। पश्चिम बंगाल हो, बिहार हो, झारखंड हो, ओडीशा हो, आंध्र प्रदेश हो कांग्रेस और इंडी गठबंधन के दलों ने पूर्वी भारत को पिछड़ा ही छोड़ दिया। प्रधानमंत्री ने बैरकपुर को इतिहास रचने वाली धरती बताया। टीएमसी पर पलटवार करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि आजादी में अहम भूमिका निभाने वाली धरती है, लेकिन टीएमसी ने इसका क्या हाल बना दिया है। उन्होंने टीएमसी पर बैरकपुर को घोटाले का गढ़ बनाने का आरोप लगाया। राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी टीएमसी पर आरोप लगाते हुए पीएम मोदी ने कहा, एक समय था, जब बंगाल में एक से बढ़कर एक वैज्ञानिक खोज हुआ करती थीं और आज टीएमसी के राज में जगह-जगह बम बनाने की होम इंडस्ट्री चल रही है। एक समय था, जब बंगाल घुसपैठियों के खिलाफ क्रांति किया करता था, लेकिन आज टीएमसी के संरक्षण में यहां घुसपैठी फल-फूल रहे हैं।

## रैली में मां की तस्वीर देखकर पीएम मोदी हुए भावुक



**हुगली, 12 मई (एजेंसियां)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब जनसभा को संबोधित कर रहे थे, उसी वक्त लोगों की भीड़ में से दो युवकों ने पीएम मोदी की मां की तस्वीर लहराई। जैसे ही पीएम मोदी की निगाह इन तस्वीरों पर पड़ी तो पीएम मोदी के चेहरे पर अनायास ही एक भावुक मुस्कान आ गई।

पीएम मोदी ने तुरंत एसपीजी के जवान को निर्देश दिया और दोनों तस्वीरें अपने पास मंगाईं। मातृ दिवस के मौके पर ये तोहफा पाकर पीएम मोदी भाव-विभोर दिखाई दिए। इस दौरान अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कहा, पश्चिम के देशों में लोग इस दिन मातृ दिवस के रूप में मनाते हैं, लेकिन भारत में हम साल के हर दिन मां दुर्गा, मां काली और भारत माता की पूजा करते हैं। रैली में जिन लोगों ने मेरी मां की तस्वीर बनाई है। मैं एसपीजी कमांडो से अपील करता हूं कि वे तस्वीरें इकट्ठी कर लें। कृपया तस्वीर के पीछे अपना पता भी लिख दीजिएगा। मैं आप दोनों को धन्यवाद देना चाहता हूं।

### चीन के साथ पूर्वी लद्दाख सीमा विवाद को लेकर जयशंकर ने कहा

# सीमा पर शांति अकेले भारत की जिम्मेदारी नहीं



## सीमा पर शांति के लिए संबंधों को परस्पर सामान्य करना जरूरी

**नई दिल्ली, 12 मई (एजेंसियां)।** भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच पूर्वी लद्दाख में कुछ स्थानों पर चार साल से अधिक समय से गतिरोध बना हुआ है। ऐसे में विदेश मंत्री एस जयशंकर का कहना है कि भारत चीन के साथ शेष मुद्दों के समाधान की उम्मीद करता है और द्विपक्षीय संबंधों के सामान्य होने से ही सीमा पर शांति हो सकती है। जयशंकर ने कहा, सीमा पर शांति स्थापना अकेले भारत की जिम्मेदारी नहीं। यह परस्पर प्रयासों से होता है। उन्होंने कहा कि सीमा पर शांति के लिए संबंधों को परस्पर सामान्य करना जरूरी है।

विदेश मंत्री ने कहा कि शेष मुद्दे मुख्य रूप से गश्त करने के अधिकारों और गश्त क्षमताओं से संबंधित हैं। यह पूछे जाने पर कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पिछले महीने न्यूज-वीक पत्रिका में की गई टिप्पणी से उभरे विवाद के समाधान की उम्मीद कब की जा सकती है। इस पर जयशंकर ने कहा कि उन्होंने इस मामले में केवल बड़ी तस्वीर पेश की है। हम उम्मीद करेंगे कि वहां शेष मुद्दों का समाधान होगा। ये मुद्दे मुख्य रूप से वहां गश्त के अधिकार और गश्त क्षमताओं से संबंधित हैं।

मैं इस मामले को प्रधानमंत्री के इंटरव्यू से नहीं जोड़ूंगा। मुझे लगता है कि प्रधानमंत्री बड़ी तस्वीर पेश कर रहे हैं और उनका बड़ी तस्वीर वाला नजरिया बहुत तार्किक नजरिया है, जो यह है कि आखिरकार पड़ोसी होने के नाते हर देश अपने पड़ोसियों के साथ अच्छे रिश्ते चाहता है।

जयशंकर ने स्पष्ट कहा, लेकिन आज चीन के साथ हमारे संबंध सामान्य नहीं हैं क्योंकि सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति भंग हो गई है। इसलिए प्रधानमंत्री उम्मीद कर रहे थे कि चीनी पक्ष को यह समझना चाहिए कि मौजूदा स्थिति उसके अपने हित में नहीं है। पीएम मोदी ने कहा था कि सीमा पर शांति लाने के लिए हालातों पर तुरंत बात करने की आवश्यकता है। भारत और चीन के बीच स्थिर और शांतिपूर्ण संबंध न केवल दोनों देशों के लिए बल्कि पूरे क्षेत्र और दुनिया के लिए महत्वपूर्ण हैं। जयशंकर ने कहा कि कूटनीति धैर्य का काम है और भारत चीनी पक्ष के साथ मुद्दों पर चर्चा करता रहेगा। उन्होंने कहा, मैं कहूंगा कि अगर रिश्ते सामान्य हो रहे हैं तो हमें मुद्दों को हल करना होगा।

यह पूछे जाने पर कि चीन के साथ द्विपक्षीय व्यापार क्यों बढ़ रहा है, जबकि भारत इस बात पर जोर दे रहा है कि सीमा पर स्थिति असामान्य होने पर संबंध सामान्य नहीं हो सकते, जयशंकर ने सुझाव दिया कि ऐसा परिदृश्य इसलिए उत्पन्न हुआ है क्योंकि 2014 से पहले विनिर्माण क्षेत्र पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया गया था। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि यह आसानी से समझा जा सकता है कि अगर सीमा पर अमन-चैन नहीं होगा तो संबंध कैसे सामान्य हो सकते हैं। अगर कोई दुश्मन बनकर खड़ा है आपके दरवाजे पर तो आप बाहर जाकर ऐसा नहीं दिखा सकते कि सब कुछ सही है। मेरे लिए यह एक सीधा प्रस्ताव है। भारत और चीन की सेनाओं के बीच मई 2020 से गतिरोध चल रहा है।

# 36 स्कूलों को उड़ाने की धमकी पाकिस्तान से आई थी

### डर से लोग वोट डालने न निकलें, इसलिए भेजा गया था ई-मेल



**कर्णावती (गुजरात), 12 मई एजेंसियां)।** लोकसभा चुनाव में वोटिंग के एक दिन पहले अहमदाबाद के 36 स्कूलों को बम धमाके से उड़ाने की धमकी देने वाला ई-मेल पाकिस्तान से आया था। इस बात का आधिकारिक खुलासा हुआ है कि स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी वाला ई-मेल पाकिस्तान के फैजाबाद स्थित आर्मी कैंटोनमेंट एरिया से आया हुआ था। चुनाव के दौरान लोगों में डर का माहौल बनाने और वोटिंग की तादाद कम करने के इरादे से यह धमकी भेजी गई थी। इस तथ्या का खुलासा होने के बाद मामले की जांच केंद्रीय खुफिया एजेंसियों ने अपने हाथ में ले ली है। धमकी वाले मेल पाकिस्तानी कनेक्शन की छानबीन अब रिसर्च एन अनालिसिस विंग (रॉ) और इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी) कर रही है।

## अब अस्पतालों को बम से उड़ाने की धमकी मिली

**नई दिल्ली, 12 मई (एजेंसियां)।** स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी देने के बाद अब राजधानी दिल्ली के दो अस्पतालों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। धमकी देने वाले ने इस बार भी पुराने पैटर्न को दोहराते हुए ईमेल पर धमकी भेजी है। धमकी भरा मेल संजय गांधी अस्पताल और बुरारी अस्पताल के पास आया है। अस्पतालों द्वारा शिकायत मिलने के बाद मौके पर पुलिस के अलावा दमकल विभाग और तमाम सिविक एजेंसियां, बम और डॉग स्क्वायड मौके पर पहुंच गए।

### चौथे चरण का चुनाव आज

# माधवी लता और ओवैसी समेत कई दिग्गज मैदान में



**नई दिल्ली, 12 मई (एजेंसियां)।** लोकसभा चुनाव का चौथा चरण सोमवार 13 मई को है। चौथे चरण के लिए 96 सीटों पर मतदान होना है। चौथे चरण में 10 राज्यों की 96 सीटों पर 1717 प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला होगा। इस चरण में मोदी सरकार के मंत्रियों से लेकर विपक्ष के कई दिग्गज नेताओं की सीटों पर भी वोटिंग होनी है, जिसके चलते यह चरण काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

चौथे चरण की 96 सीटों में मोदी सरकार के 5 बड़े मंत्रियों से लेकर एक पूर्व मुख्यमंत्री, दो क्रिकेटर और एक अभिनेता समेत कई दिग्गज नेताओं की किस्मत दांव पर होगी। आंध्र प्रदेश में लोकसभा और विधानसभा के लिए वोटिंग होनी है। यहां भाजपा ने पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू की पार्टी टीडीपी और प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता पवन कल्याण की पार्टी जनसेना के साथ गठबंधन किया है।

जिन दिग्गज नेताओं की उम्मीदवारी वाली सीटों पर कल मतदान होना है, इनमें एआईएमआईएम नेता असदुद्दीन ओवैसी, कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी, टीएमसी नेता महुआ मोइत्रा, केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, अखिलेश यादव, साक्षी महाराज, क्रिकेटर यूसुफ पठान वगैरह शामिल हैं। हैदराबाद हमेशा ही सबसे हॉट सीटों में गिनी जाती है। यहां से एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी चुनाव मैदान में हैं। ओवैसी पिछले लंबे वक्त से चुनाव जीतते रहे हैं। भाजपा ने यहां से इस बार माधवी लता को उतारा है। वहीं कांग्रेस ने मोहम्मद वलीउल्लाह समीर, बसपा ने केएस कृष्णा और भारत राष्ट्र समिति ने श्रीनिवास यादव गड्डाम को टिकट दिया है। माधवी लता के मैदान में उतरने से संघर्ष रोचक हो गया है।

समाजवादी पार्टी के मुखिया और पूर्व सीएम अखिलेश यादव सपा का गढ़ मानी जाने वाली कन्नौज लोकसभा सीट से चुनावी मैदान में हैं। भाजपा ने इस सीट से एक बार फिर सुब्रत पाठक को खड़ा किया है। पिछले चुनाव के दौरान सुब्रत पाठक ने अखिलेश की पत्नी डिंपल यादव को हरा दिया था। अब इस सीट से अखिलेश यादव खड़े हैं। लिहाजा, संघर्ष कांटे का हो गया है। पश्चिम बंगाल में कृष्णानगर सीट से महुआ मोइत्रा एक बार फिर मैदान में हैं। महुआ मोइत्रा के चलते यह हॉट सीट बनी हुई है। भाजपा ने यहां से राजा कृष्ण चंद्र राय के परिवार की सदस्य अमृता राय को अपना प्रत्याशी बनाया है। वहीं सीपीआईएम ने एसएम सादी को टिकट दिया है। इस सीट पर 11 प्रत्याशी चुनावी मैदान में उतरे हैं। रिश्वत लेकर संसद में प्रश्न पूछने के मामले में महुआ मोइत्रा की सांसदी चली गई थी।

पश्चिम बंगाल की बहरामपुर लोकसभा सीट से कांग्रेस के बड़े नेता अधीर रंजन चौधरी चुनावी मैदान में हैं। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने क्रिकेटर यूसुफ पठान पर दांव लगाया है।

### जेल से बाहर निकलते ही पीएम की तरह घोषणाएं करने लगे सीएम

# केजरीवाल बोले, चीन से वापस लेंगे जमीन



## मोदी की नकल पर दे दी 10 गारंटी

**नई दिल्ली, 12 मई (एजेंसियां)।** घोटाले और भ्रष्टाचार में गिरफ्तार दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जमानत पर जेल से बाहर आते ही प्रधानमंत्री की तरह घोषणाएं करने लगे। उन्होंने कहा भी कि देश में मोदी की गारंटी की चर्चा है। इसीलिए केजरीवाल भी गारंटियां देने लगे। केजरीवाल ने 10 गारंटियां दीं, जिनमें भ्रष्टाचार से मुक्ति दिलाने की गारंटी भी शामिल है। केजरीवाल ने देश को 10 गारंटियां दीं और कहा कि जब इंडी गठबंधन की सरकार बनेगी तब इन गारंटियों को पूरा किया जाएगा। केजरीवाल ने यह भी कहा कि भारत की जिस जमीन पर चीन कब्जा किए बैठा है, उसे वापस लेने की गारंटी है। केजरीवाल ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी की गारंटियां तो पूरी नहीं हुईं, लेकिन मैंने दिल्ली और पंजाब के चुनावों में फ्री बिजली-पानी और अच्छे स्कूल और अस्पताल की गारंटी दी थी, वह मैंने पूरी की।

पीएम मोदी की गारंटी कौन पूरा करेगा, उसका पता नहीं क्योंकि वह 75 साल की उम्र में रिटायर हो रहे हैं। केजरीवाल की गारंटी केजरीवाल ही पूरी करेंगे। केजरीवाल ने देश की जनता को 10 गारंटी दी। सीएम ने कहा केजरीवाल की इन 10 गारंटियों की मैं गारंटी लेता हूं कि इंडी गठबंधन की सरकार बनने पर इन्हें पूरा कराया जाएगा। ये 10 गारंटियां नये भारत का विजन हैं। ये सभी काम देश को मजबूत करने वाले काम हैं और इन्हें अगले पांच साल में युद्ध स्तर पर पूरा किया जाएगा। अरविंद केजरीवाल की 10 गारंटियों के मुताबिक पूरे देश में 24 घंटे बिजली का इंतजाम करेंगे। कहीं पावर कट नहीं लगेगा। पूरे देश के गरीबों की बिजली फ्री करेंगे। हर गांव और हर मोहल्ले में शानदार सरकारी स्कूल बनाएंगे। इस देश में पैदा होने वाले हर बच्चे के लिए अच्छी और मुफ्त शिक्षा का इंतजाम किया जाएगा। हर गांव और मोहल्ले में मोहल्ला क्लिनिक बनाएंगे। हर जिले में शानदार सरकारी अस्पताल बनाएंगे। देश के हर व्यक्ति के लिए शानदार और फ्री इलाज की व्यवस्था करेंगे। चीन द्वारा अवैध तरीके से कब्जा की भारत की जमीन वापिस लाने के लिए सेना को जरूरी कदम उठाने के लिए पूरी स्वतंत्रता दी जाएगी। अग्निवीर योजना को बंद करके सारी सैन्य भर्तियों को पुरानी प्रक्रिया की तहत किया जाएगा। अभी तक भर्ती किए गए सभी अग्निवीरों को पक्का किया जाएगा।

## कार्टून कॉर्नर




**मौसम बेंगलूरु**

अधिकतम : $33^0$

न्यूनतम : $22^0$

### दक्षिण में हैदराबाद और पूरब में कोलकाता गायों और गोमांस तस्करी का बड़ा अड्डा

# सेकुलर सियासत की थाली में गोमांस

## गोतस्करी के सिंडिकेट में कई राजनीतिक दलों के नेता भी शामिल

## कई राज्यों से होते हुए जाते हैं जिंदा गायों और गोमांस से लदे वाहन

**शुभ-लाभ चिंता**

लोकसभा चुनाव की सियासी जद्दोजहद के बीच गोमांस का मसला भी चर्चा में आया और असदुद्दीन ओवैसी ने इस मसले पर अपने तल्ख विचार भी दिए। लेकिन यह अकाट्य तथ्य है कि गोमांस के इस्तेमाल, गोमांस के धंधे और गोमांस की तस्करी में हैदराबाद उल्लेखनीय रूप से सरकारी फाइलों में दर्ज है। हैदराबाद के जरिए गोमांस चेन्नई, विशाखापत्तनम और केरल तक पहुंचता है और वहां से खाड़ी देशों में जाता है। यह धंधा बहुत बड़े पैमाने पर चल रहा है।

अभी पिछले दिनों उत्तर प्रदेश के जालौन से गोमांस का कुख्यात अंतरराष्ट्रीय तस्कर जुबैर कुरैशी पकड़ा गया। उस पर 50 हजार का इनाम घोषित था। जुबैर खाड़ी देशों तक गोमांस की सप्लाई करता था। दिसंबर 2023 में उसके खिलाफ जालौन जिले में केस दर्ज हुआ था। जब एक कंटेनर से हजारों किलो गोमांस बरामद हुआ था। जुबैर की गिरफ्तारी जालौन पुलिस और स्पेशल टास्क फ़ोर्स (एसटीएफ) ने संयुक्त रूप से की है। जालौन पुलिस ने बताया कि जुबैर मूल रूप से दिल्ली के ईस्ट जगतपुरी का रहने वाला है। पुलिस ने उसके ट्रक से 21,000 किलोग्राम गोमांस बरामद किया था। लेकिन जुबैर पकड़ में नहीं आया था। जांच में सामने आया था कि इस मांस को फर्जी कागजातों के सहारे ले जाया जा रहा था। तब ट्रक को कब्ज़े में लेकर इंस्पेक्टर संजय कुमार गुप्ता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया था। जांच के दौरान ही गो-तस्करी के सरगना जुबैर कुरैशी का नाम सामने आया था। तभी से पुलिस जुबैर को तलाश रही थी।

जुबैर की गिरफ्तारी के साथ अंतर्राष्ट्रीय गो-तस्करी के रैकेट से जुड़े छह तस्करों की गिरफ्तारी हो चुकी है। पुलिस की पूछताछ में जुबैर ने अपने अंतर्राष्ट्रीय नेटवर्क का खुलासा किया है। उसने पुलिस को बताया कि वह अपने नेटवर्क के साथ बिहार के किशनगंज जिले से गोमांस की पैकिंग करवाता था। इस गोमांस को फर्जी कागजातों के सहारे हैदराबाद, चेन्नई और विशाखापत्तनम तक पहुंचाया जाता है। बंदरगाह पर पहुंचने के बाद इसे जहाज से वियतनाम, दुबई, कतर, ओमान, ईरान आदि देशों में सप्लाई होता था। इस तमाम अवैध धंधे में जुबैर का ही जीएसटी लाइसेंस का प्रयोग होता था।

# महाश्रमणोस्तु मंगलम कार्यक्रम का आयोजन





**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** तेरापंथ महिला मंडल विजयनगर द्वारा शनिवार को तेरापंथ भवन में अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के निर्देशानुसार युग प्रधान आचार्य महाश्रमण जी के दीक्षा पर्याय के स्वर्णिम 50 वर्ष दीक्षा कल्याण महोत्सव के अवसर पर महाश्रमणोस्तु मंगलम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नमस्कार महामंत्र द्वारा हुआ। कन्या मंडल की कन्याओं ने महाश्रमण अष्टम् का संगान कर गुरु की वंदना की। अध्यक्ष मंजू गादिया ने सभी का स्वागत करते हुए गुरुदेव के प्रति अपनी अभिवंदना व्यक्त की तथा मुमुक्षु मीनाक्षी ने उनके भावी संयम जीवन के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता रही मुमुक्षु मीनाक्षी का परिचय मंत्री दीपिका गोखरू ने दिया।

मंडल की बहनों ने गुरुदेव का अभिवंदन करते हुए सुमधुर गीतिका का संगान किया। मुमुक्षु बहन ने गुरुदेव के व्यक्तित्व से जुड़ी अनेक विशेषताओं का उल्लेख किया। साथ ही कहा गुरुदेव का सपना है मुमुक्षु श्रेणी वर्धमान हो, आप सभी इसकी अनुप्रेक्षा करें कि गुरुदेव का यह सपना साकार हो। आचार्य महाश्रमण जी की पुस्तक परम सुख का पथ पर एक बहुत ही रोचक एवं ज्ञानवर्धक प्रश्न मंच प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें प्रथम स्थान उषा चिण्डालिया, द्वितीय स्थान प्रियंका भूरा एवं तृतीय स्थान पर मनीषा घोषल रही। मुमुक्षु बहन का सम्मान मंडल द्वारा किया गया। तेरापंथ सभा के मंत्री मंगल कोचर ने भी अपने विचारों की अभिव्यक्ति दी। कार्यक्रम में तेयुप अध्यक्ष राकेश पोकरणा, मंडल के सभी पदाधिकारी, कार्यकारिणी बहनें, कन्या मंडल की संयोजिका ध्वनि गन्ना व उनकी पूरी टीम एवं ज्ञानशाला के सदस्यों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में मुमुक्षु बहनों से जुड़ी एक बहुत ही सुंदर वीडियो क्लिप की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम का कुशल संचालन उपाध्यक्ष सुमित्रा बरडिया एवं आभार संगीता चावत ने व्यक्त किया।

## धूमधाम से मनाई परशुराम जयंती



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** गौड़ ब्राह्मण संघ कर्नाटक ने सुदामा नगर स्थित संघ कार्यालय में भगवान परशुराम की जयंती मनाई। ₹

इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष चुन्नीलाल नाथोलिया, सचिव अनिल शर्मा, कोषाध्यक्ष दिनेश चंद उपाध्याय के साथ राधेश्याम शर्मा, रोहित शर्मा, अरुण शर्मा, विजय शर्मा, संदीप नाथोलिया, उपाध्यक्ष हरि प्रसाद शर्मा सहित कार्यकारिणी सदस्य व बड़ी संख्या में समाज बंधु उपस्थित थे। तत्पश्चात महाप्रसादी का वितरण किया गया।

हासन यौन शोषण मामला

## अश्लील वीडियो वाली पेन ड्राइव मामले में दो गिरफ्तार

**हासन/शुभ लाभ ब्यूरो।** विशेष जांच दल (एसआईटी) ने उस पेन ड्राइव की जांच तेज कर दी है, जिसमें कथित तौर पर प्रज्वल रेवन्ना के अश्लील वीडियो थे। एजेंसी ने रविवार को हासन में दो लोगों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार दोनों आरोपियों के नाम चेतन और लिकिथ हैं। एसआईटी के अधिकारियों ने हासन शहर के एनआर सर्कल स्थित साइबर इकोनॉमिक एंड नारकोटिक्स क्राइम (सीईएन) पुलिस स्टेशन में दोनों से पूछताछ की और उनके बयान दर्ज किए। चेतन और लिकिथ दोनों कथित तौर पर भाजपा कार्यकर्ता हैं। एसआईटी टीम ने हासन तालुक के येलागुंडा गांव में आरोपी चेतन के आवास पर डेढ़ घंटे से अधिक समय तक स्पॉट माजरा भी चलाया और बयान दर्ज किए। एक अन्य आरोपी को भी पूछताछ के लिए श्रवणबेलगोला स्थित उसके घर ले जाया गया। उल्लेखनीय है कि पेन ड्राइव कथित तौर पर 21 अप्रैल को प्रसारित की गई थी और जद (एस) के पोल एजेंट पूर्णचंद्र तेजस्वी ने प्रज्वल रेवन्ना के पूर्व कार चालक कार्तिक, पुट्टाराजू, नवीन गौड़ा, चेतन और लिकिथ के खिलाफ साइबर अपराध पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। इस बीच, वकील और भाजपा नेता जी देवराजेगौड़ा, जिन्हें पुलिस ने उनके खिलाफ यौन उत्पीड़न और जातिगत दुर्व्यवहार के मामले में गिरफ्तार किया था, को जिला जेल में स्थानांतरित कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि हिरियुर पुलिस ने देवराजेगौड़ा को शुक्रवार रात हिरासत में लिया था और होलेनरसीपुर पुलिस ने एक महिला की शिकायत के आधार पर यौन उत्पीड़न, धमकी देने के आरोप में शनिवार को पूछताछ के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया। उन्हें 24 मई तक न्यायिक हिरासत में सौंप दिया गया है।

# यूरेसिस एनालाइजर मशीन का उद्घाटन



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** तेरापंथ युवक परिषद राजाजीनगर द्वारा संचालित आचार्य तुलसी डायग्नोस्टिक सेंटर श्रीरामपुरम में नवीन यूरेसिस एनालाइजर मशीन का अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश डागा की अध्यक्षता में जैन संस्कार विधि से उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम की शुरुवात पंच परमेष्ठी नमस्कार महामंत्र के सामूहिक उच्चारण से हुई। संस्कारक रनीत कोठारी, सतीश पोरवाड़ एवं राजेश देरासरिया ने जैन संस्कार विधि का विश्लेषण करते हुए विभिन्न मंगल मंत्रोचार के उच्चारण से मशीनरी का उद्घाटन प्रायोजक परिवार प्रकाशचंद, विकास कुमार, अभिषेक कुमार बोल्या खरनोटा द्वारा सम्पन्न करवाया। तेयुप अध्यक्ष कमलेश गन्ना ने सभी का स्वागत किया। अभातेयुप राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश डागा ने शुभकामनाएं संप्रेषित करते हुए अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा तेयुप राजाजीनगर द्वारा संचालित एटीडीसी-श्रीरामपुरम सक्रिय सेंटर हैं। परिषद हर क्षेत्र में अपना कार्य संपादित कर रहा है। अभातेयुप परामर्शक विमल कटारिया ने अपने विचार व्यक्त करते हुए परिषद परिवार के प्रति मंगलकामनाएं संप्रेषित की। इस अवसर पर अभातेयुप प्रबुद्ध विचारक दिनेश पोकरना, एटीडीसी राष्ट्रीय सह-प्रभारी आलोक छाजेड़, नवरतन दक, सीपीस राष्ट्रीय सह-प्रभारी सोनू डागा, तेयुप बेंगलूरु अध्यक्ष रजत बैद, तेयुप विजयनगर अध्यक्ष राकेश पोकरना, तेयुप राजराजेश्वरी नगर से विक्रम मेहर, एटीडीसी संयोजक नरेश बांठिया, एटीडीसी संयोजक गौतम खाब्या एवं अभातेयुप परिवार, तेयुप प्रबंध मंडल, सदस्यों की अच्छी उपस्थिति रही।

## एचडी रेवन्ना की जमानत अर्जी पर सुनवाई आज



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** एक महिला के कथित अपहरण के मामले में न्यायिक हिरासत में चल रहे पूर्व मंत्री एचडी रेवन्ना की जमानत याचिका पर सुनवाई सोमवार को स्पेशल पीपुल्स कोर्ट में जारी रहेगी। इस मामले के संबंध में अदालत द्वारा आदेशित रेवन्ना की सात दिन की न्यायिक हिरासत मंगलवार को समाप्त हो जाएगी। न्यायिक हिरासत में चल रहे एचडी रेवन्ना की जमानत अर्जी पर सुनवाई स्पेशल पीपुल्स कोर्ट के जज संतोष गजानन भट्ट की अध्यक्षता वाली पीठ ने दलीलें और जवाबी दलीलें सुनने के बाद सोमवार तक के लिए स्थगित कर दी थी। एचडी रेवन्ना के वरिष्ठ वकील सीवी नागेश ने डेढ़ घंटे से अधिक समय तक जोरदार दलील पेश कर कहा था कि मेरे मुवक्किल पर अनावश्यक आरोप लगाए गए हैं। उन पर कोई गंभीर आरोप नहीं हैं। उन्होंने अनुरोध किया कि उन्हें जमानत दी जाये। जमानत पर आपत्ति जताने वाली एसआईटी वकील जोयना कोठारी ने कहा कि रेवन्ना एक प्रभावशाली नेता हैं और अगर जमानत दी गई तो सबूत नष्ट होने की संभावना है। इसलिए जमानत नहीं दी जानी चाहिए। उन्होंने दलील दी कि मामले के संबंध में आगे की दलीलें पेश करने के लिए और समय की जरूरत है। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने सुनवाई सोमवार तक के लिए स्थगित कर दी और सोमवार को होने वाली सुनवाई को लेकर काफी दिलचस्पी है। देखने वाली बात ये होगी कि रेवन्ना को जमानत मिलेगी या नहीं।

# सिंघी गौ सेवा के लिए गोपाल गौरव पुरस्कार से सम्मानित



**हुब्बल्ली/शुभ लाभ ब्यूरो।** ऑल इंडिया जैन युथ फेडरेशन महावीर लिंब सेंटर के संस्थापक अध्यक्ष महेन्द्र हस्तीमल सिंघी को गोपाल गौरव पुरस्कार से सम्मानित किया गया। श्री रामचंद्रपुरम मठ महासंस्था के राघवेंद्र भारती महास्वामी ने कहा कि गाय की सेवा अतिउत्तम सेवा है।

सिद्दापुर तहसील के बाँकुली के श्री रामदेव मठ में चल रहे शंकर पंचमी उत्सव के दौरान दिनेश शहरा फाउंडेशन द्वारा अनुपम गौ सेवा गोपाल गौरव पुरस्कार प्रदान किये गए। जिसमें कर्नाटक व अन्य राज्यों से आकर गौ सेवा के कार्य में लगे रहने वालों को सम्मानित किया गया। सिंघी के नेतृत्व में संचालित महावीर लिंब सेंटर के माध्यम से अभी तक 50 हजार से ज्यादा दिव्यांगों को कृत्रिम पाँव प्रदान किये जा चुके है।

इसी कड़ी में पिछले दिनों हुब्बल्ली में विश्व हिन्दू परिषद् द्वारा संचालित गौशाला, आँध्रप्रदेश के अनंतपुर में इस्कॉन द्वारा संचालित इस्कॉन गौशाला में दिव्यांग गायों को भी कृत्रिम पाँव लगाकर उनको अपने पैरो पर चलने लायक बनाया। इन सेवाओं को ध्यान में रखते हुए शहरा फाउंडेशन द्वारा गोपाल गौरव पुरस्कार से सिंघी को सम्मानित किया गया। इस पुरस्कार के साथ साथ 25 हजार रूपये की राशि का चेक भी प्रदान किया गया। इस दौरान अपने प्रवचन के माध्यम से राघवेंद्र भारती महास्वामी ने बताया की भगवान श्री कृष्ण ने भी अपने जीवन काल में गायों की सेवा की थी। गाय की सेवा से बढ़ कर कोई सेवा नहीं है। हमे भी गायों की सेवा करते रहना चाहिए। रामचंद्रपुरम मठ महासंस्था के सान्निध्य में 14 गौशालाओं के माध्यम से हजारों गायों का पालन पोषण किया जा रहा है। इस दौरान दिनेश शहरा फाउंडेशन के चेयरमैन दिनेश शहरा (रुचि गोल्ड ऑयल के मालिक) सहित अन्य उपस्थित थे। इस सम्मान के लिए महेंद्र सिंघी ने सभी का आभार जताया और कहा यह सम्मान हमारी संस्था के सभी पदाधिकारियों, सदस्यों व हमारे सेंटर के दानदाताओं के साथ सम्पूर्ण समाज का सम्मान है।

## शिवकुमार ने समर्थकों से राज्य में सूखे के कारण उनका जन्मदिन नहीं मनाने का किया आग्रह



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने रविवार को अपने समर्थकों, पार्टी कार्यकर्ताओं और प्रशंसकों से राज्य में गंभीर सूखे के मद्देनजर 15 मई को उनका जन्मदिन नहीं मनाने का आग्रह किया।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने यह भी बताया कि वह अपने जन्मदिन पर लोकसभा चुनाव के लिए उत्तर भारत में पार्टी उम्मीदवारों के पक्ष में प्रचार करेंगे। कर्नाटक ने 240 तालुकों में से 223 को सूखा प्रभावित घोषित किया था और उनमें से 196 को गंभीर रूप से सूखा प्रभावित के रूप में वर्गीकृत किया गया था। मैं अपने समर्थकों और प्रशंसकों से आग्रह करता हूं कि वे राज्य में सूखे की स्थिति को देखते हुए 15 मई को मेरा जन्मदिन न मनाएं। कृपया इस वर्ष मेरे जन्मदिन के लिए कोई कटआउट, बैनर, होर्डिंग्स न लगाएं या जन्मदिन कार्यक्रम आयोजित न करें। शिवकुमार ने एक बयान में कहा, आप जहां भी हों, आपकी शुभकामनाएं, आपका प्यार और स्नेह मेरे लिए काफी है। आगे यह कहते हुए कि वह अपने जन्मदिन पर बेंगलूरु में नहीं हैं और चुनाव प्रचार के लिए उत्तर भारत में होंगे, उन्होंने कहा इसलिए, मैं पार्टी नेताओं, पार्टी कार्यकर्ताओं, समर्थकों और प्रशंसकों से अनुरोध करता हूं कि वे मेरे जन्मदिन पर मेरे आवास या कार्यालय में न आएं। आप जहां भी हों, वहीं से मुझे शुभकामनाएं दें।

# हर घर दादा गुरुदेव इक्तीसा पाठ आयोजित



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** श्री जिन कुशल सूरी जैन दादावाड़ी ट्रस्ट के तत्वावधान में श्री जिनदत्त कुशल सूरी जैन सेवा एवं संगीत मंडल द्वारा हर घर इक्तीसा पाठ आयोजित किया गया। आज का इक्तीसा पाठ विजयलक्ष्मी कोठारी के वर्षीतप की तपस्या के पारणा निमित्त अरविन्द कुमार, भरत कुमार कोठारी के निवास स्थान पर रखा गया। मंडल के अध्यक्ष और लाभार्थी अरविन्द कोठारी ने पधारे हुए समस्त सदस्यों का स्वागत कर कहा गुरुदेव के अदृश्य आशीर्वाद से दो वर्षीतप निर्विघ्न सम्पन्न हुए और अक्षय तृतीया को पारणा सम्पन्न हुआ। मंडल के मंत्री ललित डाकलिया ने बताया कि महीने के एक रविवार को गुरुदेव का इक्तीसा पाठ दादा गुरुदेव के भक्त के निवास पर आयोजित किया जाता है। आज श्री जिनदत्त कुशल सूरी जैन सेवा एवं संगीत मंडल के सनी रांका, नितेश बोहरा, यतीन्द्र भडकतिया, पारस पारख के साथ महैन्द्र बागरेचा, दीपक सेठ, पुनीत हीरावत आदि कलाकारों के साथ श्री जिन कुशल सूरी जैन महिला संगीत मंडल की रेखा लोढ़ा, ललिता पालरेचा, मीना भन्साली ने अलग अलग राग रागिनियों में गुरुदेव इक्तीसा का पाठ किया और परमात्मा की भक्ति की। साथ ही कोठारी परिवार की बहुओं और बेटियों ने तपस्या के निमित्त नृत्य नाटिकाएं प्रस्तुत की। इस अवसर पर दादावाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष तेजराज मालानी, पूर्व अध्यक्ष महैन्द्र कुमार रांका, निर्भय लाल गुलेच्छा, तेजराज गुलेच्छा, मोतीलाल ललवानी, मंडल के उपाध्यक्ष अनिल भडकतिया, महामंत्री ललित डाकलिया, कोषाध्यक्ष रमेश गुलेच्छा, जवेरी लाल गुलेच्छा आदि के साथ शहर की अनेक संघ संस्थाओं के गणमान्य सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम में पधारे हुए समस्त मंडलों एवं संस्थाओं का कोठारी परिवार द्वारा शाल माला और स्मृति चिन्ह द्वारा सम्मान किया गया। इक्तीसा पाठ के पश्चात अजित कुमार, राजेन्द्र कुमार, भरत कुमार, सुनिता, मधु और कोमल कोठारी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ यौन शोषण मामला

# सीएम सिद्धरामैया ने सीबीआई जांच से किया इनकार, एसआईटी पर जताया भरोसा




**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
हासन के सांसद प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ यौन शोषण के आरोपों की जांच सीबीआई को सौंपने से इनकार करते हुए कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरामैया ने रविवार को कहा कि उन्हें राज्य पुलिस की विशेष जांच टीम पर भरोसा है, जो मामले की जांच कर रही है। उन्होंने ऐसी मांग करने के भाजपा के अधिकार क्षेत्र पर सवाल उठाते हुए विपक्षी दल से पूछा कि उसे पुलिस पर भरोसा क्यों नहीं है।

उन्होंने निष्पक्ष जांच कर रही एसआईटी के बारे में लोगों के मन में भ्रम पैदा करने के उद्देश्य से भ्रामक बयान देने के लिए भगवा पार्टी पर भी निशाना साधा। सिद्धरामैया ने भाजपा द्वारा सीबीआई जांच की मांग करने पर एक सवाल के जवाब में कहा हम अपनी पुलिस (एसआईटी) से जांच करा रहे हैं, हमें अपनी पुलिस पर भरोसा है। वे कुशल हैं। यहां पत्रकारों से बात करते हुए, उन्होंने कहा कि भाजपा ने एक बार सीबीआई को 'भ्रष्टाचार ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन' कहा था, और कांग्रेस की बार-बार मांग के बावजूद, सत्ता में रहते हुए पार्टी ने कभी भी केंद्रीय एजेंसी को एक भी मामला नहीं सौंपा। उन्होंने आगे कहा ऐसा नहीं है कि मुझे सीबीआई पर भरोसा नहीं है, जिन मामलों को सौंपने की जरूरत है, उन्हें सीबीआई को सौंपा जाएगा। जब मैं पहले मुख्यमंत्री था, तो मैंने सात मामले सीबीआई को सौंपे थे, लेकिन कोई सजा नहीं हुई। इसका मतलब यह नहीं है कि मुझे सीबीआई पर भरोसा नहीं है। हम अपनी पुलिस से जांच कराएंगे। 33 वर्षीय प्रज्वल रेवन्ना, जो जद (एस) के संरक्षक और पूर्व प्रधान मंत्री एचडी देवेगौड़ा के पोते हैं, उन पर महिलाओं के यौन शोषण का आरोप है। इस घोटाले ने राजनीतिक तूफान खड़ा कर दिया है और सत्तारूढ़ कांग्रेस और भाजपा-जद(एस) आपस में भिड़ गए हैं। जबकि कांग्रेस सरकार ने मामलों की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है, भाजपा और जद (एस) ने मांग की है कि इसे सीबीआई को सौंप दिया जाए, और इस प्रसार के पीछे के लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। आरोपों का जवाब देते हुए कि भाजपा नेता देवराजे गौड़ा को सत्तारूढ़ कांग्रेस और उसके नेताओं को बचाने के लिए कथित तौर पर वीडियो के प्रसार के पीछे गिरफ्तार किया गया था, सीएम ने कहा भाजपा का काम झूठे आरोप लगाना है। उन्हें (देवराजे गौड़ा को) एक महिला के खिलाफ यौन शोषण के आरोप के बाद गिरफ्तार किया गया है। एक शिकायत 1 अप्रैल को दर्ज की गई थी। हम पुलिस (एसआईटी) की जांच में हस्तक्षेप नहीं कर रहे हैं। पुलिस को पूरी आजादी दी गई है, जांच करना और दोषियों को सजा दिलाना उनका कर्तव्य है। मामले के संबंध में कांग्रेस सरकार पर भाजपा कार्यकर्ताओं के खिलाफ विच हंट का आरोप लगाने वाले केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी के कथित बयान पर एक सवाल के जवाब में, सिद्धरामैया ने कहा कि जोशी एक केंद्रीय मंत्री हैं और उन्हें जिम्मेदारी से बोलना चाहिए। भाजपा नेता झूठ बोलने में माहिर हैं, वे केवल झूठे आरोप लगाते हैं। उन्होंने कहा कि एसआईटी निष्पक्ष जांच कर रही है। इससे पहले सीएम ने केपीसीसी कार्यालय में शिक्षक एवं स्नातक स्तर की चुनाव पूर्व बैठक में भाग लिया और पार्टी प्रत्याशियों की जीत के लिए सभी से सांगठनिक कार्यों में जुट जाने का आह्वान किया।

## प्रदेश में प्री-मानसून बारिश अगले तीन दिनों तक रहेगी जारी



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
प्री-मानसून बारिश तेज हो गई है और राज्य में पिछले एक हफ्ते से छिटपुट बारिश हो रही है। मौसम पूर्वानुमान के मुताबिक अगले तीन दिनों तक राज्य के सभी जिलों में बारिश की संभावना ज्यादा है।

मौसम विभाग ने 15 मई तक सभी जिलों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई है। आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। शाम और रात में कुछ स्थानों पर बिजली, गरज और तूफान के साथ बारिश की भी संभावना है। तटीय, पहाड़ी और दक्षिणी भीतरी इलाकों में छिटपुट बारिश हो रही है। कई जगहों पर अच्छी बारिश हुई।

कुछ जगहों पर बारिश और हवा तेज हो गई है, पेड़ और बिजली के खंभे क्षतिग्रस्त हो गए हैं। भीषण गर्मी की चपेट में रहे उत्तरी कर्नाटक और कल्याण कर्नाटक में भी बारिश शुरू हो गई है। इससे तापमान में गिरावट आ रही है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार औसतन अगले एक सप्ताह तक बारिश जारी रहने का संकेत है। पहले से हो रही बारिश के कारण बेंगलूरु समेत राज्य के अधिकांश हिस्सों में बढ़ रहे अधिकतम और न्यूनतम तापमान में कमी आई है। लगातार बारिश के कारण वातावरण में नमी का स्तर भी बढ़ गया है। इससे सूरज की तपिश से बेहाल लोगों ने राहत की सांस ली है। मार्च और अप्रैल में प्री-मानसून बारिश शुरू होने से किसानों और लोगों में उम्मीद जगी है। इस माह में यदि यह मात्रा सामान्य से अधिक हो तो इससे न केवल खेती में मदद मिलेगी बल्कि जंगली जानवरों और पशुधन के लिए चारे की समस्या का समाधान भी होगा।

कर्नाटक एमएलसी चुनाव

## मारिथिब्बे गौड़ा दक्षिण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से कांग्रेस के उम्मीदवार



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) ने रविवार को घोषणा की कि पूर्व एमएलसी मारिथिब्बे गौड़ा दक्षिण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से कर्नाटक विधान परिषद के द्विवार्षिक चुनाव में पार्टी के उम्मीदवार हैं। एआईसीसी की एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि एआईसीसी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने दक्षिण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में पार्टी के उम्मीदवार के रूप में मारिथिब्बे गौड़ा के नाम को मंजूरी दी। चार बार के एमएलसी, गौड़ा ने जद (एस) छोड़ दिया और मार्च 2024 में विधान परिषद की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया और कांग्रेस में शामिल हो गए। चुनाव आयोग ने 3 जून को कर्नाटक विधान परिषद की छह सीटों (स्नातक और शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों से तीन-तीन) पर द्विवार्षिक चुनाव कराने का निर्णय लिया है। कुछ महीने पहले ही कांग्रेस ने पांच सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा कर दी थी। छह निर्वाचन क्षेत्रों में कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवारों में रामोजी गौड़ा (बेंगलूरु स्नातक), चन्द्रशेखर बी. पाटिल (उत्तर पूर्व स्नातक), अयानूर मंजूनाथ (दक्षिण-पश्चिम स्नातक), के.के. मंजूनाथ (दक्षिण पश्चिम शिक्षक), डी.टी. श्रीनिवास (दक्षिण पूर्व शिक्षक) और मारिथिब्बे गौड़ा (दक्षिण शिक्षक) शामिल हैं। 21 जून को छह एमएलसी के सेवानिवृत्त होने के कारण चुनाव जरूरी हो गया था। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के खिलाफ लड़ने के लिए एक साथ आए विपक्षी भाजपा और जद (एस) दलों ने परिषद चुनावों में गठबंधन जारी रखने का फैसला किया है। भाजपा ने पांच क्षेत्रों में जबकि जद(एस) ने एक सीट पर उम्मीदवार उतारे हैं।

## सेक्स स्कैंडल में सीबीआई जांच जरुरी क्योंकि एसआईटी ट्रैक से भटक रही: बोम्मई



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
भाजपा नेता और पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने जेडीएस सांसद प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ हासन सेक्स स्कैंडल में सीबीआई जांच की मांग की है क्योंकि कांग्रेस सरकार द्वारा आदेशित एसआईटी जांच सही दिशा में नहीं चल रही है।

यहां रविवार को अपने आवास पर मीडियाकर्मियों से बात करते हुए उन्होंने घोषणा की कि वह या उनकी पार्टी प्रज्वल रेवन्ना के कार्यों का बचाव या औचित्य नहीं कर रही है क्योंकि महिलाओं के खिलाफ यौन शोषण को कभी भी माफ नहीं किया जा सकता है। हालांकि, उन्होंने दावा किया कि एसआईटी जांच सही दिशा में नहीं चल रही है और आरोपियों की जगह मुखबिरों को ही गिरफ्तार किया जा रहा है। बोम्मई ने कहा कि निष्पक्ष जांच समय की मांग है।

भाजपा नेता ने कहा कि प्रज्वल रेवन्ना के पेन ड्राइव मामले में उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार की भूमिका की भी जांच की जानी चाहिए। जिन लोगों का नाम प्रज्वल रेवन्ना के मामले में आया है, उनकी जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा, इस कारण से, मामले को सीबीआई को भेजा जाना चाहिए। बोम्मई ने विधान परिषद चुनाव के लिए उम्मीदवारों की घोषणा पर भाजपा के भीतर कथित असंतोष को खारिज कर दिया और कहा कि बहुत सारे दावेदार हैं और अगर वे टिकट से चूक गए तो वे स्वाभाविक रूप से परेशान होंगे। लेकिन सब कुछ सुलझा लिया जाएगा क्योंकि टिकट देने में सभी उम्मीदवारों को शामिल नहीं किया जा सकता। राष्ट्रीय नेताओं द्वारा लिया गया निर्णय अंतिम होगा और इसमें कोई बदलाव नहीं होगा। इससे पहले, उन्होंने और राज्य विधानसभा में विपक्ष आर.अशोक ने मणिपाल अस्पताल का दौरा किया, जहां पूर्व सीएम एस.एम.कृष्णा का इलाज चल रहा है। पिछले दो दिनों में कृष्णा की तबीयत खराब हो गई है और उन्होंने उनके जल्द ठीक होने की कामना की है।

## प्रज्वल रेवन्ना को वापस लाने के लिए एसआईटी विदेश नहीं जा रही: गृह मंत्री



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने रविवार को कहा कि हासन के सांसद प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ यौन शोषण के आरोपों की जांच कर रही विशेष जांच टीम (एसआईटी) उन्हें वापस लाने के लिए विदेश नहीं जाएगी और इंटरपोल उनके बारे में जानकारी साझा करेगा।

उन्होंने राजनीतिक नेताओं को मामले के संबंध में सार्वजनिक बयान देने या जानकारी साझा करने के प्रति भी आगाह किया, जो संवेदनशील है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा नहीं, ऐसा कोई विकल्प नहीं है। ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी किया गया है और इंटरपोल जानकारी साझा करेगा। जिस संबंधित देश में वह पाया जाता है या उसकी पहचान की जाती है, वे उन्हें (इंटरपोल) सूचित करेंगे और फिर हमारी एजेंसियां, सीबीआई पता करेंगी। उनके माध्यम से ही हमें पता चलेगा। हालांकि अब तक कोई जानकारी नहीं है। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा जांच चल रही है, जांच को प्रभावित करने के लिए हम कोई जानकारी साझा नहीं करना चाहते।

मामले के संबंध में कांग्रेस नेताओं पर आरोप लगाने के लिए भाजपा नेता देवराजे गौड़ा की गिरफ्तारी के पीछे साजिश का आरोप लगाने वाले केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी के बयान पर एक सवाल का जवाब देते हुए परमेश्वर ने कहा अगर कोई कुछ भी कहता है तो मैं उस पर प्रतिक्रिया नहीं दे सकता। हम हर सार्वजनिक बयान पर प्रतिक्रिया नहीं दे सकते, क्योंकि यह एक गंभीर मामला है। हम जांच पूरी होने तक जानकारी साझा नहीं कर सकते। उन्होंने कहा जनता और हमारे नेताओं से मेरा अनुरोध है कि बयान देते समय सतर्क रहें। यदि नहीं, तो उनके द्वारा दिए गए बयानों के आधार पर, हमें उन्हें जांच के लिए बुलाना पड़ सकता है और सीआरपीसी की 41 ए के तहत उनका बयान दर्ज करना पड़ सकता है। यह पूछे जाने पर कि क्या जद (एस) नेता एचडी कुमारस्वामी को भी नोटिस दिया जाएगा, मंत्री ने कहा कि वह एक पूर्व मुख्यमंत्री हैं और उनका मानना है कि कुमारस्वामी ने इस मामले को गंभीरता से लिया है। उन्होंने कहा, इस मामले पर कोई भी बयान देने से पहले या सार्वजनिक डोमेन में कोई भी जानकारी साझा करने से पहले सतर्क रहना होगा और यह सभी पर लागू होता है।

## विधान परिषद चुनाव में एसएल भोजे गौड़ा जेडीएस के उम्मीदवार



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
लोकसभा चुनाव की तरह विधान परिषद चुनाव में भी भाजपा और जेडीएस के बीच गठबंधन जारी रहेगा। लेकिन जेडीएस केवल कर्नाटक दक्षिण-पश्चिम शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव लड़ेगी।

एसएल भोजे गौड़ा, जो इस निर्वाचन क्षेत्र के विधान परिषद सदस्य हैं, फिर से चुनाव लड़ेंगे। विधान परिषद की छह सीटों के लिए तीन जून को चुनाव होंगे, जिनमें स्नातक की तीन और शिक्षक की तीन सीटें शामिल हैं। भाजपा छह में से पांच निर्वाचन क्षेत्रों में चुनाव लड़ेगी, केवल एक जद (एस) के लिए छोड़ेगी। जेडीएस के जो लोग इस सीट से चुनाव लड़ने के इच्छुक थे, उन्हें निराशा हाथ लगी है। शनिवार को ही पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा ने कहा था कि वह जेडीएस के लिए दो निर्वाचन क्षेत्र छोड़ेंगे। लेकिन शनिवार रात भाजपा ने सभी पांच सीटों के लिए उम्मीदवारों के नाम का ऐलान कर दिया।

## भाजपा के पूर्व विधायक रघुपति भट्ट परिषद चुनाव में टिकट नहीं मिलने से नाराज




**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
पूर्व विधायक और भाजपा नेता रघुपति भट्ट ने कर्नाटक दक्षिण-पश्चिम स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से विधान परिषद चुनाव लड़ने के लिए पार्टी के टिकट से इनकार किए जाने पर निराशा व्यक्त की है।

पार्टी ने बाल रोग विशेषज्ञ और शिवमोग्गा में सरजी ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स के अध्यक्ष डॉ. धनंजय सरजी को मैदान में उतारने का फैसला किया है। उडुपी से तीन बार विधायक रहे रघुपति भट्ट पार्टी टिकट के आकांक्षी थे। अपने फेसबुक पेज पर एक पोस्ट में, रघुपति भट्ट ने कहा कि वह पार्टी के फैसले से परेशान हैं। उन्होंने कहा 1994 से वह भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता रहे हैं। उन्होंने विभिन्न पदों पर पार्टी के लिए काम किया। उन्होंने तीनों बार राज्य विधानसभा के लिए चुनाव लड़ा और जीत हासिल की। 2023 में हुए पिछले विधानसभा चुनाव में उन्हें टिकट नहीं दिया गया था। हालांकि, मैंने पार्टी के लिए काम किया। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने मुझे दक्षिण-पश्चिम स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ने का मौका देने का आश्वासन दिया था। इसलिए, मैंने मतदाताओं के रूप में स्नातकों के पंजीकरण में खुद को शामिल किया।

इसके अलावा, मैंने शिवमोग्गा लोकसभा क्षेत्र में 40 दिनों तक चुनाव प्रभारी के रूप में काम किया। भट्ट ने कहा कि भाजपा ने पिछले चार दशकों से दक्षिण-पश्चिम शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए तटीय क्षेत्र से एक व्यक्ति को मैदान में उतारा है। क्षेत्र के शिक्षित एवं समझदार मतदाताओं को धोखा दिया गया है। वह जानना चाहते थे कि तटीय क्षेत्र को न्याय कौन देगा। दक्षिण-पश्चिम स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के लिए पार्टी के वर्तमान उम्मीदवार, 47 वर्षीय धनंजय सरजी का जन्म दावणगेरे जिले के चन्नागिरी तालुक के गोप्पेनहल्ली में हुआ था। उन्होंने दावणगेरे में जेजेएमएमसी से एमबीबीएस की डिग्री प्राप्त की और मणिपाल में केएमसी में बाल चिकित्सा में एमडी किया। वह शहर के कई संगठनों से जुड़े रहे हैं। वह 2023 के विधानसभा चुनावों से पहले शिवमोग्गा विधानसभा सीट के लिए चुनाव लड़ने का मौका पाने की उम्मीद में भाजपा में शामिल हो गए। हालाँकि, पार्टी ने एस.एन.चन्नाबसप्पा को मैदान में उतारा, जो जीते। पार्टी द्वारा टिकट की घोषणा के तुरंत बाद, सरजी के निजी कार्यालय ने उनकी व्यक्तिगत जानकारी मीडिया के साथ साझा की।

# आतंकवाद के खिलाफ एनआईए की सघन छापामारी

## डिजिटल उपकरण और आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद

**जम्मू, 12 मई (एजेंसियां)।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने क्षेत्र में आतंक फैलाने की पाकिस्तान समर्थित साजिश के सम्बन्ध में जम्मू प्रांत में छह स्थानों पर तलाशी ली। तलाशी में हाइब्रिड आतंकवादियों, ओवरग्राउंड वर्कर्स (ओजीडब्ल्यू), नवगठित शाखाओं और प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों के सहयोगियों से जुड़े समर्थकों और कैडरों से जुड़े परिसरों से डिजिटल उपकरणों और दस्तावेजों सहित आपत्तिजनक सामग्री जब्त की गई है।



एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि जम्मू और कश्मीर में स्टिकी बम, आईईडी और छोटे हथियारों आदि के साथ हिंसक हमले करने के लिए प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों और उनकी शाखाओं द्वारा साजिश से संबंधित एक मामले में एनआईए टीमों द्वारा जम्मू संभाग के डोडा, रामबन और किश्तवाड़ जिलों में व्यापक तलाशी ली गई। इसमें कहा गया है कि तलाशी में हाइब्रिड आतंकवादियों, ओवरग्राउंड वर्कर्स (ओजीडब्ल्यू), नवगठित शाखाओं और प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों के सहयोगियों से जुड़े समर्थकों और कैडरों से जुड़े परिसरों से डिजिटल उपकरणों और दस्तावेजों सहित आपत्तिजनक सामग्री जब्त की गई।

एनआईए द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि इनमें लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी), जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम), हिज्ब-उल-मुजाहिदीन (एचएम), अल-बद्र और अल-कायदा आदि शामिल हैं। एनआईए ने 21 जून, 2022 को इन संगठनों के साथ-साथ द रेसिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ), यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट जम्मू एंड कश्मीर (यूएलएफजेएंडके), मुजाहिदीन गज़वत-उल-हिंद (एमजीएच), जम्मू और कश्मीर फ्रीडम फाइटर्स (जेकेएफएफ), कश्मीर टाइगर्स, पीएएफ और अन्य जैसे उनके नए लॉन्च किए गए आतंकी नेटवर्क को नष्ट करने के लिए मामला दर्ज किया था।

मामले की जांच के तहत एनआईए हाल के महीनों में विभिन्न स्थानों पर छापेमारी कर रही है। बयान में कहा गया कि आज की तलाशी का उद्देश्य जम्मू प्रांत में आतंकी नेटवर्क को खत्म करना और स्थानीय युवाओं को कट्टरपंथी बनाकर और जमीनी कार्यकर्ताओं को संगठित करके जम्मू-कश्मीर में शांति और सांप्रदायिक सद्भाव को बिगाड़ने की प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों की साजिश को विफल करना है।

# दिल्ली दंगे के सरगना की स्पेशल लीव पिटिशन खारिज

**नई दिल्ली, 12 मई (एजेंसियां)।** वर्ष 2020 के हिंदू विरोधी दंगा के अभियुक्त सलीम मलिक उर्फ मुन्ना की विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दी। दिल्ली हाईकोर्ट ने भी 22 अप्रैल 2024 को सलीम मलिक को जमानत देने से इन्कार कर दिया था। कोर्ट ने कहा था कि मलिक दिल्ली में हिंसा फैलाने और दिल्ली को जला डालने की योजना में शामिल था। अदालत ने रेखांकित किया कि यह राष्ट्र विरोधी हरकत किसी भी कीमत पर स्वीकार्य नहीं है। जस्टिस सुरेश कुमार कैत और जस्टिस मनोज जैन की खंडपीठ ने 22 अप्रैल के आदेश में कहा था कि सलीम मलिक और अन्य लोगों ने दंगे के लिए धन इकट्ठा करने, हथियारों की व्यवस्था करने, हत्या के लिए पेट्रोल बम खरीदने, हिंदुओं की सम्पत्ति फूंकने विभिन्न स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरे नष्ट करने की योजना बनाई थी।




दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा था, मौजूदा मामले में रिकॉर्ड पर पर्याप्त सामग्री है जो स्पष्ट रूप से इंगित करती है कि अपीलकर्ता साजिश में शामिल था और उसने संगीन अपराध किया है। इसके लिए उसके खिलाफ आरोपपत्र दायर किया गया है। उच्च न्यायालय ने कहा, मामले के गुण-दोष पर अभिव्यक्ति और आरोपों पर फैसला करते समय निचली अदालत किसी भी तरह से ऊपर की गई किसी भी टिप्पणी से प्रभावित नहीं होगी। मलिक को 25 जून 2020 को दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार किया था। उस पर भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की कई धाराओं के साथ-साथ गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया था।

इस मामले में उसने सुप्रीम कोर्ट में स्पेशल लीव पिटिशन दाखिल की थी, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने सलीम मलिक को कोई भी राहत देने से इन्कार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने पाया कि सलीम दिल्ली दंगे की हिंसा में शामिल था और अन्य लोगों को हिंसा के लिए उकसा रहा था। इन्हीं लोगों ने सरकारी और गैर-सरकारी कर्मियों पर लाठी, डंडों और पत्थरों से हमला किया था और सम्पत्ति को भी बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचाया था।

सलीम मलिक ने सीएए (नागरिकता संशोधन अधिनियम) के खिलाफ प्रदर्शन तेज करने के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की दिल्ली यात्रा के दौरान ट्रैफिक रोकने और तोड़फोड़ करने की प्लानिंग की थी। सलीम खान, सलमान सिद्दीकी, ताहिर हुसैन, उमर खालिद सब एक ही थैली के चट्टेबट्टे हैं। सलीम मलिक, उमर खालिद और कई अन्य को फरवरी 2020 में हुए दंगों का मास्टरमाइंड करार दिया गया था।

# नेकां-पीडीपी ने जम्मू-कश्मीर में गुर्जर, कश्मीरी और पहाड़ी समुदायों में विभाजन को बढ़ाया: आजाद

**श्रीनगर, 12 मई (एजेंसियां)।** डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी (डीपीएपी) के अध्यक्ष गुलाम नबी आजाद ने रविवार को जम्मू-कश्मीर में गुज्जर, कश्मीरी और पहाड़ी समुदायों में विभाजन को बढ़ावा देने के लिए नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की आलोचना की। श्री आजाद ने रविवार को दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले में रोड शो को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी अपनी साझा विरासत और धर्म के बावजूद गुर्जर, कश्मीरी और पहाड़ी के बीच विभाजन को बढ़ा रहे हैं।



आजाद ने गुर्जर, कश्मीरी और पहाड़ी समुदायों के बीच एकजुटता के महत्व पर बल दिया और मुसलमानों और हिंदुओं के बीच ऐतिहासिक विभाजन के साथ समानता को देखते हुए कश्मीरियों को जातीय आधार पर अलग करने वाली विभाजनकारी रणनीति की निंदा की। उन्होंने मतदाताओं से एकता को बढ़ावा देने और भेदभाव को खारिज करने के लिए प्रतिबद्ध पार्टी का समर्थन करने का आग्रह किया। आजाद ने कश्मीरियों और गैर-कश्मीरियों के बीच कलह का बीज बोने वालों द्वारा लोगों के शोषण के प्रति आगाह किया और सभी समुदायों के लिए न्याय सुनिश्चित करने का संकल्प लिया।

जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा मुझे यह देखकर बहुत दुख हुआ कि कैसे उन्होंने शुरुआत में लोगों को धर्म के आधार पर विभाजित किया, हिंदुओं और मुसलमानों के बीच कलह को बढ़ावा दिया और अब, वे उसी विश्वास वाले समुदायों को और ज्यादा खंडित कर रहे हैं। वे इन लोगों के सबसे बड़े विरोधी बन गए हैं। अगर वे वास्तव में परवाह करते हैं, तो वे सभी समुदायों को एकजुट करेंगे और जाति या पंथ की परवाह किए बिना सभी की भलाई को प्राथमिकता देंगे।

उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान, मैंने किसी के खिलाफ भेदभाव नहीं किया, चाहे वह हिंदू हो या मुस्लिम, पहाड़ी, गुर्जर या कश्मीरी। मेरा दिल यह देखकर टूट जाता है कि ये पार्टियां विकास के प्रयासों में विफल रही हैं और लोगों को बांटने का सहारा ले रही हैं। आजाद ने लोगों की चिंताओं को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

आजाद ने निर्दोष मतदाताओं के शोषण पर निराशा व्यक्त की, जो नेताओं पर भरोसा करते हैं और बाद में निराश हो जाते हैं। उन्होंने दक्षिण कश्मीर में सीटों पर चुनाव लड़ने के लिए अन्य जिलों से उम्मीदवारों को लाने की आवश्यकता पर सवाल उठाया।

# डीमैट खाता रखने में लद्दाखी अव्वल

**सुरेश एस डुग्गर**
**जम्मू, 12 मई।**

आपको यह जानकार हैरानी होगी की लद्दाख में न सिर्फ शेयर बाजार में निवेश करने की गति तेज है बल्कि वर्तमान में अधिकतम डीमैट खाते रखने के मामले में भी लद्दाखी भारत में शीर्ष पर हैं।

भारतीय स्टॉक एक्सचेंजों पर प्रतिभूतियों को खरीदने और बेचने के लिए एक डीमैट खाते की आवश्यकता होती है।

बीएसई के अनुसार, तिमाही और वार्षिक आधार पर ग्राहकों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि के साथ, लद्दाख ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के बीच ग्राहक वृद्धि में अन्य सभी को पीछे छोड़ दिया है।

निवेश गतिविधि में यह अभूतपूर्व उछाल क्षेत्र में वित्तीय बाजारों के लिए बढ़ती भूख का संकेत देता है।

मिलने वाली जानकारी के अनुसार, 22 अप्रैल को, लद्दाख में ग्राहकों की संख्या में 375.77 प्रतिशत की आश्चर्यजनक वार्षिक वृद्धि देखी गई।




लद्दाख के लिए बीएसई का कुल ग्राहक आधार अब 1,551 है। इसके बाद मिजोरम का स्थान है, जहां साल-दर-साल 76.19 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जिसमें 11,022 ग्राहक जुड़े हैं, और लक्षद्वीप में 57.81 प्रतिशत की साल-दर-साल वृद्धि हुई है, जहां 885 ग्राहक जुड़े हैं।

इसके अलावा, जम्मू और कश्मीर में कुल 8,06,090 सक्रिय डीमैट खाता धारक हैं। यह 8 अप्रैल, 2023 से 8 अप्रैल, 2024 तक पिछले एक साल की अवधि में 50.34 प्रतिशत की महत्वपूर्ण वृद्धि दर्शाता है, इस दौरान 2,69,924 नए डीमैट खाते खोले गए।

विशेषज्ञ डीमैट खातों में वृद्धि का श्रेय युवा पीढ़ी और बढ़ते मध्यम वर्ग की मानसिकता और आकांक्षाओं में आमूल-चूल बदलाव को देते हैं। विशेषज्ञ कहते थे कि डिजिटल प्रौद्योगिकी के उपयोग से संभव हुए ऑनलाइन निवेश में टियर 2 और टियर 3 के विकल्पों की उपलब्धता के कारण, शहर अब महानगरीय और प्रमुख शहरों के अलावा मांग पैदा कर रहे हैं। कश्मीर के बीएसई विशेषज्ञ सयार अहमद भट कहते हैं कि परंपरागत रूप से, भारतीय अपनी अतिरिक्त नकदी सोने और बैंक खातों में रखते हैं, जो धन संचय करने का पारंपरिक तरीका है। नए डीमैट खाते खोलना मुख्य रूप से अर्थव्यवस्था के विकास के कारण एक विकल्प के रूप में शेयर बाजार की अपील से प्रेरित है। उन्होंने कहा कि बढ़ती जागरूकता, निवेश में आसानी और फिनटेक प्लेटफॉर्म के माध्यम से डीमैट खाता खोलने की लगभग शून्य लागत के साथ शेयर बाजार की मजबूत वृद्धि पूरे भारत में डीमैट टैली में वृद्धि के प्रमुख चालकों में से एक रही है।

# दलितों, पिछड़ों का आरक्षण छीनकर मुसलमानों को देना चाहती है कांग्रेस: सिंह

**शिमला, 12 मई (एजेंसियां)।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह ने रविवार को कांग्रेस पर आरोप लगाया कि उसका एजेंडा दलितों, आदिवासियों और पिछड़ों का आरक्षण छीनकर मुसलमानों को देना है। श्री सिंह ने कांग्रेस पर वोट बैंक, धर्म और जाति की राजनीति करने का भी आरोप लगाया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सभी के विकास पर ध्यान केंद्रित करते हुए देश में राजनीति की परिभाषा और संस्कृति को बदल दिया है। उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर भगवान राम विरोधी एवं सनातन धर्म विरोधी होने और राष्ट्र विरोधियों का साथ देने का भी आरोप लगाया।



श्री सिंह हिमाचल के शिमला लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी उम्मीदवार सुरेश कश्यप के समर्थन एक रैली को संबोधित कर रहे थे। वहां एक जून को मतदान होना है। भाजपा प्रत्याशी सुरेश कश्यप ने कहा कि इस लोकसभा चुनावो में प्रदेश में भकला चारों सीटों जीत कर कमल खिलाएंगे और केंद्र में हम एक बार फिर मोदी सरकार बनाएंगे। पीएम मोदी दुनिया के सबसे लोक प्रिय नेता है और कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक एक ही आवाज एक ही नारा चल रहा है फिर एक बार मोदी सरकार।

उन्होंने कहा की पिछले 10 वर्षों में श्री मोदी ने देश एक नई राह दिखाई है, पीएम ने देश को दुनिया का सबसे शक्तिशाली देश बनाया है। श्री मोदी ने देश को मजबूत बनाते हुए नारी शक्ति, युवा, किशन, वरिष्ठ नागिरी और सभी वर्गो को नई बुलंदियों पर पहुंचने का काम किया है। भारत में पिछले 10 वर्षों में एतिहासिक काम हुए है जिसे 370 का समाप्त करना, तीन तल्लाख हटाना, राम मंदिर का निर्माण करना, सीएए लागू करना, यह केवल एक बड़ी इच्छा सख्ती वाला नेता ही पूरा कर सकता था और वह है श्री नरेंद्र मोदी।

उन्होंने कहा की भारत में एक ठग बंधन और इंडी गठ बंधन काम कर रहा है, हम दावे के साथ कह सकते है की कांग्रेस के पास प्रधानमंत्री का प्रत्याशी नहीं है और अपने कार्यकाल में इन्होंने केवल देश को लूटा का काम किया है। इस बात कांग्रेस पार्टी की प्रदेश और देश से छुट्टी होना तय है। केंद्रीय मंत्री अजय भट्ट के कहा की भाजपा का एक एक कार्यकर्ता घर घर जाकर श्री मोदी की 10 साल के उपलब्धियों को घर-घर पहुंचाएगा और एक बार फिर मोदी जी को देश का प्रधानमंत्री बनाएगा।

# हार का ठीकरा ईवीएम पर फोड़ने की तैयारी में कांग्रेस: अनुराग

**हमीरपुर, 12 मई (एजेंसियां)।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने रविवार को कहा कि आम चुनावों में कांग्रेस की हार निश्चित है और कांग्रेस इस हार का ठीकरा ईवीएम पर फोड़ने की तैयारी कर रही है। श्री ठाकुर ने अपने संसदीय क्षेत्र में आज हमीरपुर में आधा दर्जन से ज़्यादा जनसभाएँ और बैठकों के दौरान कहा हिमाचल में भाजपा हिमाचल में सभी चार की चार तथा देश में 400 सीटें जीतेगी।



श्री ठाकुर ने कहा, कांग्रेस और उसके सहयोगी दल पक्की हार देखकर यह लोग पहले से ही अपनी हार का ठीकरा फोड़ने के बहाने ढूढ़ रहे हैं।

ईवीएम पर हार का ठीकरा फोड़ने की तैयारी इनके ख़ेमे में की जा रही है। जमीनों पर कब्जे करने वाले ऐसे लोगों की आज खुद को राजनीतिक जमीन खिसक चुकी है इसीलिए यह कभी पाकिस्तान के समर्थन में बयानबाजी कर रहे हैं। यह लोग आज कह रहे हैं कि पाकिस्तान के पास एटम बम है। शायद भूल गए हैं कि भारत ने 1965, 1971 और कारगिल के युद्ध में पाकिस्तान को धूल चटाई है। आज हम आतंकियों को उनके घर में घुसकर मारते हैं।

भाजपा नेता ने कहा, आज हमारे प्रभु श्री राम भारतीय जनता पार्टी के विश्वसनीयता के प्रतीक हैं। जब हम जय श्री राम बोलते हैं तो उससे पता चलता है कि चाहे कितनी भी विकट राजनीतिक परिस्थितियां रहीं, हमने प्रभु श्री राम को कभी नहीं छोड़ा। आज मोदी जी के कार्यकाल में अयोध्या धाम में भव्य राम मंदिर बन चुका है। इससे पता चलता है कि हम जो कहते हैं वह करते हैं। हमने ट्रिपल तलाक हटाया, कश्मीर से धारा 370 हटाई और सीएए लागू किया। आज उत्तराखंड में यूनिफॉर्म सिविल कोड भी लागू हो चुका है और अन्य राज्य भी इस दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। मोदी की गारंटी यानी गारंटी पूरा होने की गारंटी है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार विकास और विरासत दोनों को साथ लेकर चल रही है वहीं कांग्रेस और विपक्षी दल रात- दिन सनातन के विरोध में खड़े हैं। इनके लिए तुष्टिकरण और वोट बैंक पॉलिटिक्स सबसे अहम है।

श्री ठाकुर ने कहा, मोदी सरकार ने देश का चहुमुखी विकास सुनिश्चित किया क्योंकि देश की जनता ने मोदी को मौका दिया। मोदी सरकार की हैट्रिक होगी तो देश विश्व की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक ताकत बनेगा। विपक्ष का काम है लोगों को गुमराह करना मगर आज आंकड़े बताते हैं कि रोजगार बढ़ा है और बेरोजगारी दर घटी है। वर्ष 2018 से लेकर 2024 तक ईपीएफओ में 7 करोड़ 60 लाख लोग इनरोल हुए हैं। यानी इतने लोगों को फॉर्मल सेक्टर में रोजगार मिला है और ऐसा तब हुआ है जब इसमें लगभग दो वर्ष कोविड के कारण अस्त व्यस्त रहे। इसके अलावा लगभग 30 करोड़ ई-श्रम कार्ड बनाए गए हैं। मुद्रा योजना के अंतर्गत 41 लाख ऋण दिए गए जिससे लोगों को अपने पैरों पर खड़ा होने का मौका मिला।

उन्होंने कहा कि इसके अलावा मात्र इसी साल एक करोड़ 44 लाख लोगों को रोजगार मिला है। 10 लाख लोगों को मोदी सरकार ने पिछले वर्ष हीं सरकारी नौकरी दी है।

इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि बेरोजगारी दर लगातार गिर रही है और हम अभी भी इसे और काम करने के लिए प्रयासरत हैं। आज से 2 वर्ष पहले जीएसटी कलेक्शन 90 हजार करोड़ की थी, आज 2 लाख 14 हजार करोड़ है। इससे पता चलता है कि हमारा व्यापार बढ़ा है और अगर व्यापार बढ़ा है तो क्या रोजगार नहीं बढ़ा होगा? इसी प्रकार विदेशी पूंजी निवेश 31 अरब डॉलर से बढ़कर 71 अरब डॉलर हो चुका है। इससे भी रोजगार बढ़े हैं।

# भू-बैकुंठ बदरीनाथ धाम के खुले कपाट, हजारों श्रद्धालु बने साक्षी

**चमोली, 12 मई (एजेंसियां)।** विश्व प्रसिद्ध भगवान श्री बद्रीनाथ मंदिर के कपाट रविवार को शुभ मुहूर्त पर सुबह 6:00 बजे पूरे विधि विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ श्रद्धालुओं के लिए खुल गए। हजारों भक्त इस पावन पल के साक्षी बने। कपाट खुलने के मौके पर पहले दिन विशेष पूजा अर्चना की गई। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कपाट खुलने के शुभ अवसर पर समस्त श्रद्धालुओं को बधाई दी है।



बदरीनाथ धाम में ब्रह्म बेला पर सुबह चार बजे से कपाट खुलने की प्रक्रिया शुरू हुई। हल्की बारिश के बीच आर्मी बैंड एवं ढोल नगाडो की मधुर धुन और स्थानीय महिलाओं के पारम्परिक संगीत और नृत्य के साथ भगवान बद्री विशाल की स्तुति ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। धार्मिक परंपराओं के निर्वहन के साथ कुबेर जी, श्री उद्धव जी एवं गाडू घडा दक्षिण द्वार से मंदिर में परिसर में लाया गया। इसके बाद मंदिर के मुख्य पुजारी रावल समेत धर्माधिकारी, हक हकूकधारी एवं श्री बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के पदाधिकारियों द्वारा प्रशासन एवं हजारों श्रद्धालुओं की मौजूदगी में विधि विधान के साथ मंदिर के कपाट खोले गए।

मुख्य पुजारी वीसी ईश्वर प्रसाद नंबूदरी ने गर्भगृह में भगवान बद्रीनाथ की विशेष पूजा-अर्चना करते हुए सबके लिए मंगलमय की कामना की। इसके साथ ही ग्रीष्मकाल के लिए बद्रीनाथ के दर्शन शुरू हो गए है। पहले दिन ही हजारों श्रद्धालुओं ने बद्रीनाथ में अखण्ड ज्योति एवं भगवान श्री बद्रीनाथ के दर्शनों का पुण्य अर्जित किया। कपाटोद्घाटन के अवसर पर बद्रीनाथ मंदिर को 15 कुंतल फूलों से सजाया गया था।

कपाट खुलने के एक दिन पूर्व से ही बद्रीनाथ धाम में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी थी। गंगोत्री, यमुनोत्री, केदारनाथ एवं बद्रीनाथ धाम के कपाट खुलने के साथ ही उत्तराखंड में चारधाम यात्रा का पूरी तरह से आगाज हो गया है।

कपाट खुलने के अवसर पर श्री बद्रीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेन्द्र अजय, जिलाधिकारी हिमांशु खुराना, पुलिस अधीक्षक सर्वेश कुमार, सीडीओ अभिनव शाह, बीकेटीसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी योगेन्द्र सिंह, उपाध्यक्ष किशोर पंवार, धर्माधिकारी राधा कृष्ण थपलियाल, एसडीएम चंद्रशेखर बशिष्ठ, ईओ सुनील पुरोहित सहित मंदिर समिति के अन्य पदाधिकारी, सदस्य, हक हकूकधारी एवं बडी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे। बद्रीनाथ मंदिर के कपाट खुलने के साथ ही भू-वैकुण्ठ धाम के आसपास तप्तकुण्ड, नारद कुण्ड, शेषनेत्र झील, नीलकंठ शिखर, उर्वशी मन्दिर, ब्रह्म कपाल, माता मूर्ति मन्दिर तथा देश के प्रथम गांव माणा, भीमपुल, वसुधारा जलप्रपात एवं अन्य ऐतिहासिक व दार्शनिक स्थलों पर भी श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों की भीड़ जुटने लगी है।

शुभ लाभ — खबरें जो सोच बदल दे

# राम द्रोहियों को है राम मंदिर से बैर: योगी

## मंच पर नहीं मिली बृजभूषण शरण सिंह को जगह



**बहराइच, 12 मई (एजेंसियां)।** कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र के पयागपुर विधानसभा में उमड़ी भीड़ को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि यह पूरा चुनाव राम भक्तों और राम द्रोहियों के बीच का हो गया है। जो राम भक्त है वही भारत में शासन करेगा। क्या रामद्रोही कभी विजय हुआ है? रामद्रोही विजय होते तो हम लोग रावण की पूजा करते, कुंभकरण और मेघनाथ की पूजा करते।

अयोध्या में अब 500 वर्षों का इंतजार समाप्त हो गया है। हम 84 कोसी परिक्रमा मार्ग को फोरलेन बनाने जा रहे हैं। जिसका सभी को लाभ मिलेगा। जो काम भारत में अयोध्या में हुआ वह दुनिया के अंदर कहीं नहीं हुआ है। यह कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के लोग तो मानते थे के अयोध्या में राम मंदिर कभी बन नहीं सकता। इसीलिए बहकाने के लिए सपा के लोग कहते थे कि परिंदा भी यहां पर नहीं मार सकता।

सीएम योगी ने कहा कि राम मंदिर बनने से दो ही लोग नाराज हैं या तो राम द्रोही या तो पाकिस्तान। बाकी पूरा हिंदुस्तान कह रहा है कि जो राम को लाए हैं हम उनको लाएंगे। बहराइच में खानदानी राम भक्त हैं। यह वही भूमि है जिस भूमि ने सोमनाथ मंदिर के गुनहगार सालार मसूद को जहन्नुम में पहुंचाकर सोहेलदेव महाराज ने भारत के धर्म की रक्षा की थी। हम लोगों ने स्मारक भव्य बनाया है लेकिन ,समाजवादी ,कांग्रेस ने कभी स्मारक पर फूल तक नहीं चढ़ाया। यह लोग दरगाह में तो जाएंगे लेकिन महाराजा सुहेलदेव के स्मारक पर कभी नहीं जाएंगे। क्योंकि इनको डर है कि अगर वहां जाएंगे तो कहीं मुस्लिम वोट ना खिसक जाए।

यह लोग हिंदुओं को बांटना चाहते हैं। पहले उन्होंने जाति के नाम बांटा फिर क्षेत्र और भाषा के नाम बांटा और आपकी प्रॉपर्टी पर भी इन लोगों की नजर हैं।

कांग्रेस ने कहा है कि सत्ता में आएंगे तो कांग्रेस और सपा का गठबंधन वरासत टैक्स लगाएंगे। वरासत टैक्स का मतलब आपके बाप दादा ने जो कमाया है उस संपत्ति में से आधी संपत्ति यह लोग जबरन समाजवादी पार्टी के गुंडे या फिर कांग्रेस के गुंडे हड़पने का काम करेंगे। क्या आप इसको स्वीकार करेंगे? भारतीय जनता पार्टी इस प्रकार की डकैती कभी स्वीकार नहीं करेगी। कहा जा रहा हम आएंगे तो जातीय जनगणना करेंगे। जाति जनगणना क्यों करेंगे? यह इसलिए करेंगे कि हिंदुओं को आपस में लड़ा दे और फिर आपस में लड़ने के बाद हिंदुओं के आरक्षण का अधिकार मुसलमान को दे देंगे।

कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र में रविवार को सीएम योगी आदित्यनाथ ने पयागपुर विधानसभा क्षेत्र में चुनावी रैली को संबोधित किया। इस दौरान यहां के प्रत्याशी करण भूषण सिंह उनके साथ मौजूद रहे।

लेकिन भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने योगी के मंच पर नजर नहीं आए।

बता दें कि अभी कुछ दिन पहले बृजभूषण शरण सिंह ने सिर्फ पीएम मोदी को ही अपना नेता बताया था। उनके मंच पर न शामिल होना क्षेत्र में चर्चा का विषय भी बना हुआ है।

# भाजपा प्रत्याशी कौशल किशोर के समर्थन में जुटे राजेश यादव





**लखनऊ, 12 मई (एजेंसियां)।** केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा प्रत्याशी कौशल किशोर के समर्थन में उनके संसदीय क्षेत्र मो-हनलालगंज (लखनऊ) में जनसम्पर्क अभियान में प्रमुख समाजसेवी राजेश यादव उर्फ लल्लू यादव अपनी पूरी टीम के साथ लगे हुए हैं। प्रचार के दौरान वोटर लिस्ट अपने हाथ में लेकर वह इस बात की तस्दीक करते हैं कि कहीं किसी पात्र वोटर का नाम मतदाता सूची से कटा या गायब तो नहीं है। वह लोगों से मिलकर कौशल किशोर को वोट देने की अपील भी करते हैं और क्षेत्र में हुए विकास कार्यों का उल्लेख भी करते हैं। चुनाव प्रचार के दौरान वह क्षेत्रीय लोगों के साथ बैठकर केंद्रीय मंत्री और भाजपा प्रत्याशी की उपलब्धियां भी मतदाताओं को बताते हैं।

# सीएम योगी ने काशी विश्वनाथ धाम में किया दर्शन-पूजन



**वाराणसी, 12 मई (एजेंसियां)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार की सुबह श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर और काल भैरव मंदिर में दर्शन-पूजन किया। इस दौरान उन्होंने बाबा विश्वनाथ का विधि-विधान से दर्शन-पूजन व जलाभिषेक किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो और नामांकन के क्रम में सीएम योगी काशी में हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को चुनाव प्रचार के लिए निकलने से पहले काशी कोतवाल बाबा काल भैरव और श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में पूजन-अर्चन कर आशीर्वाद लिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का रविवार को काशी दौरे का दूसरा दिन था। शनिवार की शाम केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दशाश्वमेध घाट पर मां गंगा की आरती में शामिल हुए। इसके बाद दोनों नेताओं ने देर रात तक बैठक कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के काशी से नामांकन और रोड शो की तैयारियों को अंतिम रूप देते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं को बूथ जीतने का भी मंत्र दिया।

मान्यता है कि रविवार के दिन काशी कोतवाल काल भैरव के दर्शन से विशेष फल मिलता है। रविवार को काशी से चुनाव प्रचार के लिए कई जनपदों में जाने से पहले गोरक्षपीठाधीश्वर महंत योगी आदित्यनाथ ने दिन की शुरुआत काल भैरव के मंदिर में दर्शन से की। इसके बाद वे देवाधिदेव बाबा विश्वनाथ का आशीर्वाद लेने श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर पहुंचे। गोरक्षपीठाधीश्वर महंत योगी आदित्यनाथ ने बाबा के दरबार में शीश नवाया और वैदिक परंपरा से पूजन किया। सीएम ने दोनों स्थानों पर विधि-विधान से पूजन-आरती कर समृद्ध यूपी के साथ-साथ भाजपा की जीत का भी आशीर्वाद मांगा। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश के साथ-साथ देश के कई राज्यों में बतौर भाजपा के स्टार प्रचारक के रूप में जनसभाओं व रोड शो के माध्यम से प्रचार कर रहे हैं।

# सपा से भाजपा में आए मनोज पांडेय के घर पहुंचे अमित शाह



**रायबरेली, 12 मई (एजेंसियां)।** जैसे-जैसे चुनाव की तारीख नजदीक आ रही है, वैसे-वैसे देश की हाईप्रोफाइल मानी जाने वाली रायबरेली सीट पर सियासी घमासान तेज होता जा रहा है। साथ ही वोट बैंक साधने की बिसात भी बिछाई जा रही हैं। रविवार को गृहमंत्री अमित शाह जब गांधी परिवार के गढ़ पहुंचे तो पार्टी की सियासी पिच को मजबूत करते दिखे। यही वजह रही कि चुनावी जनसभा को संबोधित करने के बाद वह पूर्व मंत्री एवं ऊंचाहार विधायक डॉ. मनोज कुमार पांडेय के घर पहुंच गए। इस दौरान उन्होंने पूर्व मंत्री एवं उनके परिवार के सदस्यों से मुलाकात की और उनसे भाजपा प्रत्याशी का सपोर्ट करने की बात कही।

गृहमंत्री की यह सियासी मजबूरी ऐसे ही नहीं थी। वह जानते हैं कि जिले की सियासत की चुनावी पिच में ब्राह्मण वोट बैंक क्या रोल अब तक निभाता आया है। करीब 11 फीसदी ब्राह्मण वोटर चुनाव जीत में अहम भूमिका निभाता रहा है। दरअसल, जिले में इस बात की अफवाह फैल रही थी कि पूर्व मंत्री का बेटा जरूर भाजपा में शामिल हो गया है, लेकिन वह भाजपा का सपोर्ट नहीं कर रहे हैं। इस वजह से पार्टी कमजोर है। यदि ब्राह्मण वोटर का झुकाव पार्टी की तरफ हो जाए तो गांधी परिवार के गढ़ में भाजपा पहले की तुलना में और मजबूत हो जाएगी।

सियासत के माहिर गृहमंत्री अमित शाह जब रायबरेली पहुंचे तो उन्होंने एक नया संदेश देने की कोशिश की। भाजपा प्रत्याशी एवं प्रदेश के राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह के साथ वह पूर्व मंत्री के घर पहुंचकर बता दिया कि मनोज पांडेय पार्टी का सपोर्ट कर रहे हैं। बेवजह की अफवाह फैलाई जा रही है। इस दौरान उन्होंने पूर्व मंत्री के घर पर चाय पी। वह करीब आधा घंटे तक रहे। पूर्व मंत्री ने गृह मंत्री को विश्वास दिलाया कि वह पार्टी का सपोर्ट करेंगे। रायबरेली में इस बार कमल जरूर खिलेगा।

मालूम हो कि मनोज पांडेय आज जीआईसी मैदान में हुई अमित शाह की रैली में शामिल नहीं हुए थे। इसके पहले वह भाजपा प्रत्याशी दिनेश सिंह के नामांकन में भी नहीं आए थे। उनके न आने से यह अटकलें लगनी शुरू हो गईं थीं कि मनोज पांडेय भाजपा में आ जरूर गए हैं लेकिन वह दिनेश सिंह के साथ नहीं हैं। भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह के नामांकन भरने से पहले प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने पूर्व मंत्री मनोज कुमार पांडेय के घर पहुंचकर उनसे मुलाकात की थी। इस दौरान डिप्टी सीएम, भाजपा प्रत्याशी और पूर्व मंत्री के बीच चुनाव को लेकर चर्चा हुई थी। डिप्टी सीएम ने भाजपा प्रत्याशी का सपोर्ट करने की बात कही थी। नामांकन वाले दिन ही पूर्व मंत्री के बेटे ने भाजपा भी ज्वाइन की थी।

# शंखनाद, डमरुओं की निनाद और मंत्रोच्चार संग पीएम मोदी निकालेंगे रोड शो

## बीएचयू के सिंह द्वार पर पंडित मदन मोहन मालवीय की मूर्ति पर माल्यार्पण से शुरू होगा रोड शो



**वाराणसी, 12 मई (एजेंसियां)।** शंखनाद,डमरुओं की निनाद और मंत्रोच्चार के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को काशी की सड़कों पर रोड शो निकालेंगे। इसमें लघु भारत और यूपी की संस्कृतियों की झलक देखने को मिलेगी। 13 मई को शाम काशी हिन्दू विश्विद्यालय के सिंह द्वार से पंडित मदन मोहन मालवीय की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद रोड शो शुरू होगा, जो श्री काशी विश्वनाथ मंदिर पर समाप्त होगा। नरेंद्र मोदी बाबा विश्वनाथ से आशीर्वाद भी लेने जायेंगे। रोड शो के मार्ग पर काशी की विभूतियों के कटआउट भी लगाए जाएंगे। साथ ही काशी की पहले और नई तस्वीर भी दिखाई देगी। रोड शो में पांच हज़ार से अधिक मातृशक्तियां भी पैदल यात्रा करेंगी। रोड शो में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी शामिल होंगे।

काशी में मोदी का रोड शो देश के अन्य रोड शो से बिल्कुल जुदा होगा। अभी तक नरेंद्र मोदी दूसरों के लिए वोट मांगते आये हैं ,लेकिन काशी में वे अपने लिए मतदात-ाओं से वोट मांगेंगे। नरेंद्र मोदी अपने रोड शो में शामिल होने के लिए काशीवासियों के घर-घर निमंत्रण भेज रहे हैं। महामना से महादेव के दरबार तक की इस यात्रा में काशी अपनी पहचान के अनुरूप अपने सांसद का स्वागत करेगी। इसके लिए भाजपा ने ऐसी रणनीति बनाई है, जो पहले किसी रोड शो में नहीं दिखी होगी। रोड शो के दौरान लगभग 5 किलोमीटर की यात्रा 5 सालों की काशी के विकास यात्रा का रोड मैप तैयार करेगी।


पूर्व सांसद से लेकर विधायक, एमएलसी और मंत्री सभी अपने सांसद का स्वागत करेंगे। रोड शो में देश के लगभग हर प्रांत के लोग अपनी संस्कृति और परंपरा के अनुसार स्वागत करेंगे। रोड शो के दौरान मिनी इंडिया की झलक के साथ उत्तर प्रदेश की संस्कृति भी देखने को मिलेगी। 11 बीट के अन्तर्गत 10-10 प्वाइंट यानि लगभग 100 प्वाइंट बनाए गए हैं, जिन पर मराठी, गुजराती, बंगाली, माहेश्वरी, मारवाड़ी, तमिल, पंजाबी आदि समाज के लोग अपनी परंपरागत वेशभूषा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का स्वागत करेंगे। इन प्वाइंट पर फूलों की बरसात की जाएगी। ढोल-नगाड़े बजाए जाएंगे। शहनाई, शंखनाद, डमरू दल के साथ काशी की जनता प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत करेगी। इसके साथ ही जगह जगह सांस्कृतिक कार्यक्रम, लोकनृत्य, लोकगीत गाते हुए बनारस के कलाकार व वैदिक मंत्रोच्चार करते हुए बटुक पीएम मोदी का स्वागत करेंगे। पीएम मोदी का स्वागत करने के लिए मुस्लिम समाज के लोग भी आगे आ रहे हैं। भारतरत्न उस्ताद बिस्मिल्लाह के परिवार के सदस्य मदनपुरा के पास शहनाई वादन से नरेंद्र मोदी का स्वागत करेंगे। मदनपुरा में ही पूर्व सांसद राजेश मिश्रा के नेतृत्व में मुस्लिम लोग पुष्प वर्षा करेंगे। रोड शो में प्रधानमंत्री का अपनी माँ की पैर छूते हुए तस्वीर भी दिखाई देगी।

रोड शो के मार्ग पर काशी की विभूतियों की तस्वीर भी कई स्थानों पर देखने को मिलेगी। इनमें वे लोग होंगे, जिनकी कर्म या जन्मभूमि काशी रही है। इसमें काशी नरेश, पंडित मदन मोहन मालवीय, बिस्मिल्लाह खां, पंडित किशन महाराज, तु-लसीदास, कबीर दास, संत रैदास आदि लोगों की तस्वीर होगी। रोड शो के रास्ते पर कुछ स्थानों पर काशी के विकास की नई तस्वीर के साथ पुरानी तस्वीर भी दिखाई देगी, जिसमें प्रमुख रूप से काशी विश्वनाथ मंदिर, रेलवे स्टेशन आदि होगा। साथ ही विकास के नए कामों की भी तस्वीर रोड शो में देखने को मिलेगी। इसमें टीएफसी, रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर, कैंसर अस्पताल आदि होगा। रोड शो में 5 हज़ार से अधिक संख्या में मातृशक्ति दिखेंगी, जो पूरे रोड शो में साथ चलेंगी। साथ ही खिलाड़ी भी रहेंगे।

रोड शो के बाद प्रधानमंत्री श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन करके बाबा से भाजपा की ऐतिहासिक जीत के लिए आशीर्वाद लेंगे। रात में बीएलडब्लू में बुद्धिजीवियों के साथ मिलने का भी कार्यक्रम प्रस्तावित है। प्रधानमंत्री 14 मई को काशी कोतवाल बाबा काल भैरव का दर्शन और उनकी अनुमति लेने के बाद नामांकन करेंगे। नामांकन में कई प्रदेशों के मुख्यमंत्री, मंत्री और विशिष्ट लोगों के रहने की संभावना है। इसके बाद अंतर्राष्ट्रीय रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक भी प्रस्तावित है।

# पीएम मोदी के स्वागत के लिए सज रही महादेव की काशी

**वाराणसी, 12 मई (एजेंसियां)।** काशी में 13 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भव्य रोड शो होगा। इसकी तैयारियां अंतिम चरण में हैं। पीएम मोदी के स्वागत के लिए काशी को दुल्हन की तरह सजाया और संवारा जा रहा है। जिस रूट से पीएम मोदी के रोड शो का काफिला गुजरेगा उस रास्ते को भव्य सजाया जा रहा है। इसके साथ ही सुरक्षा व्यवस्था के भी पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।





पीएम मोदी के रोड शो के दौरान मालवीय प्रतिमा लंका से काशी विश्वनाथ धाम तक लघु भारत की झलक दिखेगी। कई राज्यों के लोग पारंपरिक वेशभूषा में रोड शो का स्वागत करेंगे। इसे लेकर चौराहों को सजाया जा रहा है। 13 मई को मालवीय प्रतिमा से लेकर श्री काशी विश्वनाथ धाम तक रोड शो को भव्य बनाने के लिए पार्टी ने पूरी ताकत झोंक दी है। काशी विश्वनाथ धाम को सतरंगी लाइटों से सजाया गया है।

प्रधानमंत्री के रोड शो को लेकर मालवीय चौराहे को झालरों से सजाया गया है। वहीं प्रधानमंत्री के रोड शो के लिए मालवीय प्रतिमा से लेकर काशी विश्वनाथ धाम तक 11 बीट बनाए गए और इन 11 बीट की जिम्मेदारी जनप्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारियों को सौंपी गई है। पीएम मोदी के रोड शो को लेकर सड़क के किनारे भारतीय जनता पार्टी का ध्वज लगाया गया है। इस मार्ग पर शहनाई, शंखनाद, डमरू दल के साथ काशी की जनता प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत करेगी। इसके साथ ही जगह जगह सांस्कृतिक कार्यक्रम, लोक नृत्य, लोकगीत गाते हुए बनारस के कलाकार व वैदिक मंत्रोच्चार करते हुए बटुक पीएम मोदी का स्वागत करेंगे।

प्रधानमंत्री के पांच किलोमीटर के रोड शो के लिए बांस-बल्लियों और स्टील की पाइपों से बैरिकेडिंग किया गया है। लंका से पीएम के रोड शो रूट की सड़कों पर जगह-जगह पैचिंग की गई है। पीएम की नजर जहां तक पहुंच सकती है, उन सभी पॉइंट्स को सजाने का प्रयास किया गया है। लहरतारा-मंडुवाडीह और भिखारीपुर-सुंदरपुर मार्ग पर जगह- जगह सड़कों को दुरुस्त किया गया है।

प्रधानमंत्री मोदी के रोड शो और नामांकन को लेकर नगर निगम की ओर से सड़क के किनारे स्थित पेड़ों की डालियों की छंटाई कराई जा रही है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 14 मई को वार-ाणसी लोकसभा सीट से तीसरी बार नामांकन दाखिल करेंगे। इससे पहले 13 मई को होने वाले पीएम के रोड शो से पूर्व बीएचयू में रविवार को फ्लीट का रिहर्सल किया गया।

# मन से नकारात्मक विचारों को ऐसे करें छूमंतर



अपने आस-पास मौजूद नकारात्मक ऊर्जा को रोकना मुश्किल है, लेकिन यदि सकारात्मक बन जाएं तो नकारात्मक ऊर्जा को आसानी से खत्म कर सकते हैं। इसके लिए कुछ विशेष बातों का ध्यान रखना बेहद जरूरी है।

» **किसी से अधिक अपेक्षा न रखें:** मन मुताबिक दूसरों से काम की अपेक्षा रखना आपको निराश ही करेगा इसलिए लोगों से न्यूनतम अपेक्षाएं रखें।

» **छोटी-छोटी सफलताओं की खुशियां मनाएं:** दिनभर में जो छोटी सफलताएं आपने प्राप्त की हैं उनका जश्न मनाएं। दूसरों के प्रति भी अधिक आलोचना भरा नजरिया न रखें और उनके छोटे-छोटे प्रयासों की सराहना करें।

» **आलोचना से बनाएं दूरी:** नकारात्मक टिप्पणियों, आलोचनात्मक दृष्टिकोण को व्यक्तिगत रूप से न लें। दूसरों की हताशा का असर खुद पर न प?ने दें। दूसरों की हताशा और गुस्से पर अगर आप कोई प्रतिक्रिया नहीं देंगे तो उसका फायदा आपको अपने व्यक्तित्व में दिखाई देगा।

» **रहें छींटाकशी से दूर:** अगर आप किसी ऐसी जगह हैं जहां लोग नकारात्मक टिप्पणियों या छींटाकशी में रस ले रहे हों या फिर दूसरों का उपहास कर रहे हों तो ऐसी जगह और स्थिति से खुद को बाहर निकालना ही ठीक है।

» **न हों प्रतिक्रियाओं पर गंभीर:** नकारात्मक प्रतिक्रियाओं को आपकी राह की बाधा न बनने दें। हमेशा ऐसे लोगों की बातों को भुलाने के लिए खुद को किसी सकारात्मक गतिविधि के साथ जोड़े।

अपने आस-पास मौजूद नकारात्मक ऊर्जा को रोकना मुश्किल है, लेकिन यदि सकारात्मक बन जाएं तो नकारात्मक ऊर्जा को आसानी से खत्म कर सकते हैं। इसके लिए कुछ विशेष बातों का ध्यान रखना बेहद जरूरी है।

» **किसी से अधिक अपेक्षा न रखें:** मन मुताबिक दूसरों से काम की अपेक्षा रखना आपको निराश ही करेगा इसलिए लोगों से न्यूनतम अपेक्षाएं रखें।

» **छोटी-छोटी सफलताओं की खुशियां मनाएं:** दिनभर में जो छोटी सफलताएं आपने प्राप्त की हैं उनका जश्न मनाएं। दूसरों के प्रति भी अधिक आलोचना भरा नजरिया न रखें और उनके छोटे-छोटे प्रयासों की सराहना करें।

» **आलोचना से बनाएं दूरी:** नकारात्मक टिप्पणियों, आलोचनात्मक दृष्टिकोण को व्यक्तिगत रूप से न लें। दूसरों की हताशा का असर खुद पर न प?ने दें। दूसरों की हताशा और गुस्से पर अगर आप कोई प्रतिक्रिया नहीं देंगे तो उसका फायदा आपको अपने व्यक्तित्व में दिखाई देगा।

» **रहें छींटाकशी से दूर:** अगर आप किसी ऐसी जगह हैं जहां लोग नकारात्मक टिप्पणियों या छींटाकशी में रस ले रहे हों या फिर दूसरों का उपहास कर रहे हों तो ऐसी जगह और स्थिति से खुद को बाहर निकालना ही ठीक है।

» **न हों प्रतिक्रियाओं पर गंभीर:** नकारात्मक प्रतिक्रियाओं को आपकी राह की बाधा न बनने दें। हमेशा ऐसे लोगों की बातों को भुलाने के लिए खुद को किसी सकारात्मक गतिविधि के साथ जोड़े।



# शेविंग करने से पहले यह 10 टिप्स पढ़ लें

कई लोगों के लिए शेविंग काफी तकलीफदेह होती है। उन्हें या तो शेविंग करने का सही तरीका नहीं मालूम, या फिर जल्दबाजी में वो खुद को नुकसान पहुंचा लेते हैं। तो आइए हम आपको शेविंग करने के 10 परफेक्ट तरीके बताते हैं।

### 1. सबसे पहले चेहरे को धोएं

शेविंग करने से पहले चेहरे को साफ पानी से धोना चाहिए। कभी भी सीधे शेविंग क्रीम नहीं लगानी चाहिए। चेहरा अगर अच्छी तरह से धुला होगा, तो इसमें खरोंच लगने की स्थिति में इंफेक्शन नहीं होगा।

### 2. दाढ़ी को कैसे बनाएं मुलायम

अगर आप चाहते हैं कि शेविंग करते समय आपकी दाढ़ी मुलायम बनी रहे। तो फेसक्लोथ को गर्म पानी में 30 सेकेंड तक भिगोकर रखें। उसके बाद दाढ़ी पर लगाएं। इससे त्वचा और बालज मुलायम बन रहेंगे।

### 3. कैसे लगाएं शेविंग क्रीम

शेविंग क्रीम को सीधे दाढ़ी पर नहीं लगाना चाहिए। क्रीम को हथेली पर लेकर चेहरे और गले पर अपवर्ड सर्कुलर मोशन में अच्छे से लगाएं। क्रीम हर उस जगह लगनी चाहिए, जहां आप शेविंग करना चाह रहे हैं। गालों पर आंखों के नीचे क्रीम न लगाएं।

### 4. दाढ़ी के ऊपरी हिस्से की शेविंग

शेविंग करते समय रेजर को इधर-उधर कहीं भी न घुमा दें। दाढ़ी के ऊपरी हिस्से की शेविंग के लिए दाढ़ी के ऊपर से जॉ-लाइन तक लंबा स्ट्रोक लें।

### 5. गले और चिन की शेविंग करना

चिन और गले की शेविंग के लिए गले के निचले हिस्से से ऊपर की दिशा में शेविंग करें। इससे रेजर बर्न और इनग्रोन हेयर की समस्या नहीं होगी।

### 6. क्लोजर शेव

क्लोजर शेव पाने के लिए आप अपने हाथ से त्वचा को चुस्त कर सकते हैं। इससे परफेक्ट शेविंग का मजा ले सकते हैं।

### 7. ऊपरी होंठ की शेविंग

होंठ के ऊपर की शेविंग करते समय काफी सावधानी रखनी पड़ती है। क्योंकि जरा सी लापरवाही आपके होंठ को काट सकती है। इस मामले में सामने के दांतों के जरिए फैलाकर होंठों को कसें। अब ऊपर से नीचे की दिशा में शेविंग करें।

### 8. रेजर को धोना भी जरूरी

दाढ़ी बनाते समय रेजर को समय-समय पर धोते रहें। हर स्ट्रोक के बाद रेजर को धांए ताकि बालों के जरिए यह जाम न हो जाए।

### 9. टच अप्स

चेहरे से अतिरिक्त शेविंग क्रीम को गर्म पानी से धो लें और उस जगह को ढूंढने की कोशिश करें। जहां पर शेविंग क्रीम न लगा हो। अपने रेजर को गीला करके इस हिस्से की शेविंग करें। ताकि आपकी दाढ़ी में कोई बाल छूट न जाए।

### 10. ऑफ्टरशेव का न करें प्रयोग

शेविंग के बाद अक्सर लोग ऑफ्टरशेव लगा लेते हैं। यह नहीं लगाना चाहिए क्योंकि ऑफ्टरशेव में एल्कोहल होता है और यह त्वचा को ड्राई कर देता है। ऐसे में संभव हो, तो ऐसे टोनर को प्रयोग करें जिसमें विटामिन और ऐलो का अर्क हो।

सुझाव

# वेजिटेरियन्स अच्छी बॉडी बनाने में सहायक




जब भी बॉडी बिल्डिंग की बात आती है ।तो हमें एक बहुत बड़ा मिथ सुनने को मिलता है कि अच्छी बॉडी केवल नॉन वेजिटेरियन (मांसाहारी)से ही बन सकती है। मगर ऐसा बिल्कुल भी नही हैं, क्यों कि भारत में कई ऐसे बॉडीबिल्डर और पहलवान हुए हैं । जो शाकाहारी रहकर अच्छी बॉडी बना पाने में सफल ही नही रहे बल्कि, उन्होंने दुनिया में अपना नाम किया है। तो शाकाहारी रहकर अगर आप भी अच्छी बॉडी पाना चाहते हैं तो हम आपको 5 ऐसे फूड के बारे में बता रहें जिन्हें आप ट्राई कर सकते हैं।

### अश्वगंधा



अश्वगंधा ऐसी जड़ी-बूटी है । जो दुनिया भर में फेमस है। इसे शक्तिवर्धक हर्बस के तौर पर भी जाना जाता है। यह टेस्टोस्टेरॉन लेवल को प्राकृतिक रूप से बढ़ाता है, जिससे व्यक्ति की शारीरिक ताकत बढ़ती है और मसल्स टोन भी बढ़ती है। यह कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल कर ह्रदय संबंधी समस्याओं को दूर करता है। रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है और स्ट्रेस लेवल को कम करता है।

### सतावरी



सतावरी में फाइबर, फोलिक एसिड, विटमिन ए, सी और ई भरपूर मात्रा में पाई जाती है। यह एक एंटीऑक्सीडेंट हर्बस है। सेल डैमेज को सही करता है। सतावरी में हाई लेवल एमीनो एसिड पाया जाता है। जो शरीर से अतिरिक्त पानी और नमक को यूरीन के रास्ते से बाहर करता है, इससे बॉडी बनाने में सहायता मिलती है।

### बीन्स

बीन्स में किसी भी हरी सब्जियों से कहीं ज्यादा प्रोटीन और सॉल्यूबल फाइबर्स होते हैं। लेकिन एमिनो एसिड चेन पूरे न होने के कारण इसका प्रोटीन अधूरा होता है, अगर बीन्स को ब्राउन राइस के साथ खाया जाए तो यह पूरा हो जाता है। हैवी वर्कआउट के बाद इसे ले सकते हैं।

### लो फैट मिल्क और मिल्क प्रोडक्ट

यह व्हे प्रोटीन और कैसिईन प्रोटीन बहुत अच्छा जरिया होता है। व्हे प्रोटीन एग प्रोटीन के मुकाबले ज्यादा अच्छा होता है। जबकि कैसिईन प्रोटीन थोड़ा स्लो डाइजेस्टिव प्रोटीन होता है जो व्हे प्रोटीन के साथ मिलकर पॉजिटिव नाइट्रोजन को बॉडी में बैलेंस करता है और बॉडी में लंबे समय से प्रोटीन की जरूरत को पूरा करता है, जिससे बॉडी बिल्डिंग में मदद मिलती है।

### पीनट बटर

यह प्रोटीन का बहुत अच्छा जरिया है । जो कि मसल्स बनाने और उसकी मरम्मत करने के लिए बहुत अच्छा होता है। इसमें मोनो और पॉलीसेचुरेटेड फैट्स पाए जाते हैं जो मसल्स के लिए बहुत फायदेमंद है। एक हैवी वेट वर्कआउट के बाद इसे ले सकते हैं। इसके अलावा ड्राई फूड और केले का भी सेवन मसल्स बनाने के लिए किया जा जाता है।

# गुड़ और चना साथ में खाने के 4 फायदे



गुड़ सेहत के लिए बहुत ही फायदेमंद होता है। इसमें पर्याप्त मात्रा में आयरन पाया जाता है। इसके सेवन से खून साफ होता है और यह शरीर में हीमोग्लोबिन बढ़ाता है। इसमें सोडियम, विटामिन, पोटेशियम, मिनरल्स और कार्बोहाइड्रेट भरपूर मात्रा में पाया जाता है। चना आपके शरीर से गंदगी को दूर करता है। यह डाइबिटीज, एनीमिया आदि की परेशानियां दूर करने में बहुत सहायक है। इन दोनों को साथ में खाने से अधिक लाभ मिलता है।

### 1. हड्डियों के लिए फायदेमंद

इसमें कैल्शियम भरपूर मात्रा में पाया जाता है। इसका रोजाना सेवन करने से हड्डियां मजबूत होती है। गठिया के रोगियों के लिए ये बहुत ही फायदेमंद है।

### 2. मजबूत दांत

इसमें फास्फोरस का मात्रा काफी अधिक होती है। इससे दांत मजबूत होते हैं और ये हर उम्र के लोगों के लिए साभकारी है।

### 3. तेज दिमाग


यह बच्चों के लिए काफी अच्छा आहार है। इसका सेवन करने से दिमाग तेज होता है क्योंकि इसमें विटामिन सी काफी मात्रा में पाया जाता है। इसलिए बच्चों को स्नैक्स में चने और गुड़ खाने की आदत डालें।

### 4. खूबसूरती निखारे

इसमें जींक अधिक मात्रा में पाया जाता है। नियमित रूप में इसका सेवन करने से त्वचा में काफी निखार आता है और त्वचा को धूप से होने वाले नुकसान से भी बचाता है।

# रहना है स्वस्थ, तो छोड़ दें अपनी इन चार बुरी आदतों को...

उतार-चढ़ाव भरे मौसम में हमारे शरीर की रोग-प्रतिरोधक क्षमता भी कम हो जाती है. मौसम में ठंडा पानी, कोल्ड ड्रिंक्स और एसी की आदतों को नहीं छोड़ पाते, जिससे सर्दी-जुकाम की गिरफ्त में आ जाते हैं. अक्सर देखने में आता है कि हम तेज धूप और गर्मी से पसीने में लथपथ आते हैं और एसी, कूलर या पंखे के सामने बैठ जाते हैं या बाहर से आकर फ्रिज का ठंडा पानी पी लेते हैं. इससे सर्द-गर्म होने का खतरा बढ़ जाता है. तो आज से ही उन गलत आदतों को छोड़ दें, जो आपकी सेहत को नुकसान पहुंचा सकती हैं.



### सफाई का रखें ध्यान

किसी भी तरह के संक्रमण से बचने के लिए हाथों को साबुन से धोएं. आपकी साफ-सफाई संक्रमण को रोकने में मददगार साबित होगी. मौसम में बदलाव आने पर रात को सोते वक्त नमक युक्त गुनगुने पानी से गरारे और भाप लेने की आदत डालें. किसी भी तरह की परेशानी होने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें.

### तला भुना खाने से बचें

इस मौसम में बाहर का, बासी, तला-भुना, मिर्च-मसाले वाला कुछ भी खाने से बचें. खूब पानी पीएं और घर का बना हल्का भोजन ही लें. हमेशा साफ और उबला हुआ पानी ही पीएं.

### संक्रमित व्यक्ति से दूर रहें

कोशिश करें की आप किसी भी संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में न आएं. यह थोड़ा सा कठिन हो सकता है, लेकिन आपके लिए अच्छा है. अगर किसी संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आना भी पड़े तो साफ-सफाई का पूरा ध्यान रखें. दोस्ती और प्यार अपनी जगह है, लेकिन स्वास्थ्य का ध्यान रखना भी जरूरी है.

### नींद पूरी न लेना

अगर आप भी उन लोगों में से हैं, जो काम को बहुत अधिक तवज्जोह देते हैं और अपनी नींद पूरी नहीं करते तो आपकी यह आदत ठीक नहीं. एक स्वस्थ शरीर आप तभी पा सकते हैं, जब आपकी नींद पूरी हो. आपको कम से कम आठ घंटे की पूरी नींद लेने की आदत डालनी चाहिए.

# पिंपल्स से छुटकारा पाने के लिए अपनाएं ये उपाय



हर कोई चाहता है कि वो सबसे सुंदर दिखे लेकिन गर्मियों में ऑयली स्किन होने के कारण चेहरे पर पिंपल्स हो जाते हैं। इसके लिए लोग कई ट्रीटमेंट और ब्यूटी प्रोडक्ट का सहारा लेते हैं। फिर भी कई बार इससे कोई फायदा नहीं होता। ऐसे में आप इन घरेलू उपायों को अपना सकते हैं।

### 1. लहसुन और शहद

1 चम्मच शहद और 1 चम्मच लहसुन को मिक्स कर चेहरे पर लगाएं। इसे चेहरे पर 20 मिनट लगाएं। पिंपल्स से छुटकारा मिलगा।

### 2. नीम और गुलाब जल

नीम के पत्तों और गुलाब जल को पीस कर पेस्ट तैयार करें। इसे चेहरे पर लगाएं और 15 मिनट बाद पानी से धो लें।

### 3. ऐलोवेरा और हल्दी

ऐलोवेरा जैल में एक चुटकी हल्दी मिला कर चेहरे पर लगाएं और सूखने पर धो लें।

### 4. नीम और शहद

नीम के पत्तों को पीस कर पेस्ट तैयार करें। फिर इसमें 1 चम्मच नीम का पेस्ट और 1 चम्मच शहद मिला कर चेहरे पर लगाएं।

### 5. नींबू और टमाटर

2 चम्मच बेसन, टमाटर का रस और नींबू को मिलाएं। इस पेस्ट को चेहरे पर लगाएं और सूखने पर पानी से धो लें।

## रेसिपी



### कलाकंद

**सामग्री**

एक कप पनीर,
दस चम्मच मिल्क पाउडर
एक चौथाई कप चीनी
एक कप मलाई
एक चम्मच इलायची पाउडर
बारह बादाम-पिस्ता

**विधि**

एक बाउल में पनीर, मिल्क पावडर, चीनी, मलाई, इलायची पाउडर डालकर अच्छी तरह मिला लें। फिर एक कढ़ाई में इस मिश्रण के डालकर धीमी आंच में 30 मिनट तक पकाए जब तक यह गाढ़ा न हो जाए ।जी यह बन जाए तो उसे एक बड़ी प्लेट में निकाल लें और उसमें यह मिश्रण पलट कर इसे चाकू की सहायता से मनचाहें आकार में काट लें और ऊपर से इसमें बादाम और पिस्ता का बारीक टुकड़े काट कर डाल दें। आपकी कलाकंद बनकर तैयार हो गई। ठंडा होने के बाद इसे अपनी परिवार और दोस्तों के साथ इसका मजा लें।



### टेस्टी कोकोनट कबाब

**सामग्री**

2-3 गाजर कटी हुई, दो आलू कटे हुए
तीन अंडे, एक चम्मच बारीक कटी हुई हरी मिर्च
एक चम्मच लाल मिर्च पाउडर, एक चम्मच काली मिर्च पाउडर, एक चम्मच मेथी दाना, एक कप मैदा
एक कप कद्दूकस किया हुआ नारियल, ऑयल तलने के लिए

**विधि**

सबसे पहले सभी सब्जियां को एक गहरे पैन में डाले और आवश्कतानुसार पानी डालकर अच्छी तरह से उबाल लें। उबलने के बाद इसमें हरी मिर्च, लाल मिर्च पाउडर, काली मिर्च पाउडर और मेथी दाने डालकर अच्छी तरह से मैश करके मिला लें ।इसके बाद अपने हाथों में थोड़ा सा तेल लगाकर इस मिश्रण से टिक्कियां बना लें। इसके बाद एक बाउल में अंडा डालकर फैट लें और इसमें मैदा डाल कर अच्छी तरह से मिक्स कर लें ।आपने जो टिक्कियां तैयार की है उन्हें अंडे और मैदे के इस मिश्रण में डिप करें और फिर इन्हें कद्दूकस किए हुए नारियल से लपेटकर तलने के लिए तैयार कर लें ।अब एक कढ़ाई में तेल डालकर गर्म करें। जब गर्म हो जाएं तो आंच धीमी करके इसमें टिक्कियां डाल दें और दोनों साइड से गोल्डन ब्राउन होने तक तलें। आपके कोकोनट कबाब बनकर तैयार है।

# घर या ऑफिस जब जमा हो जाए कबाड़ तो रहें सावधान

घर में साफ-सफाई होना बेहद जरूरी है। वह इसलिए कि इससे बीमारियां नहीं पनपती हैं और दूसरी बात यह कि घर में सकारात्मक माहौल बना रहता है। जब घर में ऐसी कई वस्तुएं एकत्रित हो जाती हैं। जो किसी काम की नहीं तो उन्हें जरूरतमंद लोगों को या फिर कबाड़ खरीदने वाले लोगों को बेच कर मुनाफा कमा लेना चाहिए।

इस तरह के कबाड़ को हटाएं

- टूटे-फूटे बर्तन एवं कबाड़ को जमा करके रखने से घर में नकारात्मक ऊर्जा फैलती है।
- टूटा हुआ पलंग, अलमारी या लकड़ी का अन्य सामान भी घर में नहीं रखना चाहिए, इससे आर्थिक लाभ में कमी आती है और खर्च बढ़ता है।
- छत पर या सीढ़ियों के नीचे कबाड़ जमा करके रखना भी आर्थिक नुकसान का कारण बनता है।

### साफ सुथरे हों खिड़की-दरवाजे

- दरवाजे और खिड़कियां घर की शोभा होता हैं और अगर वहां स्वच्छता का संस्कार नहीं झलके तो घर में आने वाली धन-संपदा के मार्ग में रुकावट आती है।
- धन की देवी लक्ष्मी को स्वच्छता प्रिय है। जहां स्वच्छता दरवाजे से ही दिखाई देती हो वहां ही उनका आगमन होता है इस बात को सदैव याद रखना चाहिए।

### लगाएं जामुनी रंग के पौधे

- जामुनी रंग, धन-संपत्ति और शांति का प्रतीक रंग है। इसलिए अपने घर के अंदर किसी जामुनी रंग का पौधा लगाना अच्छा साबित हो सकता है।
- अगर ऐसा न कर सकें तो कम से कम जामुनी रंग का कोई गमला ही घर में जरूर रखें। यह घर की सकारात्मकता में वृद्धि करेगा और परिजनों को प्रसन्न रखेगा।

### जल निकासी की दिशा

- जिनके घर में गंदे या उपयोग में लिए गए जल की निकासी दक्षिण या पश्चिम दिशा में होती है उन्हें आर्थिक समस्याओं के साथ अन्य कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है।
- उत्तर दिशा एवं पूर्व दिशा में जल की निकासी आर्थिक दृष्टि से शुभ माना गया है।

संपादकीय

# पाकिस्तान से डर या प्यार?

**कांग्रेस** का संकट खत्म होने का नाम ही नहीं लेता। एक नेता के बयान से फैला रायता समेटा नहीं गया होता कि तब तक किसी और नेता का विवादित बयान आ जाता है। राहुल गांधी के सलाहकार माने जानेवाले सैम पित्रौता ने एक के बाद एक ऐसे बयान दिए कि कांग्रेस की मुश्किलें बढ़ गईं। पहले विरासत कर का मामला उन्होंने उछाला। चूँकि राहुल गांधी लगातार सम्पत्ति के सर्वेक्षण एवं आबादी के अनुपात में देश के संसाधनों पर अधिकार की बात कर रहे हैं, इसलिए सैम पित्रौता के बयान को इसी श्रृंखला का हिस्सा माना गया। हालांकि कांग्रेस ने पित्रौता के विचार से किनारा करने का प्रयास किया। परंतु तब तक पित्रौता ने भारतीय नागरिकों को चीनी, अफ्रीकी, अमेरिकी इत्यादि बता दिया। यानी रंग भेद एवं शारीरिक बनावट के आधार पर उनकी पहचान को किसी दूसरे देश से जोड़ने का कारनामा कर दिया। यह बयान इतना विवादित था कि कांग्रेस को सैम पित्रौदा का त्यागपत्र स्वीकार करना पड़ गया। इसके अलावा महाराष्ट्र के एक नेता ने राम मंदिर के शुद्धिकरण करने की बात कहकर एक बार फिर राम मंदिर को लेकर कांग्रेस की मानसिकता को उजागर कर दिया। कांग्रेस की ओर से इन बयानों पर लीपापोती की जाती, उससे पहले ही मणिशंकर अय्यर ने ऐसा बयान दे दिया, जिसके कारण से भाजपा को कांग्रेस को कठघरे में खड़ा करने का एक और सुअवसर मिल गया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मणिशंकर अय्यर ने यह कहकर विवाद खड़ा कर दिया कि भारत को पाकिस्तान के साथ बातचीत करनी चाहिए और अपनी सैन्य ताकत नहीं बढ़ानी चाहिए क्योंकि इससे इस्लामाबाद नई दिल्ली के खिलाफ परमाणु हथियार तैनात करने के लिए परेशान हो सकता है। भारत को पाकिस्तान का सम्मान करना चाहिए अन्यथा उसे बुरा लग सकता है और वहाँ से कोई सिरफिरा भारत पर हमला कर सकता है। मणिशंकर अय्यर का यह बयान एक तरह से पाकिस्तान की जुबान है। जैसे कोई पाकिस्तानी नेता भारत को धमकाने की कोशिश कर रहा हो। उल्लेखनीय है कि इस सप्ताह की शुरुआत में, कांग्रेसनीत विपक्षी गठबंधन की प्रमुख पार्टी नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) प्रमुख फारूक अब्दुल्ला ने तीखी टिप्पणी की थी कि अगर उकसाया गया तो पाकिस्तान परमाणु बम का सहारा ले सकता है। अय्यर ने भी यही कहा कि पाकिस्तान के पास परमाणु बम हैं। हमारे पास भी हैं, लेकिन अगर कोई 'पागल' लाहौर पर बम गिराने का फैसला करता है, तो विकिरण को अमृतसर तक पहुंचने में 8 सेकंड नहीं लगेंगे। निःसंदेह, यह कांग्रेस का डर तो नहीं हो सकता अपितु उसके नेताओं का पाकिस्तान प्रेम अवश्य ही दिखता है। मणिशंकर अय्यर ऐसे नेता हैं, जिनका पाकिस्तान प्रेम अकसर जाहिर होता रहता है। हमेशा की तरह कांग्रेस ने मणिशंकर अय्यर के बयान से पल्ला झाड़ लिया है लेकिन प्रश्न यह है कि कांग्रेस इस प्रकार के नेताओं को अपने साथ रखती क्यों है? पाकिस्तान की जुबान बोलनेवाले नेताओं से कांग्रेस हमेशा के लिए पल्ला क्यों नहीं झाड़ लेती? यदि कांग्रेस पाकिस्तान की भाषा बोलनेवाले नेताओं को पार्टी में बनाए रखेगी तब देश का आम नागरिक यही मानेगा कि कहीं न कहीं पार्टी का पक्ष भी यही है। कांग्रेस को यदि जनता का विश्वास जीतना है, तब उसे मणिशंकर अय्यर जैसे नेताओं की हमेशा के लिए छुट्टी करनी होगी और इस प्रकार के विचारों की कड़ी निंदा करनी होगी।

राहुल गांधी के सलाहकार माने जानेवाले सैम पित्रौता ने एक के बाद एक ऐसे बयान दिए कि कांग्रेस की मुश्किलें बढ़ गईं। पहले विरासत कर का मामला उन्होंने उछाला। चूँकि राहुल गांधी लगातार सम्पत्ति के सर्वेक्षण एवं आबादी के अनुपात में देश के संसाधनों पर अधिकार की बात कर रहे हैं, इसलिए सैम पित्रौता के बयान को इसी श्रृंखला का हिस्सा माना गया। हालांकि कांग्रेस ने पित्रौता के विचार से किनारा करने का प्रयास किया। परंतु तब तक पित्रौता ने भारतीय नागरिकों को चीनी, अफ्रीकी, अमेरिकी इत्यादि बता दिया। यानी रंग भेद एवं शारीरिक बनावट के आधार पर उनकी पहचान को किसी दूसरे देश से जोड़ने का कारनामा कर दिया। यह बयान इतना विवादित था कि कांग्रेस को सैम पित्रौदा का त्यागपत्र स्वीकार करना पड़ गया। इसके अलावा महाराष्ट्र के एक नेता ने राम मंदिर के शुद्धिकरण करने की बात कहकर एक बार फिर राम मंदिर को लेकर कांग्रेस की मानसिकता को उजागर कर दिया। कांग्रेस की ओर से इन बयानों पर लीपापोती की जाती, उससे पहले ही मणिशंकर अय्यर ने ऐसा बयान दे दिया, जिसके कारण से भाजपा को कांग्रेस को कठघरे में खड़ा करने का एक और सुअवसर मिल गया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मणिशंकर अय्यर ने यह कहकर विवाद खड़ा कर दिया कि भारत को पाकिस्तान के साथ बातचीत करनी चाहिए और अपनी सैन्य ताकत नहीं बढ़ानी चाहिए क्योंकि इससे इस्लामाबाद नई दिल्ली के खिलाफ परमाणु हथियार तैनात करने के लिए परेशान हो सकता है।

### कांग्रेस ने इन दलों के भ्रष्टाचार के मामलों में संरक्षक की भूमिका निभाई है

# देश में भ्रष्टाचार का खंड बन गया है झारखंड

योगेन्द्र योगी

झारखंड में एक मंत्री के निजी सहायक के नौकर के घर से मिले करीब 35 करोड़ रुपए मिलने पर किसी भी दल ने कठोर कार्रवाई की मांग तो दूर बल्कि इस भारी-भरकम भ्रष्टाचार के लिए अफसोस तक जाहिर नहीं किया। यह पहला मौका नहीं है जब इंडिया गठबंधन में शामिल दलों की असलियत उजागर हुई हो। इससे पहले भी असीम सुर्खियों में रहे भ्रष्टाचार के मामलों में भी क्षेत्रीय दलों की सत्तारुढ़ सरकारो के काले कारनामे सामने आ चुके हैं। भ्रष्टाचार के मामले सामने आने पर क्षेत्रीय दलों का प्रयास यही रहता रहा है कि इसे केंद्र की भाजपा सरकार की साजिश करार दिया जाए।

**गैर** भाजपा राजनीतिक दलों के लिए देश में व्याप्त भ्रष्टाचार कोई चुनावी मुद्दा नहीं रह गया है। यही वजह है कि खासतौर से क्षेत्रीय दलों की सरकारों में बेशर्मी से लूटने की होड़ मची हुई है। झारखंड में एक मंत्री के निजी सहायक के नौकर के घर से मिले करीब 35 करोड़ रुपए मिलने पर किसी भी दल ने कठोर कार्रवाई की मांग तो दूर बल्कि इस भारी-भरकम भ्रष्टाचार के लिए अफसोस तक जाहिर नहीं किया। यह पहला मौका नहीं है जब इंडिया गठबंधन में शामिल दलों की असलियत उजागर हुई हो। इससे पहले भी असीम सुर्खियों में रहे भ्रष्टाचार के मामलों में भी क्षेत्रीय दलों की सत्तारुढ़ सरकारो के काले कारनामे सामने आ चुके हैं। भ्रष्टाचार के मामले सामने आने पर क्षेत्रीय दलों का प्रयास यही रहता रहा है कि इसे केंद्र की भाजपा सरकार की साजिश करार दिया जाए। कांग्रेस ने इन दलों के भ्रष्टाचार के मामलों में संरक्षक की भूमिका निभाई है। कारण स्पष्ट है यदि कांग्रेस क्षेत्रीय दलों के भ्रष्टाचार के मामले उठाती है तो उसे अपनी गिरेबां में भी झाकना होगा। इससे ये दल एक-दूसरे के भ्रष्टाचार के मामलों में छिछालेदार करने लगेंगे। ऐसी हास्यादपद स्थिति से बचने के लिए ये दल एक-दूसरे के भ्रष्टाचार का जिक्र नहीं करते हैं। कांग्रेस ने भ्रष्टाचार के मामलों में मौन साधे रखा है। यहां तक की कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के घोषणा पत्र में भ्रष्टाचार का जिक्र तक करना जरूरी नहीं समझा। कांग्रेस को अंदाजा था कि इसका जिक्र करते ही भाजपा गठबंधन खिल्ली उड़ाने से चूकेगा नहीं। यही वजह रही कि कांग्रेस घोषणा पत्र में देश में व्याप्त भ्रष्टाचार के खात्मे को लेकर कोई वादा नहीं किया। आश्चर्य यह है कि झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री और कांग्रेस नेता आलमगीर आलम के निजी सचिव संजीव लाल के घरेलू सहयोगी जहांगीर के यहां छापा मार कर प्रवर्तन निदेशालय ने 35 करोड़ रुपए बरामद किए। इस पर भी मंत्री आलम ने त्याग पत्र देना जरूरी नहीं समझा। झारखंड में सत्ता में शामिल कांग्रेस ने आलम के इस्तीफ की मांग तक नहीं की। अलबत्ता कांग्रेस ने इससे अपना दामन बचाने की कोशिश जरूर की। लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र में आयोजित राहुल



गांधी की सभा में मंच पर कांग्रेस कोटे से ग्रामीण विकास मंत्री बने आलमगीर आलम को जगह नहीं मिली। कांग्रेस ने आलमगीर को महज यह संदेश देकर औपचारिकता निभाई की पहले जांच से बरी होकर आओ। इससे पहले झारखंड के तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन भी भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तार हो चुके हैं। सोरेन को जमानत नहीं मिल सकी है। पूर्व मुख्यमंत्री सोरेन 6 अक्टूबर 2023 को नई हेमंत सोरेन को कथित भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तार किया गया था। जैसा कि अक्सर होता है हर भ्रष्टाचारी ऐसे मामलों को फसाने की साजिश करार देता है, इसी तर्ज पर सोरेन ने भी आरोप से इनकार किया। कांग्रेस ने सोरेन की गिरफ्तारी की निंदा की और इसे संघवाद के लिए झटका बताया था। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा था कि भ्रष्टाचार में डूबी भाजपा लोकतंत्र को नष्ट करने का अभियान चला रही है। कांग्रेस यह भूल गई कि पिछले साल दिसंबर में भी झारखंड में कांग्रेस के राज्यसभा सांसद और कारोबारी धीरज साहू के ठिकानों से इनकम टैक्स ने 350 करोड़ रुपये से ज्यादा कैश बरामद किया था। इस पर साहू ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा था कि छापेमारी में जो कैश बरामद किया गया है, वो मेरी शराब की कंपनियों का है। शराब का कारोबार नकदी में ही होता है और इसका कांग्रेस पार्टी से कोई संबंध नहीं है। झारखंड से कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू के ठिकानों से 290 करोड़ रुपये से ज्यादा कैश मिला था। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने साहू से जुड़े ओडिशा और झारखंड के उनके ठिकानों पर छापेमारी की। इस छापेमारी के दौरान विभाग को अलमारी में करोड़ों रुपये भरे हुए मिले। धीरज साहू के पास कितना कैश बरामद हुआ है, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि लगातार तीन दिन छापेमारी कर नोट गिनने पड़े। आलम ये रहा है कि नोट गिनने के लिए लाई गईं मशीनों की क्षमता कम पड़ गई। नोट गिनने के लिए तीन दर्जन मशीनों को मंगाया गया था, जो कम पड़ गईं। पीएम मोदी ने ओडिशा की रैली में किया नकद बरामदगी का जिक्र चुनाव प्रचार के लिए ओडिशा पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नकद बरामदगी का जिक्र भी किया। उन्होंने केंद्र द्वारा जांच एजेंसियों के कथित दुरुपयोग पर विपक्ष के आरोप का जवाब देते हुए पूछा कि पड़ोसी राज्य झारखंड में नोटों के पहाड़ मिल रहे हैं। मोदी ने कहा कि अब आप ही बताइए, अगर मैं उनकी चोरी, उनकी कमाई, उनकी लूट बंद कर दूं, तो क्या वे मोदी को गाली देंगे या नहीं? गालियों के बावजूद, क्या मुझे आपका पैसा नहीं बचाना चाहिए। झारखंड और भ्रष्टाचार का चोली दामन का साथ है। संयुक्त बिहार में ही झारखंड मे हुए चारा घोटाले से शुरू हुई थी और बड़े भ्रष्टाचार की कहानी आज भी बदस्तूर जारी है। चारा घोटाले में राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव का नाम सामने आया था। इस घोटाले में पशुओं के चारे की चोरी की गई। 950 करोड़ के इस घोटाले मे 53 मामले दर्ज किए गए थे, जबकि कुल 170 आरोपी बने गए थे। इस मामले का खुलासा 1996 में हुआ था। इसके बाद मधु कोड़ा के मुख्यमंत्री काल मे शेल कंपनियों के जरिए काली कमाई को सफेद करने का मामला सामने आया। करीब 4 हजार करोड़ का ये घोटाले अपने आप मे देशभर के बड़े घोटालों में से एक था। आज भी मामला अदालत में है। मधु कोड़ा को मुख्यमंत्री पद से हटने के बाद जेल भी जाना पड़ा था। अलग झारखंड राज्य की मांग को अटल बिहारी वाजपेयी की तत्कालीन सरकार ने वर्ष 2000 में पूरा तो कर दिया था। लेकिन जिस मकसद से अलग राज्य की मांग हो रही थी, वह मकसद पीछे छूट गया। झारखंड में लूट का सिलसिला शुरू हो गया।

दृष्टि कोण

# अरविंद केजरीवाल को मिली अंतरिम जमानत के सियासी मायने को ऐसे समझिए

**सुप्रीम** कोर्ट के एक साहसिक निर्णय से जेल में बंद भारतीय राजनेताओं के चुनावों के दौरान बाहर आने और चुनाव प्रचार में अपनी भागीदारी जताने का मार्ग प्रशस्त हो चुका है। समझा जाता है कि कोर्ट के इस उदार पहल से भारत में एक नई सियासी क्रांति का आगाज हो सकता है। लिहाजा, इस निर्णय के सफेद और स्याह पक्ष पर चर्चा करने से पहले यह बता दें कि दिल्ली एक्साइज पॉलिसी घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में ईडी की जांच का सामना कर रहे और पिछले 50 दिन से जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट ने आगामी एक जून 2024 तक के लिए अंतरिम जमानत दे दी है। ऐसा इसलिए कि अरविंद केजरीवाल को दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति 2021-22 में कथित अनियमितताओं से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग जांच के सिलसिले में विगत 21 मार्च 2024 को ईडी ने गिरफ्तार किया था। ईडी के इस निर्णय की तब बहुत आलोचना हुई थी, क्योंकि मुख्यमंत्री पद पर रहते हुए ही उन्हें गिरफ्तार किया गया था, जो भारतीय राजनीतिक इतिहास की अनोखी घटना बन चुकी है। इसी मामले में गत 8 मई 2024 को सुप्रीम कोर्ट में न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने सुनवाई की। सुनवाई के दौरान ही न्यायमूर्ति खन्ना ने प्रवर्तन निदेशालय के वकील अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू से कहा था कि वह केजरीवाल को अंतरिम राहत पर शुक्रवार को आदेश पारित कर सकते हैं। इससे एक दिन पहले भी यानी गत 7 मई को सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर कहा था कि मामले की सुनवाई जल्दी पूरी होने की उम्मीद नहीं है। ऐसे में कोर्ट लोकसभा चुनाव को देखते हुए केजरीवाल को अंतरिम जमानत देने पर विचार कर सकता है। हालांकि, कोर्ट ने शर्त रखी थी कि अगर चुनाव प्रचार के लिए जमानत दी जाती है तो वह मुख्यमंत्री के तौर पर काम नहीं करेंगे और न ही किसी फ़ाइल पर हस्ताक्षर करेंगे। फिर भी दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जेल भिजवाने वाली ईडी परेशान हो गई। आनन-



फानन में ईडी ने एक हलफनामा दायर करके उनके अंतरिम जमानत का विरोध किया और कुछ अकाट्य दलीलें भी दी। जिस पर केजरीवाल की लीगल टीम ने भी कड़ी आपत्ति जताई। जिसके दृष्टिगत सुप्रीम कोर्ट ने ईडी की सभी दलीलों को दरकिनार करते हुए केजरीवाल को अंतरिम जमानत दे दी। यही वजह है कि जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को चुनाव प्रचार के लिए अंतरिम जमानत मिलने के सियासी और न्यायिक मायने तलाशे जा रहे हैं। क्योंकि यह एक असाधारण न्यायिक आदेश है, जो अब बौद्धिक विमर्श का मुद्दा भी बन चुका है। समझा जा रहा है कि कोर्ट के ताजा निर्देश से जहां देश में जनतांत्रिक भावनाओं को बल मिलेगा, वहीं भ्रष्टाचार और अपराध में शामिल राजनेताओं का मनोबल भी बढ़ेगा। क्योंकि जेल से बाहर रहने का एक अमोघ कानूनी हथियार कोर्ट के फैसले से उन्हें मिल चुका है। लिहाजा, आने वाले दिनों में जेल में बंद भारतीय राजनेताओं के द्वारा चुनाव प्रचार के लिए अंतरिम जमानत मांगे जाने के मामले बढ़ेंगे। बता दें कि ईडी ने सुप्रीम कोर्ट में एक हलफनामा देकर यह स्पष्ट कर दिया है कि केजरीवाल को किसी भी तरह की विशेष राहत देकर चुनाव प्रचार के लिए अंतरिम जमानत दिया जाना समानता और कानून के शासन के लिए अभिशाप जैसा होगा। इससे ऐसी नजीर कायम होगी कि सभी अपराध करने वाले अनैतिक राजनेता चुनाव की आड़ में जांच को नजरअंदाज करेंगे, चाहे वो पंचायत चुनाव हो, नगरपालिका चुनाव हो, विधानसभा चुनाव हो या फिर आम चुनाव। यदि वे गिरफ्तार किए जाते हैं तो प्रचार के लिए अंतरिम जमानत मांगेंगे। दो कदम आगे की सोचते हुए उसने तर्क दिया कि आजतक किसी भी राजनेता को चुनाव प्रचार के लिए अंतरिम जमानत नहीं दी गई, चाहे जेल में बंद वह व्यक्ति स्वयं भी प्रत्याशी क्यों न रहा हो, जबकि केजरीवाल तो उम्मीदवार भी नहीं हैं। ऐसे भी कई उदाहरण हैं कि अपराधी जेल से ही चुनाव लड़े और जीत भी गए, लेकिन उन्हें कभी इस आधार पर जमानत नहीं मिली। वैसे भी चुनाव प्रचार न तो संवैधानिक अधिकार है और न ही मौलिक अधिकार। लिहाजा ऐसा होने से कानून का उल्लंघन करने वाले हर अपराधी को राजनीतिज्ञ बनने और वर्ष भर प्रचार के मोड में रहने का प्रोत्साहन मिलेगा। राजनेता आम आदमी से ऊपर होने और विशेष दर्जे का दावा नहीं कर सकता। ईडी ने अपनी दलील में चुनाव प्रचार के लिए केजरीवाल को अंतरिम जमानत देने का विरोध करते हुए कहा कि मतदान का अधिकार, जिसे कोर्ट ने संवैधानिक अधिकार माना है, वह भी हिरासत के दौरान नहीं रहता। जनप्रतिनिधित्व कानून की धारा 62(5) जेल में बंद व्यक्ति के मतदान के अधिकार में कटौती की बात करती है।

कुछ अलग

# झारखंड में भ्रष्टाचार की असलियत

**गैर** भाजपा राजनीतिक दलों के लिए देश में व्याप्त भ्रष्टाचार कोई चुनावी मुद्दा नहीं रह गया है। यही वजह है कि खास तौर से क्षेत्रीय दलों की सरकारों में बेशर्मी से लूटने की होड़ मची हुई है। झारखंड में एक मंत्री के निजी सहायक के नौकर के घर से करीब 35 करोड़ रुपए मिलने पर किसी भी दल ने कठोर कार्रवाई की मांग तो दूर, बल्कि इस भारी-भरकम भ्रष्टाचार के लिए अफसोस तक जाहिर नहीं किया। यह पहला मौका नहीं है जब इंडिया गठबंधन में शामिल दलों की असलियत उजागर हुई हो। इससे पहले भी असीम सुर्खियों में रहे भ्रष्टाचार के मामलों में क्षेत्रीय दलों की सत्तारूढ़ सरकारों के काले कारनामे सामने आ चुके हैं। भ्रष्टाचार के मामले सामने आने पर क्षेत्रीय दलों का प्रयास यही रहता रहा है कि इसे केंद्र की भाजपा सरकार की साजिश करार दिया जाए। कांग्रेस ने इन दलों के भ्रष्टाचार के मामलों में संरक्षक की भूमिका निभाई है। कारण स्पष्ट है यदि कांग्रेस क्षेत्रीय दलों के भ्रष्टाचार के मामले उठाती है तो उसे अपनी गिरेबां में भी झांकना होगा। इससे ये दल एक-दूसरे के भ्रष्टाचार के मामलों में छिछालेदार करने लगेंगे। ऐसी हास्यास्पद स्थिति से बचने के लिए ये दल एक-दूसरे के भ्रष्टाचार का जिक्र नहीं करते हैं। कांग्रेस ने भ्रष्टाचार के मामलों में मौन साधे रखा है। यहां तक कि कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के घोषणा पत्र में भ्रष्टाचार का जिक्र तक करना जरूरी नहीं समझा। कांग्रेस को अंदाजा था कि इसका जिक्र करते ही भाजपा गठबंधन खिल्ली उड़ाने से चूकेगा नहीं। यही वजह रही कि कांग्रेस घोषणा पत्र में देश में व्याप्त भ्रष्टाचार के खात्मे को लेकर कोई वादा नहीं किया। आश्चर्य यह है कि झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री और कांग्रेस नेता आलमगीर आलम के निजी सचिव संजीव लाल के घरेलू सहयोगी जहांगीर के यहां छापा मार कर प्रवर्तन निदेशालय ने 35 करोड़ रुपए बरामद किए। इस पर भी मंत्री आलम ने त्यागपत्र देना जरूरी नहीं समझा। झारखंड में सत्ता में शामिल कांग्रेस ने आलम के इस्तीफे की मांग तक नहीं की। अलबत्ता कांग्रेस ने इससे अपना दामन बचाने की कोशिश जरूर की। लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र में आयोजित राहुल गांधी की सभा में मंच पर कांग्रेस कोटे से ग्रामीण विकास मंत्री बने आलमगीर आलम को जगह नहीं मिली। कांग्रेस ने आलमगीर को महज यह संदेश देकर औपचारिकता निभाई कि पहले जांच से बरी होकर आओ। इससे पहले झारखंड के तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तार हो चुके हैं। सोरेन को जमानत नहीं मिल सकी है। पूर्व मुख्यमंत्री सोरेन 6 अक्टूबर 2023 को कथित भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तार किया गया था। जैसा कि अक्सर होता है, हर भ्रष्टाचारी ऐसे मामलों को फंसाने की साजिश करार देता है, इसी तर्ज पर सोरेन ने भी आरोप से इनकार किया। कांग्रेस ने सोरेन की गिरफ्तारी की निंदा की और इसे संघवाद के लिए झटका बताया था। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा था कि भ्रष्टाचार में डूबी भाजपा लोकतंत्र को नष्ट करने का अभियान चला रही है। कांग्रेस यह भूल गई कि पिछले साल दिसंबर में भी झारखंड में कांग्रेस के राज्यसभा सांसद और कारोबारी धीरज साहू के ठिकानों से इनकम टैक्स ने 350 करोड़ रुपए से ज्यादा कैश बरामद किया था। इस पर साहू ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा था कि छापेमारी में जो कैश बरामद किया गया है, वो मेरी शराब की कंपनियों का है। शराब का कारोबार नकदी में ही होता है और इसका कांग्रेस पार्टी से कोई संबंध नहीं है। झारखंड से कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू के ठिकानों से 290 करोड़ रुपए से ज्यादा कैश मिला था। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने साहू से जुड़े ओडिशा और झारखंड के उनके ठिकानों पर छापेमारी की।

देश दुनिया से

# विश्व सिनेमा की जादुई दुनियाः सई परांजपे- प्रमुख महिला स्क्रिप्ट राइटर

आपने 'स्पर्श', 'चश्मे बद्दूर', 'कथा' जैसी फिल्में अवश्य देखी होंगी, कम-से-कम इनके नाम अवश्य सुने होंगे। सिने-संसार सई परांजपे को सफल सिने-निर्देशक के रूप में जानता-पहचानता आया है। एक ओर वे लोकप्रिय सिनेमा का हिस्सा रही हैं, इसके साथ समीक्षक भी सदा से उनके प्रशंसक रहे हैं। मगर इसके साथ उन्होंने स्क्रिप्ट राइटिंग भी की है। आज उनके इसी रूप की चर्चा करती हूं। स्क्रिप्ट राइटर, निर्देशक, अभिनेता सई परांजपे के भीतर रूस और भारत का साझा रक्त है। उनका जन्म 19 मार्च 1938 को हुआ था। उनके पिता रूसी थे और मां महाराष्ट्र से ताल्लुक रखती थीं। पिता चित्रकार थे और मां शकुंतला मराठी अभिनेत्री। उनके नाना ऑस्ट्रेलिया में भारत के राजदूत थे और उन्हें सर की उपाधि प्राप्त थी।

**नए** सिने-दर्शक/सिने-प्रेमी भले ही सई परांजपे के नाम से परिचित न हों, मगर वे सिने-संसार में एक बड़ा नाम हैं। आपने 'स्पर्श', 'चश्मे बद्दूर', 'कथा' जैसी फिल्में अवश्य देखी होंगी, कम-से-कम इनके नाम अवश्य सुने होंगे। सिने-संसार सई परांजपे को सफल सिने-निर्देशक के रूप में जानता-पहचानता आया है। एक ओर वे लोकप्रिय सिनेमा का हिस्सा रही हैं, इसके साथ समीक्षक भी सदा से उनके प्रशंसक रहे हैं। मगर इसके साथ उन्होंने स्क्रिप्ट राइटिंग भी की है। आज उनके इसी रूप की चर्चा करती हूं। स्क्रिप्ट राइटर, निर्देशक, अभिनेता सई परांजपे के भीतर रूस और भारत का साझा रक्त है। उनका जन्म 19 मार्च 1938 को हुआ था। उनके पिता रूसी थे और मां महाराष्ट्र से ताल्लुक रखती थीं। पिता चित्रकार थे और मां शकुंतला मराठी अभिनेत्री। उनके नाना ऑस्ट्रेलिया में भारत के राजदूत थे और उन्हें सर की उपाधि प्राप्त थी। माता-पिता के विवाह-विच्छेद के बाद वे नाना आर. पी. परांजपे के यहां पली-बढ़ीं। उनकी मां इंग्लैंड में पढ़ी थीं। कई देशों में शिक्षा प्राप्त सई की आठ वर्ष की उम्र में पहली किताब (मराठी भाषा में) प्रकाशित हुई थी और बाद में कॉलेज में उन्हें अभिनय के लिए पुरस्कार प्राप्त हुआ। उन्होंने नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा से प्रशिक्षण लिया था। फिल्म बनाने के पूर्व वे नाटक तथा प्रोग्राम लिख रही थीं। उन्होंने मंच अभिनेता अरुण जोगलेकर से शादी की, पर शादी चली नहीं। पर दोनों मित्र बने रहे, एक-दूसरे के लिए, एक-दूसरे के साथ काम करते रहे। दोनों के बच्चे कला से जुड़े हैं। उनका बेटा गौतम मराठी सिने-निर्देशक है तथा बेटी विनी जोगलेकर परांजपे अभिनेत्री है। समय-समय पर ऑल इंडिया रेडियो, दूरदर्शन तथा चिल्ड्रेन फिल्म सोसायटी से जुड़ी सई परांजपे ने मराठी, हिन्दी तथा इंग्लिश तीनों भाषाओं में बच्चों एवं वयस्कों के लिए लिखा। उन्होंने 21 फिल्मों का निर्देशन किया और पांच फिल्मों का स्क्रीनप्ले लिखा। उन्हें दो फिल्मफेयर अवॉर्ड ('स्पर्श') तथा एक नेशनल फिल्म अवॉर्ड ('कथा') प्राप्त हुआ। फिल्म 'चश्मे बद्दूर' (1981) का लेखन तथा निर्देशन सई परांजपे ने किया था। दर्शकों ने इस ढ़ाई घंटे की मजेदार कॉमेडी फिल्म का भरपूर आनंद उठाया, आज भी आप इसका मजा ले सकते हैं। इस तीन बेरोजगार मस्त नौजवानों की कहानी में ओमी (राकेश बेदी) और जय (रवि बासवानी) मस्त पर आलसी हैं जबकि तीसरा सिद्धार्थ पराशर पढ़ाकू और शर्मीला है। मजा तब आता है, जब यही चुपचाप रहने वाला नेहा राजन (दीप्ति नवल) का दिल जीत लेता है। इन दोनों की दोस्ती बाकी दोनों की जिंदगी में खलबली पैदा कर देती है। पर अभिनय में इन सबसे बाजी मार ले जाते हैं, पनवाड़ी ललन मियां बने सईद जाफरी। संवाद और मनोरंजक दृश्य सई परांजपे की लेखन की विशेषता है। यहां आप मजे लेकर इसे देख सकते हैं। इस पुरस्कृत फिल्म में नसीर यानी अनिरुद्ध परमार है तो अंधा, परंतु वह इस क्षीणता को खुद पर कभी हावी नहीं होने देना चाहता है। उसका अहं बहुत आहत होता है, यदि कोई उसकी न्यूनता को देखते हुए उसकी सहायत करना चाहता है। वह नेत्रहीन लोगों के एक स्कूल का प्रिंसपल भी है। लेकिन एक दिन उसकी मुलाकात कविता (शबाना आजमी) से होती है, दोनों एक-दूसरे के प्रति



आकर्षित होते हैं, मगर यह सरल न था। जब शादी की बात आती है तो अनिरुद्ध के मन में संशय होता है, कहीं कविता उस पर दया और सहानुभूति तो नहीं लादेगी। कहीं उसे सरपरस्ती तो नहीं देने लगेगी, सरपरस्ती जिससे उसे नफरत है। पूरी कहानी की मर्मस्पर्शिता आपको फिल्म देख कर स्वयं अनुभव करनी होगी। सई ने पुरस्कार पाए नसीर तथा शबाना को फिल्मफेयर का सर्वोत्तम अभिनय का नामांकन मिला। 1992 में सई परांजपे ने सवा दो घंटे की म्युजिकल ड्रामा कॉमेडी फिल्म 'दिशा' के संवाद और कहानी लिखी और उसे निर्देशित भी किया। यहां भुखरी में परसाराम (ओम पुरी) है, जो बारह साल से एक कुंआ खोदते हुए 'पगला परसा' का खिताब पा गया है। उसकी पत्नी हंसा (शबाना आजमी) बीड़ी फैक्टरी में काम करती है। उनके चार बच्चे हैं, जिनके नाम सुन कर आप मुस्कुरा उठेंगे। बच्चों के नाम हैं, शर्मीला, जीतेंद्र, अमिताभ तथा कद्दु। परसा का एक भाई है, सोमा सरपत (रघुवीर यादव) जिसे कभीकदा खेतों में काम मिल जाता है। उनका पड़ोसी युवा, हाल में विवाहित वसंत (नाना पाटेकर) है। वसंत की पत्नी फूलवती (राजश्री सावंत) और बीमार पिता दशरथ (नीलू फुले) है।

आप का नजरिया

# चलते सिक्कों के नाम

**उम्र** की गलियों में जो तसदीक हो गए, वो चिनार अब पतझड़ के लिए ही हैं। राजनीति चलते सिक्कों का नाम है और यही राष्ट्र से प्रदेश तक के चुनावों में देखा जा रहा है। इसी परिप्रेक्ष्य में हिमाचल में लोकसभा से विधानसभा के उपचुनावों में कांग्रेस व भाजपा के उम्मीदवारों के चयन में प्रयास और कयास रहा। संगठन के कारण भाजपा ने अपने सिक्के जल्दी उछाले, जबकि कांग्रेस के लिए उपचुनावों में संगठन की तफतीश हो गई। यही वजह है कि भाजपा ने उपचुनावों में अपना सिक्का जमाने के लिए मूल कांग्रेसियों का भाजपा में अवतरण का महोत्सव बना डाला। बेशक यह दांव मुश्किल व चुनौती से भरा नजर आया, लेकिन भाजपा ने कांग्रेस के कुछ सिक्के छीन कर चुनावी आकाश में उछाल दिए। कम से कम कांग्रेस इन्हें खोटा नहीं कह सकी, भले ही इन्हें बागी कहे या इनके बीच सरगना खोजती रहे। कांग्रेस से छिटक कर भाजपा के उम्मीदवार बने नेताओं ने सियासत का मनोविज्ञान बदला है और इसका असर उनके भविष्य व पार्टियों के परिदृश्य को नए सिरे से पढ़ रहा है। टिकट आबंटन के चक्रब्यूह में भाजपा ने सियासत की शतरंज को भी हैरान किया है, लेकिन कल इसी बिसात पर चुनावी परिणाम की अपनी एक हैसियत होगी। उपचुनाव में एक भी सीट जीतने पर भाजपा की सफलता का परिणाम सोलह प्रतिशत का लाभ देगा। जाहिर है इस हानि का भागीदार वक्त कांग्रेस के लिए महंगा साबित हो सकता है। इसलिए भाजपा के पास कांग्रेस के सिक्के हैं, तो दूसरी ओर कांग्रेस ने भी भाजपा के दो सिक्के आजमाते हुए डा. राम लाल मार्कंडेय को उछाल कर फेंक दिया। ऐसे में अनुराधा राणा का लाहुल-स्पीति से उम्मीदवार बनना नई करवटों का संगम है। सियासत के शिखर और सियासत के सिफर में अंतर केवल वक्त, विमर्श, वकालत और बगावत का है। हिमाचल में बागी या बगावत न होती, तो छह उपचुनाव या निर्दलयों के इस्तीफे अदालत में न होते। बहरहाल चुनावों की देहरी पर आकर राजनीतिक पार्टियों का व्यवहार असामान्य होने की वजह सत्ता की अंगुलियां चलाने जैसा हो जाता है। ऐसे में हर चुनाव को उम्मीदवारों की ताजगी चाहिए, लेकिन यह असंभव होता जा रहा है। जिस तरह चुनावी पांव से पाजेब लंबी होती जा रही है, उसी तरह कोई भी वरिष्ठ नेता अपनी विरासत नहीं छोड़ना चाहता। भाजपा ने मार्गदर्शक मंडल बना कर प्रेम कुमार धूमल व शांता कुमार सरीखे नेताओं के योगदान को पिंजरे में बंद कर दिया, लेकिन कांग्रेस अपनी सरकार की काबिलीयत में चंद्र कुमार या धनी राम शांडिल की उम्र पर गौर नहीं करती। इसी संदर्भ में डा. राम लाल मार्कंडेय भी खुद को राजनीतिक उम्र में संभालने के लिए भाजपा से दूर, कांग्रेस से मजबूर होकर अब निर्दलीय होकर जौहर दिखाना चाहते हैं। क्या राजनीति लोकतंत्र के लिए चुनाव का व्यवहार ओढ़ती है या सत्ता के निष्कर्ष में खुद को संभालती है। जो भी हो, हिमाचल इस समय केवल दो राजनीतिक पार्टियों में ही नहीं बंटा, बल्कि जनता के उसूल, सत्ता के कबूल और उम्मीदवारों के रसूख पर भी मत विभाजन होगा।



# तमिलनाडु के अंगूर किसान संकट में, तेज गर्मी से उपज में 80 प्रतिशत से ज्यादा गिरावट की आशंका

**चेन्नई, 12 मई (एजेंसियां) ।**

तमिलनाडु के अंगूर किसान निराश हैं। पिछले कुछ सप्ताह के दौरान उच्च तापमान के कारण अंगूर की पैदावार में भारी गिरावट की आशंका है। राज्य में अंगूर की दो मुख्य किस्में पन्नीर थिराचाई (मस्कट हैम्बर्ग) और ओडैपट्टी बीज रहित अंगूर - उगाई जाती हैं।

थेनी के किसान के. मुनियंदी ने लगभग 10 एकड़ भूमि पर पन्नीर थिराचाई की खेती की है। बताया कि उच्च तापमान के कारण फसल की पैदावार में भारी गिरावट आएगी। आम तौर पर, एक एकड़ में 10-12 टन अंगूर होते हैं। लेकिन तापमान 39 डिग्री सेल्सियस से अधिक होने के कारण, उपज प्रति एकड़ तीन टन से भी कम होगी। उन्होंने आगे बताया कि एक एकड़ अंगूर की खेती के लिए किसान को करीब 1.25 लाख रुपये खर्च करने पड़ते हैं। यदि पैदावार प्रति एकड़ तीन टन तक गिर जाए तो किसानों की स्थिति दयनीय हो जाएगी। पन्नीर थिराचाई किसान संघ के नेता करुप्पनन राजू ने कहा, हमारे लगभग 90 प्रतिशत किसान कम्बम क्षेत्र में फलों की खेती कर रहे हैं। लू के थपेड़ों ने हमारी जिंदगी तबाह कर दी है। करीब 300 किसान पांच हजार एकड़ भूमि पर खेती कर रहे हैं और हमें भारी नुकसान की आशंका है। उन्होंने यह भी कहा कि उपज आम तौर पर मिलने वाली पैदावार के 80 प्रतिशत से कम होगी। उन्होंने तमिलनाडु कृषि विभाग से उनके नुकसान के लिए मुआवजा देने का आह्वान किया है। ओडैपट्टी बीज रहित अंगूर किसानों की भी यही कहानी है। ओडैपट्टी थेनी जिले का एक क्षेत्र है, जहां लगभग 1,000 एकड़ भूमि पर बीज रहित अंगूर की खेती की जाती है, जिसमें 200 किसान शामिल हैं। अंगूर किसान कृष्णन थेवर ने बताया, हम अंधकारमय भविष्य का सामना कर रहे हैं। हमें एक एकड़ से केवल दो-तीन टन अंगूर ही मिलेगा जो बहुत कम है। आम तौर पर, हम एक एकड़ भूमि से लगभग 12 टन फसल काटते हैं। उन्होंने मांग की कि राज्य सरकार ओडैपट्टी अंगूर के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 50 रुपये प्रति किलोग्राम तय करे, जैसे राज्य सरकार ने फसल नुकसान होने पर गन्ने और धान के लिए किया था।

## न्यूज ब्रीफ

### अब पैन-आधार वेरिफाई करेगा पोस्ट ऑफिस, गड़बड़ी मिली तो नहीं कर पाएंगे निवेश



**नई दिल्ली ।** पिछले साल 1 अप्रैल से पोस्टऑफिस की स्कीम में निवेश करने के लिए पेन और आधार की जानकारी देना अनिवार्य कर दिया गया है। ऐसे में पोस्ट ऑफिस आपके परमानेंट अकाउंट नंबर (पैन) की वैलिडिटी को इनकम टैक्स डिपार्टमेंट के साथ क्रॉस-चेक करके वेरिफाई करेगा। इसका मकसद ये सुनिश्चित करना है कि आपका पैन आपके आधार कार्ड से जुड़ा हुआ है। इसके साथ ही आपने पोस्ट ऑफिस की स्कीम के लिए जो नाम और जन्मतिथि की जानकारी दी है, वह सही है या नहीं। इनमें कोई गड़बड़ी मिलती है तो आप इन स्कीम में निवेश नहीं कर पाएंगे। पैन वैरिफिकेशन सिस्टम प्रोटीन ई-जीओवी टेक्नोलॉजीस (पूर्व में एनएसडीएल) सिस्टम के साथ जुड़ा हुआ है। इस सिस्टम से मिले रिस्पॉन्स के आधार पर पेन को फिनाकिल में मान्य किया जाता है। यह व्यवस्था 30 अप्रैल, 2024 तक लागू थी। 7 मई को जारी डाक विभाग की एक अधिसूचना में कहा गया है कि पैन वैरिफिकेशन से संबंधित प्रोटीन सिस्टम को 1 मई, 2024 को संशोधित किया गया है। अगर आपने अभी तक भी अपना पैन कार्ड आधार से लिंक नहीं कराया है, तो इसे फटाफट करा लें। ऐसे लोग जो 30 जून, 2023 की समयसीमा तक पैन-आधार लिंक नहीं करा सके हैं उन पर पेनल्टी लगाने की समयसीमा में आयकर विभाग ने ढील दी है। आयकर विभाग के मुताबिक, 31 मई तक आधार के साथ पैन को लिंक करा लेने पर टीडीएस की कम कटौती के लिए कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी। आयकर नियमों के अनुसार करदाता को अपने पैन को अपने आधार नंबर के साथ लिंक करना होता है। अगर ये दोनों लिंक नहीं होते तो लागू दर से दोगुनी दर पर टीडीएस काटा जाना जरूरी है।

### डबल सिलेंडर वाली बाइकों में रॉयल एनफील्ड का दबदबा



**नई दिल्ली ।** भारत में हैवी बाइक्स की कैटेगरी में 350-400सीसी इंजन वाली बाइक्स की डिमांड काफी तेजी से बढ़ी है, लेकिन इससे भी अधिक पॉवरफुल डबल सिलेंडर वाली मोटरसाइकिलों को भी लोग जमकर खरीद रहे हैं। इस सेगमेंट में भी रॉयल एनफील्ड का दबदबा है। रॉयल एनफील्ड ने इस बाइक को सबसे पहले ब्रिटेन में लॉन्च किया था। वहां ये बाइक काफी पॉपुलर हुई जिसके बाद इसे 2018 में भारत में लॉन्च किया गया। यह 650सीसी डबल सिलेंडर इंजन सेगमेंट में सबसे ज्यादा बिकने वाली बाइक है. इंटरसेप्टर 650 की एक्स-शोरूम कीमत 3.02 हजार रुपये से शुरू होती है। रॉयल एनफील्ड कॉन्टिनेंटल जीटी 650 बाइक में भी कंपनी ने डुअल सिलेंडर का इस्तेमाल किया है। यह बाइक अपने पॉवरफुल इंजन और जबरदस्त लुक के चलते बाइक प्रेमियों के लिए बीच काफी लोकप्रिय हो रही है। इस बाइक में इंटरसेप्टर 650 से अलग, स्पोर्टी राइडिंग पोजीशन मिलता है। इसकी कीमत 3.19 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) से शुरू होती है। कावासाकी निंजा 300 में भी कंपनी ट्विन सिलेंडर इंजन दे रही है, जिसके चलते इस बाइक की परफॉरमेंस काफी बेहतर है। इस बाइक की कीमत 3.43 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) से शुरू होती है। ये एक एडवेंचर टूअरर बाइक है जिसे ऑफ रोडिंग के लिए भी बेहद पसंद किया जाता है। भारत में इसकी कीमत 12.95 लाख रुपये से शुरू होती है।

### देश के रक्षा क्षेत्र को अगले 10 वर्षों में 138 अरब डॉलर के ऑर्डर मिल सकते हैं नोमुरा का दावा

**नई दिल्ली ।** नोमुरा की ओर से जारी इंडिया डिफेंस नामक एक रिपोर्ट के अनुसार, रक्षा उपकरणों, प्रौद्योगिकियों और सेवाओं की बढ़ती मांग के बीच भारत के रक्षा क्षेत्र को वित्त वर्ष 2024 से 2032 के दौरान 138 बिलियन अमरीकी डालर का आकर्षक ऑर्डर मिल सकता है। यह स्थिति रक्षा उत्पादन और प्रौद्योगिकी विकास में लगी कंपनियों के लिए महत्वपूर्ण संभावनाएं प्रदान करेगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत का रक्षा पूंजीगत व्यय वित्त वर्ष 30 तक कुल बजट का 37 प्रतिशत तक बढ़ने की ओर अग्रसर है, इस दौरान वित्त वर्ष 2025 में अनुमानित रूप से 29 प्रतिशत की पर्याप्त वृद्धि हो सकती है। यह वित्त वर्ष 24-30 में 15.5 ट्रिलियन रुपये के संचयी पूंजी परिव्यय के बराबर है, जो पिछली अवधि की तुलना में पर्याप्त वृद्धि का संकेत देता है। रिपोर्ट में इस वृद्धि का श्रेय रक्षा बजट बढ़ाने, आधुनिकीकरण के प्रयासों और मेक इन इंडिया जैसी पहल के तहत स्वदेशी विनिर्माण पर सरकार के ध्यान को दिया गया है।

## शेयर बाजार की टॉप-10 कंपनियों में से 6 की वैल्यू 1.73 लाख करोड़ कम हुई

# एक हफ्ते में 60,678 करोड़ गिरा एचडीएफसी का मार्केट-कैप



**मुंबई, 12 मई (एजेंसियां) ।**

पिछले कारोबारी हफ्ते में एचडीएफसी बैंक का मार्केट कैप 60,678 करोड़ गिरा है। इस दौरान शेयर बाजार में लिस्टेड देश की टॉप-10 कंपनियों में से 6 की मार्केट वैल्यूएशन में कंबाइंड रूप से 1.73 लाख करोड़ रुपए की कमी आई है। इस गिरावट के बाद एचडीएफसी का मार्केट कैप 10.93 लाख करोड़ रह गया है। एक हफ्ते पहले (3 मई) को यह 11.54 लाख करोड़ रुपए था। इसके अलावा एलआईसी , रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और आईटीसी को भी इस दौरान गिरावट का सामना करना पड़ा है।

**हिंदुस्तान यूनिलीवर का मार्केट-कैप 33,270 करोड़ बढ़ा** - वहीं, फास्ट मूविंग कंज्यूमर गुड्स कंपनी हिंदुस्तान यूनिलीवर ने कारोबार के दौरान एक हफ्ते में 33,270 करोड़ रुपए अपनी मार्केट वैल्यू में जोड़ा है। अब कंपनी की वैल्यू 5.54 लाख करोड़ रुपए हो गई है। भारती एयरटेल और इंफोसिस का मार्केट कैप भी इस दौरान बढ़ा है। पिछले एक हफ्ते में शेयर बाजार में 1,361 अंक (1.84 प्रतिशत) की गिरावट रही। हफ्ते के आखिरी दिन यह 72,664 के स्तर पर बंद हुआ था।

**बाजार में तेजी रही थी** - शेयर बाजार में 10 मई को तेजी रही थी। सेंसेक्स 260 अंक की तेजी के साथ 72,664 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी में भी 97 अंक की तेजी देखने को मिली, ये 22,055 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 21 में तेजी और 9 में गिरावट देखने को मिली।

**9 मई को 1000 अंक से ज्यादा गिरा था बाजार** - शेयर बाजार में गिरावट देखने को मिली थी। सेंसेक्स 1062 अंक गिरकर 72,404 पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी में भी 345 अंक की गिरावट रही, ये 21,957 पर बंद हुआ था। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 25 में गिरावट और 5 में तेजी देखने को मिली थी।

ऑटो को छोड़कर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के सभी सेक्टर में गिरावट दिखने को मिली थी। निफ्टी ऑटो में 0.78 प्रतिशत की तेजी रही। जबकि ऑयल एंड गैस सेक्टर में सबसे ज्यादा 3.15 प्रतिशत की गिरावट रही। स्त्रस्ष्टत्त में 2.47 प्रतिशत, रियल्टी में 2.23 प्रतिशत और मेटल में 2.87 प्रतिशत की गिरावट रही।

**मार्केट कैपिटलाइजेशन क्या होता है** - मार्केट कैप किसी भी कंपनी के टोटल आउटस्टैंडिंग शेयरों यानी वे सभी शेयर, जो फिलहाल उसके शेयरहोल्डर्स के पास हैं, की वैल्यू है।

### एक जून से हफ्ते में तीन बार बंगलूरू से देवघर के बीच इंडिगो की उड़ानें, एयरलाइन ने बयान जारी कर बताया



**नई दिल्ली ।** इंडिगो ने झारखंड के देवघर और बेंगलुरु के बीच एक जून से सप्ताह में तीन बार सीधी उड़ान की घोषणा की है। सीधी उड़ानें संचालित होंगी। इन दिनों फ्लाइट नंबर 6ई 6435 बेंगलुरु से सुबह 10.05 बजे उड़ान भरेगी और दोपहर 12.25 बजे देवघर पहुंचेगी। वापसी उड़ान 6ई 6437 दोपहर 12 बजकर 55 मिनट पर देवघर से उड़ान भरेगी और अपराह्न तीन बजकर 25 मिनट पर बंगलूरू पहुंचेगी। इंडिगो एयरलाइन ने एक बयान में कहा कि नए मार्ग से भारत के दक्षिणी हिस्से से झारखंड के प्रसिद्ध धार्मिक केंद्रों तक कनेक्टिविटी बढ़ेगी। इन नई उड़ानों के साथ, बेंगलुरु कोलकाता, पटना, रांची और दिल्ली के बाद देवघर के साथ एयरलाइन का पांचवां गंतव्य होगा। इंडिगो के वैश्विक बिक्री प्रमुख विनय मल्होत्रा ने कहा, हमें बेंगलुरु और देवघर के बीच सीधी उड़ान की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। मल्होत्रा ने कहा कि यह न केवल ग्राहकों को झारखंड के पवित्र शहर की अनछुई सुंदरता तक पहुंच प्रदान करेगा।

# अडाणी एंटरप्राइजेज करेगा 80,000 करोड़ रुपए का निवेश, इन दो बिजनेस पर रहेगा ज्यादा फोकस



**नई दिल्ली, 12 मई (एजेंसियां) ।**

अरबपति उद्योगपति गौतम अदाणी का अदाणी ग्रुप लगातार नए प्रोजेक्ट में निवेश बढ़ा रहा है। इसी कड़ी में अदाणी ग्रुप की फ्लैगशिप कंपी अदाणी एंटरप्राइजेज ने चालू वित्त वर्ष के दौरान अलग-अलग कारोबारी क्षेत्रों में 80,000 करोड़ रुपये का निवेश करने का प्लान बनाया है। यह जानकारी अदाणी एंटरप्राइजेज में डिप्टी चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर सौरभ शाह ने एक एनालिस्ट कॉल में दी।

### रिन्यूएबल एनर्जी और एयरपोर्ट पर बड़ा खर्च

अदाणी एंटरप्राइजेज ने रिन्यूएबल एनर्जी से लेकर एयरपोर्ट और डेटा सेंटर जैसे क्षेत्रों में अपना सिक्का जमा रखा है। सौरभ शाह ने कहा कि कंपनी ने वित्त वर्ष 2024-25 में 80,000 करोड़ रुपये के कैपिटल एक्सपेंडिचर यानी पूंजीगत व्यय का प्लान बनाया है। इसका एक बड़ा हिस्सा रिन्यूएबल एनर्जी और एयरपोर्ट बिजनेस को बढ़ाने पर खर्च होगा।

उन्होंने कहा कि रिन्यूएबल एनर्जी और एयरपोर्ट सेगमेंट में करीब 50,000 करोड़ रुपये का पूंजीगत व्यय होगा। इस ग्रुप की अदाणी न्यू इंडस्ट्रीज लिमिटेड सोलर मॉड्यूल बनाती है। यह सूर्य के प्रकाश को बिजली और ग्रीन हाइड्रोजन में बदलता है। सौरभ ने कहा कि गंगा एक्सप्रेसवे की वजह से हम सड़क क्षेत्र में भी 12,000 करोड़ रुपये का निवेश करेंगे। बाकी रकम कारोबारी क्षेत्रों में खर्च की जाएगी।

### सात एयरपोर्ट चलाता है अदाणी एंटरप्राइजेज


अदाणी एंटरप्राइजेज फिलहाल देश में 7 एयरपोर्ट को ऑपरेट करता है। यह नवी मुंबई में एक ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट बना रहा है। कंपनी को उम्मीद है कि यह मौजूदा वित्त वर्ष के आखिर तक ऑपरेशनल हो जाएगा। सौरभ ने कहा कि नए हवाई अड्डे के जुड़ने से यात्री यातायात में भारी उछाल आने की संभावना है। अदाणी एंटरप्राइजेज के शेयर 1.37 फीसदी के उछाल के साथ 2,803.90 रुपये पर बंद हुए थे। इसने पिछले 6 महीने में करीब 27 फीसदी का रिटर्न दिया है।

# विदेशी निवेशकों की बिकवाली जारी, मई में निकाले 17 हजार करोड़, ये है उनके डर की वजह

**नई दिल्ली, 12 मई (एजेंसियां) ।**

घरेलू इक्विटी बाजारों से विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की बिकवाली लगातार जारी है। डिपॉजिटरी के डेटा के अनुसार, मई में अब तक एफपीआई इक्विटी बाजारों से 17,083 करोड़ रुपये की निकासी कर चुके हैं। इसके साथ ही कैलेंडर वर्ष 2024 में अब तक एफपीआई की शुद्ध निकासी 14,861 करोड़ रुपये हो गई है

एफपीआई ने 2024 की शुरुआत बिकवाली से की थी और जनवरी में 25,744 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की थी। हालांकि, इसके बाद फरवरी और मार्च में एफपीआई ने शुद्ध रूप से क्रमशः 1,539 करोड़ और 35,098 करोड़ रुपये का निवेश किया। लेकिन अप्रैल में फिर से विदेशी निवेशकों ने इक्विटी बाजारों से 8,671 करोड़ रुपये की निकासी की। मई में भी यह रुख जारी है। डिपॉजिटरी के डेटा के अनुसार, घरेलू शेयर बाजारों में मई में सात दिन कारोबार हुआ है। एफपीआई ने इसमें से छह दिन शुद्ध रूप से बिक्री है, जबकि केवल एक दिन ही निवेश किया। इसी तरह, बॉन्ड बाजार से भी एफपीआई लगातार दूसरे महीने बिकवाल बने हुए हैं। अप्रैल में 10,949 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी के बाद एफपीआई बॉन्ड बाजारों से मई में अब तक 1,602 करोड़ रुपये की निकासी कर चुके हैं।




बॉन्ड बाजार में जनवरी से मार्च के दौरान एफपीआई शुद्ध रूप से निवेशक रहे थे। बाजार विशेषज्ञ अजय बग्गा का कहना है कि चुनावी अनिश्चतता के चलते निवेशकों पर बिक्री का दबाव बना हुआ है।

# माइक्रोसॉफ्ट को कोर्टाना पेटेंट मामले में डेलावेयर कोर्ट से झटका, चुकाने होंगे 24 करोड़ डॉलर

**डेलावेयर, 12 मई (एजेंसियां) ।**

अमेरिकी कंपनी माइक्रोसॉफ्ट को कोर्टाना पेटेंट मामले में बड़ा झटका लगा है। डेलावेयर के संघीय कोर्ट की ज्यूरी ने वर्चुअल असिस्टेंट कोर्टाना के इस्तेमाल पर माइक्रोसॉफ्ट को पेटेंट मालिक आईपीए टेक्नोलॉजी को 24 करोड़ डॉलर चुकाने का आदेश दिया है।

कोर्ट ने माना कि माइक्रोसॉफ्ट ने आईपीए की तकनीक चुराकर उसके पेटेंट अधिकार का उल्लंघन किया है। कोर्टाना एक वर्चुअल वॉइस असिस्टेंट है, जिसे माइक्रोसॉफ्ट ने 2014 में पेश किया था।

हालांकि, आवाज को पहचानने की जिस तकनीक पर कोर्टाना चलता है, उसे लेकर आईपीए का दावा है कि इसका पेटेंट उसके पास है, जो उसने 2010 में सिरी इंक से खरीदा है। सिरी को बाद में एपल ने खरीद लिया था और इसी नाम से अपना आवाज आधारित वर्चुअल असिस्टेंट सिरी पेश किया था।




**फैसले के खिलाफ अपील करेगी माइक्रोसॉफ्ट** - माइक्रोसॉफ्ट के एक प्रवक्ता ने इस मामले पर कहा कि माइक्रोसॉफ्ट ने आईपीए का कोई पेटेंट का उल्लंघन नहीं किया है। इस फैसले के खिलाफ अपील की जाएगी।

आईपीए ने 2018 में माइक्रोसॉफ्ट के खिलाफ मुकदमा दायर किया था। माइक्रोसॉफ्ट पर व्यक्तिगत डिजिटल सहायकों और आवाज-आधारित डाटा नेविगेशन से संबंधित पेटेंट के उल्लंघन का आरोप लगाया था। हालांकि, बाद में एक विशिष्ट आईपीए पेटेंट पर ध्यान केंद्रित करने के लिए मामले को कम कर दिया गया।

**जिस पेटेंट की बात हो रही वह अमान्य था** - हालांकि, माइक्रोसॉफ्ट की दलील थी कि उसने पेटेंट का उल्लंघन नहीं किया है, बल्कि जिस पेटेंट की बात की जा रही है वह अमान्य था। आईपीए ने इसी तरह के मामले में गूगल और अमेजन पर भी मुकदमा किया था, जिसमें से गूगल के खिलाफ मुकदमा अभी जारी है, जबकि अमेजन के खिलाफ हार हुई है। बता दें, ऐसे मामलों में कई कंपनियों को अमेरिका व अन्य देशों में अदालती कार्रवाईका सामना करना पड़ रहा है।

# कीमतों को बढ़ने से रोकने के लिए सरकार ने कसी कमर बफर स्टॉक के लिए पांच लाख टन प्याज खरीदना शुरू

**नई दिल्ली, 12 मई (एजेंसियां) ।**

अक्सर प्याज के दाम देखते ही देखते आसमान छूने लगते हैं। लेकिन चुनाव नजदीक देख सरकार ऐसा नहीं होने देना चाहती। इसलिए सरकार ने इस साल अपने बफर स्टॉक के लिए पांच लाख टन प्याज खरीदने की योजना बनाई है। इसका इस्तेमाल कीमतें बढ़ने की स्थिति में उन्हें काबू करने के लिए किया जा सकता है। इसी को लेकर सरकार ने किसानों से प्याज खरीदना शुरू कर दिया है।

**बाजार दरों पर किसानों से प्याज खरीदना शुरू** - उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि केंद्र सरकार ने कीमतों में वृद्धि होने पर आपूर्ति बढ़ाने के लिए 2024-25 के लिए पांच लाख टन का बफर स्टॉक बनाने के लिए बाजार दरों पर किसानों से प्याज खरीदना शुरू कर दिया है। यदि प्याज की कीमतों में बढ़ोतरी होती है तो बफर सरकार को बाजारों में हस्तक्षेप करने की इजाजत देगा। खासकर तब जब सरकार ने पिछले सप्ताह प्याज निर्यात परसे प्रतिबंध हटाने का एलान कर दिया है।



**प्याज निर्यात पर प्रतिबंध हटाया** - गौरतलब है, देश में चल रहे लोकसभा चुनावों के बीच सरकार ने प्याज निर्यात पर प्रतिबंध हटाने का फैसला लिया, लेकिन साथ न्यूनतम निर्यात मूल्य (एमईपी) 550 डॉलर प्रति टन तय किया है। इसके साथ ही प्याज के निर्यात पर 40 प्रतिशत शुल्क भी लगा दिया है। पिछले साल अगस्त में भारत ने 31 दिसंबर, 2023 तक प्याज पर 40 प्रतिशत निर्यात शुल्क लगाया था।

**प्याज की दरें बढ़ने की उम्मीद नहीं** - उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने सामान्य उपलब्धता, स्थिर कीमतों और सर्दियों की फसल से 1.91 लाख टन होने वाले मजबूत उत्पादन का हवाला देते हुए कहा कि सरकार को मुक्त निर्यात के कारण प्याज की दरें बढ़ने की उम्मीद नहीं है। प्याज की आपूर्ति गर्मी के मौसम में कम हो जाती है। आपूर्ति में कमी के कारण कीमतों में उछाल के बीच सरकार ने दिसंबर में प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था।

**ये एजेंसियां खरीदेगी प्याज** - सरकार की तरफ से नेशनल कॉआपरेटिव कंज्यूमर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड और नेशनल एग्रीकल्चरल कॉआपरेटिव मार्केटिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड जैसी एजेंसियां प्याज खरीदेंगी। सरकार ने एजेंसियों को निर्देश दिया गया है कि वे किसानों से सीधे बफर के लिए प्याज खरीदना शुरू करें।

### देश के कई राज्यों में बदले पेट्रोल-डीजल के भाव, ब्रेंट क्रूड 89.79 डॉलर प्रति बैरल



**नई दिल्ली ।** वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं है। डब्लयूटीआई क्रूड 78.26 डॉलर प्रति बैरल पर बिक रहा है। वहीं ब्रेंट क्रूड 89.79 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। देश में तेल मार्केटिंग कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल के ताजा भाव जारी कर दिए हैं। छत्तीसगढ़ में पेट्रोल और डीजल 50 पैसे महंगा बिक रहा है। हरियाणा में पेट्रोल और डीजल 21 पैसे महंगा हुआ है। गुजरात, झारखण्ड, केरल, मणिपुर और उत्तर प्रदेश में भी पेट्रोल-डीजल की कीमत में उछाल देखने को मिल रहा है। वहीं मध्य प्रदेश में पेट्रोल 25 पैसे और डीजल 22 पैसे सस्ता हो गया है। बिहार में पेट्रोल-डीजल 10 पैसे सस्ता हुआ है। हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और महाराष्ट्र में भी पेट्रोल-डीजल सस्ता हुआ है। दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये और डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये और डीजल 92.15 रुपये प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 103.94 रुपये और डीजल 90.76 रुपये प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 94.34 रुपये प्रति लीटर है। नोएडा में पेट्रोल 94.72 रुपये और डीजल 87.83 रुपये प्रति लीटर हो गया है। गाजियाबाद में 94.65 रुपये और डीजल 87.75 रुपये प्रति लीटर हो गया है। लखनऊ में पेट्रोल 94.56 रुपये और डीजल 87.66 रुपये प्रति लीटर हो गया है। पटना में पेट्रोल 105.18 रुपये और डीजल 92.04 रुपये प्रति लीटर हो गया है। पोर्टब्लेयर में पेट्रोल 84.10 रुपये और डीजल 79.74 रुपये प्रति लीटर हो गया है।





# पहले दौर में हारे दीपक पूनिया, पेरिस ओलंपिक क्वालीफिकेशन को लगा झटका, अमन सेमीफाइनल में पहुंचे

**इस्तांबुल, 12 मई (एजेंसियां)।**

अनुभवी भारतीय पहलवान दीपक पूनिया को इस्तांबुल में जारी विश्व ओलंपिक क्वालीफायर के पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा जिससे उनके पेरिस ओलंपिक क्वालीफिकेशन को तगड़ा झटका लगा है। हालांकि युवा पहलवान अमन सहरावत 57 किग्रा वर्ग के सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं और वह ओलंपिक कोटा हासिल करने से महज एक कदम दूर हैं। अब तक कोई भारतीय पुरुष पहलवान ओलंपिक के लिए क्वालीफाई नहीं कर सका है और भारतीय पहलवानों के पास पेरिस खेलों में शामिल होने का यह आखिरी अवसर है।


**रेपचेज के जरिये आगे बढ़ सकते हैं दीपक** – टोक्यो ओलंपिक में मामूली अंतर से कांस्य पदक से चूके दीपक पूनिया 86 किग्रा के पहले मुकाबले में चीन के ताकतवर जुशेन लिन पर बढ़त लेने के बावजूद 4-6 से हार गए। अब पूनिया का भाग्य रेपेचेज दौर पर टिका है जिसके लिए चीन के इस पहलवान को फाइनल में पहुंचना होगा। अगर जुशेन लिन फाइनल में पहुंचने में सफल रहे तो दीपक रेपचेज के जरिये आगे बढ़ सकते हैं। भारतीय टीम में सबसे अनुभवी पहलवान दीपक पूनिया पहले पीरियड में 3-0 से बढ़त बनाए थे। चीन के पहलवान ने वापसी करते हुए स्कोर 4-3 कर दिया और अंत में जीत दर्ज करने में सफल रहे।

**अमन का शानदार प्रदर्शन** – अंडर-23 वर्ग के विश्व विजेता और सीनियर एशियन चैंपियन का खिताब जीतने वाले अमन से बेहतर प्रदर्शन की आशा थी और उन्होंने निराश नहीं किया। अमन ने पहले जियोर्जी वालेंतिनोव वांगलोव को 10-4 से हराया और फिर यूक्रेन के आंद्री यात्सेंको को मात दी। यात्सेंको ने तेजी से अंक हासिल करने की कोशिश की, लेकिन अमन ने भी अपने प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ वापसी करने में देर नहीं लगाई। अमन बिना कोई अंक गंवाए तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर जीत दर्ज करने में सफल रहे।

**सुजीत-जयदीप क्वार्टर फाइनल में पहुंचे** – एक तरफ जहां विश्व ओलंपिक क्वालीफायर में पहले दौर में मिली करारी हार के बाद दीपक पूनिया की ओलंपिक क्वालीफिकेशन की उम्मीदों को करारा झटका लगा, वहीं दूसरी ओर युवा पहलवान सुजीत कलकल और जयदीप अहलावत क्वार्टर फाइनल में पहुंचने में सफल रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### बीसीसीआई सेक्रेटरी ने घरेलू क्रिकेट के लिए किए तीन सिफारिश: रणजी ट्रॉफी के मैचों के बीच चार दिन का गैप; सीके नायडू ट्रॉफी में टॉस खत्म होगा



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड घरेलू क्रिकेट को बेहतर बनाने के लिए रणजी ट्रॉफी को दो चरणों में कराने के साथ ही तीन बदलाव करने जा रही है। बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने 2024-2025 के घरेलू सीजन के लिए एपेक्स काउंसिल को तीन बड़ी सिफारिशें भेजी हैं। जिनमें रणजी ट्रॉफी को दो चरणों में करना, अंडर-23 सीके नायडू ट्रॉफी में टॉस खत्म करना और दलीप ट्रॉफी के लिए जोन टीमों का चयन नेशनल सिलेक्शन कमिटी की ओर से किया जाना शामिल है। अब चलिए बीसीसीआई सचिव की ओर से की गई तीनों सिफारिशों को विस्तार से जानते हैं। रणजी ट्रॉफी के मैचों के बीच तीन की जगह चार दिन का गैप रणजी ट्रॉफी के मैचों के बीच तीन की जगह अब चार दिन का गैप होगा। दरअसल पिछले साल शार्दूल ठाकुर ने कहा था कि रणजी ट्रॉफी के मैचों के बीच गैप कम है, पहले ग्रुप मैचों के बीच 4 दिन और नॉक आउट मैचों के बीच 5 दिन का गैप होता था। अगर मैचों का ऐसा शेड्यूल दो-तीन साल ऐसा ही रहा तो देश के कई युवा खिलाड़ी चोटों से जूझते नजर आएंगे। शार्दूल की बात तो बीसीसीआई ने गंभीरता से लिया। बीसीसीआई अब रणजी ट्रॉफी को दो चरणों में कराने की योजना तैयार की है। रणजी ट्रॉफी अब जनवरी के बजाय सितंबर के आखिर या अक्टूबर के शुरुआत में कराया जाएगा। शुरुआती चरणों के 5 राउंड के मैचों के बाद सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी और विजय हजारे ट्रॉफी के मैच होंगे। वहीं उसके बाद रणजी राउंड के दूसरे चरण में तीन राउंड और नॉकआउट के मैच होंगे।

### टी20 क्रिकेट सबसे अधिक बार शून्य पर आउट होने वाले खिलाड़ी बने नरेन

**कोलकाता ।** कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) के आक्रामक ऑलराउंडर सुनील नरेन मुम्बई इंडियंस के



खिलाफ आईपीएल मुकाबले में पहली ही गेंद पर बोल्ड हो गये। इसी के साथ ही एक अनचाहा रिकार्ड भी नरेन के नाम पर जुड़ गया। नरेन टी20 क्रिकेट में सबसे अधिक 44वीं बार खाता खोल बिना ही आउट हुए हैं। इस प्रकार टी20 क्रिकेट में सर्वाधिक बार शून्य पर आउट होने का शर्मनाक रिकॉर्ड अब नरेन के नाम जुड़ गया है। इससे पहले ये रिकार्ड इंग्लैंड के पूर्व ओपनर एलेक्स हेल्स के नाम था। हेल्स टी20 क्रिकेट में कुल 43 बार शून्य पर आउट हुए थे। नरेन को बुमराह ने केकेआर की पारी के दूसरे ओवर की पहली गेंद पर ही पेवेलियन भेज दिया। आईपीएल में अब नरेन 16वीं बार शून्य पर आउट हुए हैं। इसी के साथ ही वह आईपीएल में सबसे ज्यादा बार शून्य पर आउट होने वाले पीयूष चावला के साथ ज्वाइंट रूप से दूसरे बल्लेबाज बन गए हैं। इस सूची में दिनेश कार्तिक, ग्लेन मैक्सवेल और रोहित शर्मा संयुक्त रुप से पहले नंबर पर हैं। नरेन टी20 क्रिकेट में सबसे अधिक बार शून्य पर आउट होने वाले बल्लेबाज हैं। इस लिस्ट में सुनील नरेन और एलेक्स हेल्स के बाद तीसरे नंबर पर अफगानिस्तान के राशिद खान हैं जो 42 बार खाता खोले बिना ही पेवेलियन लौट गये। आयरलैंड के पॉल स्टर्लिंग 32 और ग्लेन मैक्सवेल व जेसन रॉय 31 बार शून्य पर आउट हुए हैं।

### टूर्नामेंट के शेष भाग के लिए जीटी टीम में सुशांत मिश्रा की जगह गुरनूर बराड़ शामिल

**मुंबई।** अहमदाबाद इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2022 चैंपियन गुजरात टाइटंस ने कहा कि उन्होंने



आईपीएल 2024 के बाकी मैचों के लिए बाएं हाथ के तेज गेंदबाज सुशांत मिश्रा के स्थान पर तेज गेंदबाज गुरनूर सिंह बराड़ को साइन किया है। दाएं हाथ के तेज गेंदबाज, छह फीट और पांच इंच लंबे हैं और उन्हें हिट-द-डेक तेज गेंदबाज के रूप में जाना जाता है। उन्होंने घरेलू क्रिकेट में पांच प्रथम श्रेणी मैचों और एक लिस्ट-ए मैच में पंजाब का प्रतिनिधित्व किया है। 2023 के आईपीएल में, घायल ऑलराउंडर राज अंगद बावा के प्रतिस्थापन के रूप में चुने जाने के बाद, उन्होंने पंजाब किंग्स के लिए एक अकेला मैच खेला। उन्होंने आईपीएल 2024 के लिए 50 लाख रुपये के आरक्षित मूल्य पर जीटी टीम के साथ अनुबंध किया। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मिश्रा, जो 2020 पुरुष अंडर19 विश्व कप में भारत के लिए खेले और झारखंड के लिए घरेलू क्रिकेट खेलते हैं, को साइड में चोट लग गई है। एक सूत्र ने कहा, अगर चोट नहीं लगी होती, तो सुशांत इस सीजन में आईपीएल में पदार्पण कर चुके होते।

# चेन्नई सुपर किंग्स ने राजस्थान रॉयल्स को पांच विकेट से हराया



**चेन्नई, 12 मई (एजेंसियां)।**

कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ नाबाद (42) रनों की धैर्यपूर्ण पारी और सिमरजीत सिंह और तुषार देशपांड की शानदार गेंदबाजी की बदौलत चेन्नई सुपर किंग्स ने रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 61वें मैच में राजस्थान रॉयल्स को पांच विकेट से हरा दिया है। इसी के साथ ही चेन्नई की टीम अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गई है।


142 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी चेन्नई सुपर किंग्स की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने चौथे ओवर में आर अश्विन ने अपनी ही गेंद पर कैच पकड़कर रचिन रविंद्र 18 गेंदों में (27) को आउटकर राजस्थान को पहली सफलता दिलाई। आठवें ओवर में यजुवेंद्र चहल ने डैरिल मिचेल 13 गेंदों में (22) रन को पगबाधा कर आउट किया। मोईन अली (10), शिवम दुबे (18) बनाकर आउट हुये। 16वें ओवर में रवींद्र जडेजा (5) को क्षेत्ररक्षण में बाधा डालने पर आउट करार दिया गया। ऋतुराज गायकवाड़ कप्तानी पारी खेलते हुए 41 गेंदों में एक चौका और दो छक्के लगाते हुए नाबाद (42) रन बनाये। समीर रिजवी आठ गेंदों में 15 रन बनाकर नाबाद रहे। चेन्नई ने 18.2 ओवर में पांच विकेट पर 145 रन बनाकर पांच विकेट से मुकाबला जीत लिया। राजस्थान की ओर से रवि अश्विन ने दो विकेट लिये। नांद्रे बर्गर और युजवेंद्र चहल ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले रियान पराग नाबाद (47) और ध्रुव जुरेल (28) रनों के दम पर राजस्थान रॉयल्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को जीत के लिये 142 रनों का लक्ष्य दिया था।

आज यहां एम ए चिदंबरम स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। यशस्वी जयसवाल और जॉस बटलर की सलामी जोड़ी ने धीमी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 46 रन जोड़े। सातवें ओवर में सिमरजीत सिंह ने ऋतुराज गायकवाड़ के हाथों यशस्वी जयसवाल को कैच आउट कराकर चेन्नई को पहली सफलता दिलाई। जयसवाल ने 21 गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लगाते हुए 24 रन बनाये। इसके बाद नौवें ओवर में सिमरजीत सिंह ने जॉस बटलर को भी पवेलियन भेज दिया। बटलर ने 25 गेंदों में 21 रन बनाये। कप्तान संजू सैमसन (15) और ध्रुव जुरेल (28) रन बनाकर आउट हुये। जुरेल ने अपनी पारी में एक चौका और दो छक्के लगाये। रियान पराग ने 35 गेंदों में एक चौका और तीन छक्के लगाते हुए नाबाद सर्वाधिक (47) रनों की पारी खेली। राजस्थान ने निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 141 रनों का स्कोर खड़ा किया।

चेन्नई की ओर से सिमरजीत सिंह ने तीन विकेट लिये। तुषार देशपांडे को दो विकेट मिले।

# रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने दिल्ली कैपिटल्स को 47 रनों से रौंदा

**बेंगलुरु, 12 मई (एजेंसियां)।**



रजत पाटीदार (52), विल जैक्स (41) और कैमरन ग्रीन नाबाद (32) की शानदार बल्लेबाजी और उसके बाद गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 62वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स को 47 रनों से हरा दिया है। आरसीबी ने लगातार पांचवीं जीत हासिल करते हुए अपने को प्लेऑफ की दौड़ में बनाये रखा है।

188 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने पहले ही ओवर में सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर (1) का विकेट गवां दिया। इसके बाद तीसरे ही ओवर में अभिषेक पोरेल (2) रनआउट होकर पवेलियन लौट गये। जेक फ्रेजर-मक्गर्क और शे होप ने पारी को संभालने का प्रयास किया। तीसरे ही ओवर में जेक फ्रेजर भी आउट हो गये। उन्होंने आठ गेंदों में 21 रन बनाये। कुमार कुशाग्र (2), ट्रिस्टन स्टब्स (3), रसिख सलाम (10) और मुकेश कुमार (3) रन बनाकर आउट हुये। कप्तान अक्षर पटेल ने 39 गेंदों में पांच चौकों और तीन छक्कों की मदद से सर्वाधिक (57) रनों की पारी खेली। आखिरी विकेट के रूप में कुलदीप यादव छह रन बनाकर आउट हुये। दिल्ली की पूरी टीम 19.1 ओवर में 140 रन पर सिमट गई।

बेंगलुरु की ओर से यश दयाल को तीन विकेट मिले। लॉकी फर्ग्युसन ने दो विकेट लिये। कैमरन ग्रीन, स्वप्निल सिंह और मोहम्मद सिराज ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने दिल्ली कैपिटल्स को जीत के लिए 188 रनों का लक्ष्य दिया था। आज यहां एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में ऋषभ पंत की अनुपस्थिति में अक्षर पटेल ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है। बल्लेबाजी करने उतरी रॉयल चैलेंजर्स (आरसीबी) की शुरुआत खबरा रही और उसने तीसरे ओवर में कप्तान फाफ डुप्लेसी (6) का विकेट गवां दिया। उन्हें मुकेश कुमार ने आउट किया। चौथे ओवर में विराट कोहली भी पेवेलियन लौट गये। उन्हें इशांत शर्मा ने आउट किया। विराट कोहली ने 13 गेंदों में एक चौका और तीन छक्के लगाते हुए (27) रनों की पारी खेली। शीर्ष दोनों बल्लेबाजों के आउट होने के बाद विल जैक्स और रजत पाटीदार ने पारी को संभाला। दोनों के बीच तीसरे विकेट लिये 88 रनों की साझेदारी हुई। विल जैस ने 29 गेंदों में तीन चौके और दो छक्के लगाते हुए (41) रन बनाये। रजत पाटीदार 32 गेंदों में तीन चौके और तीन छक्कों की मदद से (52) रनों की पारी खेली। महिपाल लोमरोर (13) रन बनाकर आउट हुये। कैमरन ग्रीन ने 24 गेंदों में नाबाद (32) रनों की पारी खेली। एक समय बड़े स्कोर की ओर बढ़ रही आरसीबी आ-खिरी पांच ओवर में पांच विकेट गवां कर नौ विकेट पर 187 के स्कोर ही बना सकी। उसके दो बल्लेबाज तो हड़बड़ी में रन आउट हुये। दिल्ली कैपिटल्स की ओर से खलील अहमद और रसिख सलाम ने दो-दो बल्लेबाजों को आउट किया। इशांत शर्मा, मुकेश कुमार और कुलदीप यादव को एक-एक विकेट मिला।

## अमन सहरावत ने पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल किया : वर्ल्ड ओलंपिक क्वालिफायर के फाइनल में पहुंचे, निशा ने भी किया क्वालिफाई

**नई दिल्ली, 12 मई (एजेंसियां) ।**

**अमन सहरावत ने कुश्ती में भारत के लिए छठा ओलिंपिक कोटा हासिल कर लिया है। उन्होंने इंस्ताबुल में चल रहे वर्ल्ड ओलिंपिक क्वालिफायर में मेंस के लिए पहला पेरिस ओलिंपिक कोटा हासिल किया था। इससे पहले महिलाओं में निशा दहिया ने 68 किलो वेट कैटगिरी में पांचवा कोटा हासिल किया था।**

निशा से पहले 50 किलो वेट में विनेश फोगाट, 53 किलो वेट में अंतिम पंघल, 57 किलो वेट में अंशु मलिक और 76 किलो वेट में रितिक हुडा ओलिंपिक कोटा हासिल कर चुके हैं।

अंडर-23 वर्ल्ड चैंपियन रह चुके अमन सहरावत ने वर्ल्ड ओलिंपिक क्वालिफायर के 57 किलो वेट के सेमीफाइनल में डेमोक्रेटिक पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ कोरिया के चोंगसोंग हान को 12-2 से हराया।

इससे पहले उन्होंने ओलिंपियन बुल्गारिया





के जॉर्जी वांगेलोव को पांच टेकडाउन के दम पर 10-4 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। इसके बाद उन्होंने यूक्रेन के एंड्री यात्सेंको पर 12-2 से जीत के साथ कोटा के लिए मुकाबला तय किया।

### दीपक पूनिया चूके

टोक्यो ओलिंपिक में देश का प्रतिनिधित्व कर चुके दीपक पूनिया 68 क्रिलो ग्रोव वेट कैटेगिरी में ओलिंपिक कोटा हासिल करने से चूक गए। एशियन गेम्स के सिल्वर मेडलिस्ट दीपक पूनिया शुरुआत में 3-0 से आगे होने के बावजूद चीन के जुशेन लिन से 6-4 से हार गए। जुशेन लिन बाद में क्वार्टर फाइनल में हारकर बाहर हो गए, जिससे दीपक पुनिया की रेपेचेज के माध्यम से ओलिंपिक कोटा पाने की उम्मीदें खत्म हो गईं।


## आयोजन स्थल पर सिर पर पानी की बोतल गिरने के एक दिन बाद जोकोविच ने इटालियन ओपन में हेलमेट पहना

**रोम, 12 मई (एजेंसियां) ।**

एक मैच जीतने के बाद ऑटोग्राफ देते समय उनके सिर पर पानी की बोतल लगने के एक दिन बाद, सर्बियाई टेनिस के दिग्गज नोवाक जोकोविच इटालियन ओपन में हेलमेट पहनकर ऑटोग्राफ देने गए। 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन ने इटालियन ओपन में अपने सामने आए डरावने क्षण पर प्रकाश डाला, जब ऑटोग्राफ देते समय एक प्रशंसक के बैग से बोतल गलती से गिर गई और जोकोविच के सिर पर जा लगी।

घटना के तुरंत बाद सर्बियाई टेनिस स्टार को अपना सिर पकड़ते हुए और जमीन पर गिरते हुए देखा गया था, लेकिन टूर्नामेंट के प्रवक्ता ने बाद में कहा कि जोकोविच की स्थिति चिंता का कारण नहीं है। जोकोविच ने पूरी घटना पर प्रकाश डाला जब वह हेलमेट के साथ फोरो इटालिको पहुंचे। छह बार का रोम चैंपियन अभ्यास के लिए कार्यक्रम स्थल पर लौटा और हेलमेट पहनकर ऑटोग्राफ देने के लिए प्रशंसकों के पास आया।

उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, आज मैं तैयारी करके आया हूं। एटीपी रैंकिंग में नंबर 1 खिलाड़ी कोरेंटिन मौटेट को हराने के बाद,



खिलाड़ियों को कोर्ट से बाहर ले जाने वाले रास्ते पर प्रशंसकों को ऑटोग्राफ दे रहे थे। तभी एक प्रशंसक झुक गया और पानी की बोतल गलती से उनके बुकबैग से गिर गई और जोकोविच के सिर में लग गई। टूर्नामेंट आयोजकों ने इसके तुरंत बाद एक बयान में कहा, नोवाक जोकोविच के अपने मैच के अंत में सेंट्रल कोर्ट से बाहर निकलते समय दर्शकों को ऑटोग्राफ देते समय गलती से पानी की बोतल उनके सिर पर लग गई।

उन्हें उचित दवा दी गई और वह पहले ही अपने होटल लौटने के लिए फ़ोरो इटालिको छोड़ चुके हैं; उनकी हालत ठीक है चिंता का कारण नहीं है। 36 वर्षीय ने अपने होटल के कमरे से अपने प्रशंसकों को आश्वस्त किया। जोकोविच ने एक्स, जिसे पहले ट्विटर के नाम से जाना जाता था, पर लिखा, चिंता के संदेशों के लिए धन्यवाद। यह एक दुर्घटना थी, और मैं आइस पैक के साथ होटल में आराम करते हुए ठीक हूं। आप सभी से मुलाकात होगी। प्रशंसकों से बातचीत करते समय जोकोविच के चेहरे पर बड़ी मुस्कान थी। शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी का अगला मुकाबला 29वीं वरीयता प्राप्त एलेजांद्रो टेबिलो से होगा।

## आईपीएल 2024 के बाद चार खिलाड़ियों की कप्तानी से होगी विदाई

# 2025 के मेगा ऑक्शन से पहले फ्रेंचाइजी ले सकती हैं कड़ा फैसला

**मुम्बई, 12 मई (एजेंसियां) ।**

आईपीएल प्रीमियर लीग 2024 एक अलग लेवल पर खेला जा रहा है। इस आईपीएम में पहली बार तीन बड़े खिलाड़ी एमएस धोनी, विराट कोहली और रोहित शर्मा कप्तानी से बाहर हुए हैं। वहीं तो दूसरी ओर आईपीएल 2025 से पहले मेगा ऑक्शन होगा। अगले 10 सालों के लिए आईपीएल की टीमें अपने-अपने प्लान पर काम शुरू कर चुकी हैं। इस लीग में जहां पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियंस प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी हैं तो कुछ टीमें ऐसी हैं, जो बॉर्डर पर खड़ी हैं। इस बीच सनराइजर्स हैदराबाद से शर्मनाक हार के बाद लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान केएल राहुल को टीम के मालिक संजीव गोयनका के गुस्से का शिकार होना पड़ा है। मैच खत्म होने के बाद टीम के मालिक गोयनका द्वारा मैदान पर सरेआम केएल राहुल को डांट खाते देख जहां क्रिकेटर और फैंस नाराज हो गए हैं तो दूसरी ओर खबरे आ रही है कि उनकी कप्तानी से विकेटकीपर बल्लेबाज की विदाई तय है। संभव है कि अगले मैच से पहले ही इस पर फैसला लिया जा सकता है। संभव है कि इस सीजन के दौरान या खत्म होते ही केएल राहुल का पत्ता कट जाएगा। उनके अलावा भी कई टीमें हैं, जो समय का इंतजार कर रही हैं। जैसे ही सीजन खत्म होगा वह भी अपने अगले प्लान पर काम शुरू कर देंगी। टीम के मालिक संजीव गोयनका का कप्तान केएल राहुल को गुस्से में डांटने का वीडियो जब से वायरल हुआ है उसके बाद से फैंस मांग कर हैं कि केएल राहुल



को टीम और कप्तानी दोनों छोड़ देना चाहिए। इस बीच मीडिया में यह भी दावा किया गया कि इसी सीजन अगले मैच से पहले लखनऊ सुपरजायंट्स की कप्तानी में बदलाव हो सकता है। ऐसी भी संभावना है कि केएल राहुल को टीम आईपीएल 2025 के लिए होने वाले मेगा ऑक्शन से पहले बाहर कर दे। मुंबई इंडियंस आईपीएल 2024 से पहले तक एक ऐसी टीम मानी जाती थी, जो प्लेयर में विश्वास रखती थी। रोहित शर्मा को कप्तानी से हटाने के बाद हार्दिक पंड्या को कप्तानी सौंपी, लेकिन इससे मुंबई इंडियंस से फैंस नाराज हुए, बल्कि खिलाड़यों में भी तालमेल नहीं दिखा। ऐसी भी खबरें आईं कि हार्दिक की कप्तानी से टीम के लोग खुश नहीं हैं। अब टीम प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है तो हो सकता है कि मुंबई के मालिक हार्दिक पंड्या पर फिर से विचार करें। दिलचस्प यह होगा कि फ्रेंचाइजी का अगला कदम क्या होगा। फाफ डु प्लेसिस चेन्नई सुपर किंग्स से जब रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु पहुंचे तो उन्हें विराट कोहली की जगह कप्तान बनाया, लेकिन इससे टीम में कोई सुधार नहीं आया है। टीम पहले आईपीएल खिताब के लिए जूझ रही है, जबकि फाफ डु प्लेसिस के हमउम्र के एबी डिविलियर्स रिटायर हो चुके हैं। अब जबकि टीम को अगले 10 साल के लिए एक मजबूत टीम बनाना है तो अगले कप्तान के रूप में टीम किसी और को आजमाएगी। अगले आईपीएल मेगा ऑक्शन से पहले इस पर कोई फैसला लिया जा सकता है। शिखर धवन जब आईपीएल 2024 में आए तो उनकी फॉर्म बहुत अच्छी थी। उन्होंने दिल्ली के खिलाफ 22, बेंगलुरु के खिलाफ 45 और लखनऊ के खिलाफ 70 के बाद गुजरात और हैदराबाद के खिलाफ क्रमशः 1 और 14 रन की पारी खेली। यहां शिखर धवन चोटिल हो गए और उसके बाद नहीं खेल पाए। इस बीच पंजाब किंग्स रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ शर्मनाक हार के बाद प्रीति जिंटा की टीम पंजाब प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गई। इस दौरान सैम करन कप्तानी कर रहे थे।



# ईरान ने दी इजराइल को परमाणु बम की धमकी, कहा देश के अस्तित्व को खतरा हुआ तो बदल देंगे सैन्य सिद्धांत

**तेहरान, 12 मई (एजेंसियां) ।**

इजराइल-हमास संघर्ष के बीच इजराइल-ईरान के बीच तनाव भी लगातार जारी है। इस बीच ईरान ने इजराइल को परमाणु बम की धमकी भी दी है। इजराइल के साथ बढ़ते तनाव के बीच ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के सलाहकार कमाल खर्राजी ने एक बयान जारी कर कहा कि ईरान के अस्तित्व को कोई खतरा हुआ, तो वह अपने परमाणु सिद्धांत को बदल देंगे। उन्होंने आगे कहा कि इजराइल की वजह से ईरान को नुकसान पहुंचता है तो वह पीछे नहीं हटने वाले हैं

**ईरान ने दी परमाणु बम की धमकी** - अयातुल्ला अली खामेनेई के सलाहकार कमाल खर्राजी ने इजराइल को चेतावनी देते हुए एक बयान जारी किया। उन्होंने अपने बयान में कहा, हमारा परमाणु बम बनाने का कोई इरादा नहीं है, लेकिन अगर ईरान के अस्तित्व को कोई खतरा होता है तो हमारे पास अपने सैन्य सिद्धांतों को बदलने के अलावा कोई विकल्प नहीं होगा। बता दें कि पिछले महीने इजराइल ने दमिश्क में ईरान के वाणिज्य दूतावास पर हमला किया था। हमले में दूतावास का एक खंड पूरी तरह ध्वस्त हो गया। इस हमले के बाद से ही इजराइल और ईरान के बीच तनाव बढ़ गया।

**अप्रैल से इजराइल-ईरान के बीच तनाव जारी** - परमाणु हथियार विकास के खिलाफ अयातुल्ला खामेनेई के पिछले फतवे के बावजूद, ईरान के तत्कालीन खुफिया मंत्री ने 2021 में कहा था कि बाहरी दबाव, खासकर पश्चिमी देश ईरान को परमाणु हथियार बनाने के लिए प्रेरित कर सकता है। खर्राजी ने कहा, जायोनी शासन (इजराइल) द्वारा हमारी परमाणु सुविधाओं पर हमले से हमारी प्रतिरोधक क्षमता बदल जाएगी। ईरान ने इजराइल को परमाणु बम की चेतावनी तब दी, जब अप्रैल में दोनों देशों के बीच तनाव शुरू हो गया। अप्रैल की शुरुआत में दमिश्क में ईरानी दूतावास पर हमले के बाद जवाबी कार्रवाई में ईरान ने इजराइल पर 300 ड्रोन और मिसाइलों से हमला किया। बता दें कि दमिश्क में ईरानी दूतावास पर हुए हमले में ईरानी सेना के वरिष्ठ सलाहकार समेत कई लोग मारे गए थे।

## न्यूज ब्रीफ

### खालिस्तानी आतंकवादी निज्जर की हत्या के मामले में चौथा भारतीय गिरफ्तार साजिश रचने का लगा आरोप

**ओटावा ।** खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मामले में कनाडाई अधिकारियों चौथे



संदिग्ध भारतीय नागरिक को गिरफ्तार किया। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई। कनाडा के ब्रैम्पटन, सरे और एबट्सफोर्ड के निवासी अमरदीप सिंह (22 वर्षीय) पर फर्स्ट डिग्री हत्या व हत्या की साजिश रचने का लगाया गया है। इंटीग्रेटेड होमिसाइड इंवेस्टिगेशन टीम (आईएचआईटी) ने कहा कि अमरदीप सिंह को निज्जर की हत्या में उनकी भूमिका के लिए 11 मई को गिरफ्तार किया गया था। आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया कि अमरदीप पहले से ही आग्नेयास्त्र अपने पास रखने के आरोप में पील क्षेत्रीय पुलिस की हिरासत में था। आईएचआईटी के प्रभारी अधिकारी मनदीप मूकर ने कहा, यह गिरफ्तारी निज्जर की हत्या में भूमिका निभाने वालों को जिम्मेदार ठहराने के लिए चल रही हमारी जांच की प्रकृति को दिखाती है। निज्जर (48 वर्षीय) की 18 जून 2023 को ब्रिटिश कोलंबिया के सरे में गुरु नानक सिख गुरुद्वारे के बाहर हत्या कर दी गई थी। इससे पहले, आईएचआईटी के जांचकर्ताओं ने तीन मई को निज्जर की हत्या के आरोप में तीन अन्य भारतीयों करण बरार (22 वर्षीय), कमलप्रीत सिंह (22 वर्षीय) और करनप्रीत सिंह (28 वर्षीय) को गिरफ्तार किया था। एडमंडन में रहने वाले ये तीनों भारतीय नागरिक हैं और उन पर फर्स्ट डिग्री हत्या और हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया गया है।

### क्या ट्रंप उपराष्ट्रपति पद के लिए डगलस जेम्स बर्गम को चुनेंगे



**न्यूजर्सी ।** अमेरिका के न्यू जर्सी में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की रैली में नॉर्थ डकोटा के गवर्नर डगलस जेम्स बर्गम भी शामिल हुए। बाहर निकलने से पहले बर्गम रिपब्लिकन प्राइमरी में ट्रम्प के विरोधियों में से एक थे। इस रैली में बर्गम ने ट्रंप की सराहना करने के साथ अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन की आलोचना भी की। उन्होंने इस दौरान राष्ट्रपति बाइडन को तानाशाही शासक बताया। रैली में ट्रंप की सराहना करते हुए बर्गम ने कहा, गवर्नर के तौर पर ट्रंप के साथ काम करना एक अच्छा अनुभव था. यह कुछ ऐसा था, जैसे आपके पीछे एक खूबसूरत हवा का झोंका आया हो। जबकि बाइडन का शासन आपके चेहरे पर तूफानी हवा के झोंके की तरह है, क्योंकि वह हमारे संवैधानिक गणतंत्र के साथ तानाशाही की तरह व्यवहार करते हैं। बर्गम ने आगे कहा, डोनाल्ड ट्रंप का मतलब है ताकत और जो बाइडन का मतलब कमजोरी है। अगर आप अमेरिका को मजबूत बनाना चाहते हैं, तो आपको मालूम होगा कि क्या करना है। हालांकि, डोनाल्ड ट्रंप ने यह स्पष्ट नहीं किया कि वह बर्गम को उपराष्ट्रपति के तौर पर चुनंगे या नहीं। उन्होंने रैली में बर्गम की सराहना जरूर की और वहां मौजूद लोगों से किसी चीज के लिए तैयार रहने के लिए कहा। ट्रंप ने कहा, उसने टेक्नोलॉजी में पैसा कमाया, लेकिन वह ऊर्जा के बारे में मेरे जानने वाले किसी भी व्यक्ति से ज्यादा जानता है। इसलिए कुछ के लिए तैयार हो जाइए। ट्रंप जुलाई में होने वाले रिपब्लिकन नेशनल कन्वेंशन से पहले अपने उपराष्ट्रपति पद की घोषणा करेंगे, इसकी संभावना नहीं है। कौन हैं डौग बर्गम डगलस जेम्स बर्गम ने 15 दिसंबर 2016 में नॉर्थ डकोटा के 33वें गवर्नर के तौर पर पदभाल संभाला था। उन्होंने 1978 में नॉर्थ डकोटा स्टेट यूनिवर्सिटी से ग्रेजुएशन के बाद 1980 में स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी ग्रेजुएट स्कूल ऑफ बिजनेस से बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में मास्टर डिग्री हसिल की।

### दक्षिण-चीन सागर में बढ़ा तनाव, चीन ने फिलीपींस को उसके राजनयिकों के निष्कासन पर दी चेतावनी

**बीजिंग ।** चीन के विदेश मंत्रालय ने फिलीपींस सरकार को चेतावनी दी कि कोई भी जल्दबाजी की कार्रवाई दक्षिण-चीन सागर में तनाव को बढ़ा सकती है, जिससे फिलीपींस को नुकसान पहुंच सकता है। इससे पहले फिलीपींस के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने कहा था कि चीन के राजनयिकों को निष्कासित किया जाना चाहिए। रिपोर्ट में यह जानकारी दी। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने रक्षा सचिव गिलबटरे तियोदोरो और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार एडुआर्डो एनो द्वारा विदेश मामलों के विभाग (डीएफए) से चीनी राजनयिक को निष्कासित करने का आह्वान करने के बाद बयान जारी किया। खबर के अनुसार जियान ने कहा कि अगर चीन के राजनयिकों के निष्कासन की कार्रवाई होती है तो इसके गंभीर कूटनीतिक और कानूनी परिणाम हो सकते हैं। उन्होंने कहा, फिलीपींस की प्रतिक्रिया तथ्यों और सबूतों के सामने उनके दोषी विवेक को ठीक से दिखाती है।

# पीओके में लोगों ने मांगा अपना हक तो मिले आंसू गैस के गोले, जनजीवन और कारोबार ठप, भारत से मांगी मदद

**इस्लामाबाद, 12 मई (एजेंसियां) ।**

पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आम लोगों ने बगावत कर दी है। कई मुद्दों को लेकर लोग प्रदर्शन कर रहे हैं। बिगड़ते हालात को देखकर पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर जमकर लाठी और आंसू गैस के गोले बरसाए। प्रदर्शनकारियों और सुरक्षा बलों के बीच झड़पों के बाद जनजीवन प्रभावित हुआ है।



## बाजार, स्कूल और कार्यालय बंद

पुलिस कार्रवाई के विरोध में पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के मुजफ्फराबाद में हड़ताल के दौरान व्यवसाय और सामान्य जीवन ठप हुआ है। हिंसा भड़कने के बाद मीरपुर, आजाद जम्मू एवं कश्मीर (एजेके) में बाजार, स्कूल और कार्यालय लगातार दूसरे दिन बंद रहे। लोग सड़कों पर उतरने के लिए क्यों मजबूरअब सवाल उठता है कि आखिर पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में लोग सड़कों पर उतरने के लिए क्यों मजबूर हुए ऐसा क्या हुआ कि उन्हें हड़ताल करनी पड़ रही है दरअसल, यहां के लोग इसलिए सड़कों पर उतरे क्योंकि पाकिस्तान की सरकार के फैसलों से तंग आ चुके हैं। जिस पीओके में कई पनबिजली परियोजनाएं हैं, उसे ही बिजली नहीं मिल रही। उसकी बिजली पाकिस्तान के दूसरे अलग-अलग शहरों में भेजी जा रही है। वहीं बढ़ती महंगाई ने सारी हदें पार कर दी हैं। प्रदर्शन की वजह बढ़ती महंगाई और बिजली बिल में किया गया इजाफा है। पाकिस्तान सरकार ने बिजली बिल में सब्सिडी खत्म कर दी है। ऐसा उसने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष से मिलने वाले कर्ज की शर्त को पूरा करने के लिए किया है। आर्थिक बदहाली झेल रहे पाकिस्तान को अपनी अर्थव्यवस्था बचाने के लिए आईएमएफ के लोन का ही सहारा है, लेकिन आईएमएफ ने लोन देने के लिए जो शर्तें रखी हैं उनमें सरकार को अपने खर्च करने के तौर तरीके को सुधारने की शर्त भी है। सब्सिडी पर बड़ी रकम खर्च होती है इसलिए पाकिस्तान की सरकार ने उसे खत्म करने का फैसला किया है। इससे बिजली की दर काफी ज्यादा बढ़ गई है। इसके अलावा टैक्स में भी बढ़ोतरी कर दी गई है। इन सब से परेशान होकर लोगों ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। अवामी एक्शन कमेटी के कहने पर हुआ प्रदर्शन टैक्स, महंगाई और बिजली की किल्लत जैसे मुद्दों को लेकर एएसी ने एक शांतिपूर्ण प्रदर्शन का आह्वान किया था। पाकिस्तानी मीडिया के अनुसार, हिंसा तब भड़की जब पुलिस ने लोगों के घरों और मस्जिदों के आसपास आंसू गैस के गोले बरसाए। इसके चलते पीओके के कई हिस्सों जैसे सामनी, सेहांसा, मीरपुर, रावलकोट, खुइरत्ता, तत्तापानी और हट्टियन बाला में हिंसा भड़क गई। रिपोर्ट के अनुसार, एएसी का कहना है कि वह शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे थे, लेकिन पुलिस कार्रवाई करके अच्छा नहीं किया। कमेटी ने विरोध प्रदर्शन और तेज करने की कसम खाई है।

## पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में क्या हो रहा है

अवामी एक्शन कमेटी ने बिजली बिलों पर लगाए गए टैक्स के विरोध में पीओके के मुजफ्फराबाद तक शांतिपूर्ण मार्च का नेतृत्व किया। विरोध प्रदर्शन जल्द ही हिंसक हो गया जब इस्लाम गढ़ के पास प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़प हो गई। एएसी ने मुजफ्फराबाद में बंद और व्हील-जाम विरोध का आह्वान किया, जिससे व्यापार ठप हो गया।

पुलिस ने मार्च करने वालों को रोकने के लिए शहर की ओर जाने वाली सड़कों पर बैरिकेड लगा दिए, जिसके कारण झड़पें हुईं। समिति ने बाद में हड़ताल का आह्वान किया जब पुलिस ने रात भर की छापेमारी के दौरान कई नेताओं और कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया। पीओके सरकार ने इलाके में धारा 144 लागू कर दी और 10 एवं 11 मई को शैक्षणिक संस्थानों और दफ्तरों को बंद कर दिया जबकि पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के सभी जिलों में हजारों की संख्या में लोग घरों से बाहर आए।

## वीडियो और तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल

सोशल मीडिया पर वीडियो और तस्वीरों में पुलिस प्रदर्शनकारियों पर अपने लाठीचार्ज का इस्तेमाल करते हुए दिखाई दे रही है। यह भी देखा जा सकता है कि पुलिस आंसू गैस का उपयोग करके भीड़ को तितर-बितर करने का प्रयास कर रही है। रिपोर्ट के अनुसार, हिंसक झड़पों में दर्जनों पुलिसकर्मी और प्रदर्शनकारी घायल हो गए।

## भारत सरकार से हस्तक्षेप करने का आह्वान

पीओके कार्यकर्ता अमजद अयूब मिर्जा ने कहा कि पाकिस्तानी बल निहत्थे नागरिकों पर गोली चला रहे हैं और झड़पों में कम से कम दो लोग मारे गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि हिंसा में एक पुलिस एसएचओ को कथित तौर पर प्रदर्शनकारियों ने पीट-पीटकर मार डाला। मिर्जा ने भारत सरकार से हस्तक्षेप करने का आह्वान करते हुए कहा कि स्थिति नियंत्रण से बाहर हो रही है। इस मामले से केंद्र अलग नहीं रह सकता। उन्होंने कहा कि भारत को अब अपना सारा ध्यान पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर पर केंद्रित करना चाहिए और गिलगित-बाल्टिस्तान सहित इस कब्जे वाले क्षेत्र की स्वतंत्रता में मदद करनी चाहिए।

# पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप की बढ़ सकती हैं मुश्किलें, ऑडिट केस हारने पर देना होगा 10 करोड़ डॉलर का टैक्स



**वॉशिंगटन, 12 मई (एजेंसियां) ।**

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। दरअसल, शिकागो टॉवर पर भारी नुकसान के दावों की आंतरिक राजस्व सेवा (आईआरएस) जांच वर्षों से चल रही है। इसी को लेकर एक रिपोर्ट में कहा गया है कि अगर जांच में ट्रंप दोषी पाए जाते हैं तो उन पर 10 करोड़ डॉलर का टैक्स लग सकता है।

## शिकागो टॉवर से अनुचित टैक्स छूट का दावा

अमेरिकी मीडिया ने आंतरिक राजस्व सेवा की जांच का हवाला देते हुए बताया कि ट्रंप ने अपने संकटग्रस्त शिकागो टॉवर से अनुचित टैक्स छूट का दावा करने के लिए गलत कदम उठाया। उन्होंने हिसाब देने के लिए कागजों में बदलाव किया। शिकागो नदी के पास 92 मंजिला, कांच की बनी गगनचुंबी इमारत सबसे ऊंची और ट्रंप द्वारा बनाई गई आखिरी बड़ी निर्माण परियोजना है। कहा जाता है कि ट्रंप को जब घाटा हुआ तो उन्होंने उससे उभरने के लिए टैक्स लाभ लेने की कोशिश की। इतना ही नहीं आईआरएस का तर्क है कि ट्रंप ने हद तब पार कर दी, जब एक ही नुकसान को दो बार दिखाया। मामला सबसे पहले साल 2008 में सामने आया, जब टैक्स रिटर्न पर ट्रंप का बयान आया। उन्होंने अनुमानों से काफी पीछे ब्रिकी होने के कारण दावा किया कि कॉन्डो-होटल टॉवर में उनका निवेश बेकार रहा।

## एक साल में 65.1 करोड़ डॉलर का नुकसान

रिपोर्ट में कहा गया है कि ट्रंप के इस कदम से एक साल में 65.1 करोड़ डॉलर का नुकसान हुआ। हालांकि, साल 2010 में,ट्रंप और उनके टैक्स सलाहकारों ने शिकागो परियोजना से और अधिक लाभ प्राप्त करने की कोशिश की। इसके लिए उन्होंने एक चाल को अंजाम दिया। मामला सामने आने के बाद आईआरएस को वर्षों तक पूछताछ करनी पड़ी। सबसे पहले उन्होंने टॉवर के स्वामित्व वाली कंपनी को एक नई साझेदारी में स्थानांतरित कर दिया। फिर, उन्होंने इस बदलाव को अगले दशक में 168 मिलियन डॉलर के अतिरिक्त घाटे की घोषणा करने के औचित्य के रूप में इस्तेमाल किया। एक मिसाल हो सकती है कायम डोनाल्ड ट्रंप के टैक्स रिकॉर्ड 2016 के राष्ट्रपति अभियान के बाद से गहन अटकलों का विषय रहे हैं ।

# मॉस्को ने फिर किया कीव पर हमला, रूस का दावा- यूक्रेन के पांच गांवों पर कब्जा

**मॉस्को, 12 मई (एजेंसियां) ।**

रूस और यूक्रेन के बीच 26 महीने से अधिक समय से युद्ध जारी है। फिलहाल यह जंग थमती नजर नहीं आ रही है। इस बीच, रूस की सेना ने यूक्रेन में ताजा जमीनी हमले शुरू करने के बाद पांच गांवों पर कब्जा कर लिया। हालांकि, यूक्रेनी अधिकारियों ने फिलहाल इस बात की कोई पुष्टि नहीं की है।



## इन गांवों पर कब्जा करने का दावा

यूक्रेन की खार्किव और रूस की सीमा पर एक विवादित ग्रे जोन स्थित है। एक मीडिया रिपोर्ट में कई यूक्रेनी पत्रकारों का हवाला देते हुए बताया कि बोरीसिवका, ओहिर्टसेव, पिलना और स्ट्रिलेचा के गांवों को रूसी सैनिकों ने कब्जा लिया था। रूस ने यह भी दावा किया है कि उसने प्लेटेनीवका पर भी कब्जा किया है। यहां लड़ाई जारी यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की ने कहा कि स्ट्रिलेचा और प्लेटेनिवका, साथ ही क्रास्ने, मोरोखोवेट्स, ओलिनीकोव, लुक्यांत्सी और हैतिशे में लड़ाई जारी है। उन्होंने आगे कहा कि हमारे सैनिक दूसरे दिन भी जवाबी हमले कर रहे हैं और यूक्रेनी क्षेत्र की रक्षा कर रहे हैं। हजारों लोग पलायन करने पर मजबूर इससे पहले इंस्टीट्यूट फॉर द स्टडी ऑफ वॉर ने कहा कि जियोलोकेटेड फुटेज पुष्टि करता है कि कम से कम एक गांव को जब्त कर लिया गया था। यूक्रेनी अधिकारियों के अनुसार, क्षेत्र में नए सिरे से हुए हमले ने बस्तियों में रहने वाले 1,700 से अधिक नागरिकों को पलायन करने के लिए मजबूर कर दिया है। अमेरिका ने यूक्रेन की सहायता के लिए फिर बढ़ाया हाथ एक दिन पहले ही खबर आई थी कि अमेरिका ने एक बार फिर यूक्रेन की मदद के लिए हाथ बढ़ाया है। बाइडन प्रशासन की ओर से युद्ध के लिए 400 मिलियन डॉलर की सैन्य मदद का एलान किया गया है।

# फिर फिसली जो बाइडन की जुबान, नाम को लेकर कर बैठे गलती अब किम जोंग उन को बताया दक्षिण कोरिया का राष्ट्रपति

**वॉशिंगटन, 12 मई (एजेंसियां) ।**

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन अपनी एक गलती के कारण फिर से चर्चा में आ गए हैं। विश्व स्तरीय नेताओं के नाम को लेकर एक बार फिर अमेरिकी राष्ट्रपति की जुबान फिसल गई। दरअसल, उन्होंने उत्तर कोरिया के राष्ट्रपति किम जोंग उन को दक्षिण कोरिया का राष्ट्रपति कह दिया। उन्होंने यह गलती अपने प्रतिद्वंद्वी डोनाल्ड ट्रंप पर हमला करने, और उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन के साथ ट्रंप के संबंधों को लेकर बात करने के दौरान की। बाइडन ने कहा, हम दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति किम जोंग उन के लिए उनके प्रेम पत्र और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के लिए उनकी प्रशंसा को कभी नहीं भूलेंगे। बाइडन ने यह गलती व्हाइट हाउस में दक्षिण



कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक येओल की मेजबानी करने के ठीक एक साल बाद की है। पिछले साल अगस्त में दोनों नेताओं ने कैंप डेविड में बातचीत भी की थी।

**इससे पहले भी गलती कर चुके हैं जो बाइडन** - राष्ट्रपति बाइडन ने यह पहली बार विश्व स्तरीय नेताओं के नाम को लेकर गलती नहीं की है। दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति के नाम को लेकर बाइडन इससे पहले भी गलती कर चुके हैं। 2022 में दक्षिण कोरिया की यात्रा के दौरान भी बाइडन ने राष्ट्रपति यून को मून कहकर संबोधित किया था। केवल दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ही नहीं, बल्कि अन्य नेतओं के नाम को लेकर भी बाइडन गलती कर चुके हैं। पिछले साल जुलाई में लिथुआनिया में नाटो शिखर सम्मेलन के दौरान उन्होंने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की को व्लादिमीर कह दिया था।

**फांस के राष्ट्रपति को भी कर चुके हैं गलत नाम से संबोधित** - फरवरी में बाइडन ने एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फत्ताह अल सिसि को मैक्सिको के राष्ट्रपति एंड्रेस मैनुअल लोपेज ओब्रेडोर के साथ मिला दिया था। हाल ही में बाइडन ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों को फ्रांसीसी राष्ट्रपति फ्रेंकोइस मिटरैंड कहकर संबोधित किया। बता दें कि 1996 में मिटरैंड का निधन हो गया था।

# सौर तूफान के बाद लाल रंग से चमक रहा आसमान, कई जगह लोग देख सकेंगे यह नजारा

**वॉशिंगटन, 12 मई (एजेंसियां) ।**

दो दशकों से भी अधिक समय में सबसे शक्तिशाली सौर तूफान पृथ्वी से टकराया था। इस वजह से दुनिया के कई देशों में ध्रुवीय ज्योति (ऑरोरा) जैसा नजारा देखने को मिला। अब बताया जा रहा है कि यह रोशनी कई देशों में दिखाई दे सकती है।




## एक अदभुत रोशनी देखने को मिल रही

सौर तूफान के बाद आसमान में एक अदभुत रोशनी देखने को मिल रही है। यह आमतौर पर ग्रह के सुदूर उत्तरी इलाकों तक ही सीमित है, इसलिए उनका उपनाम उत्तरी रोशनी है। ब्रिटेन में उत्तरी रोशनी, जिसे ऑरोरा बोरेलिस के नाम से भी जाना जाता है, के दुर्लभ नजारे देखे गए हैं। लिवरपूल, केंट, नॉरफॉक और ससेक्स सहित कई इलाकों में लोगों ने रोशनी की तस्वीरें साझा की हैं। स्कॉटलैंड के कुछ हिस्सों में भी यह दिखाई दी है। इस सौर तूफान का असर जारी रहेगा और इसके असर से कई जगहों पर संचार उपग्रह और पावर ग्रिड्स को नुकसान हो सकता है।

## ऐतिहासिक रात जीने का एहसास

खगोलशास्त्री एरिक लागाडेक ने पहली रात के बाद सोशल मीडिया पर लिखा, मुझे फ्रांस में एक ऐतिहासिक रात जीने का एहसास हुआ। यह वास्तव में सौर कणों और भावनाओं से भरी हुई थी। ऐसी अच्छी जगह ढूंढे, जहां से आप यह रोशनी देख सकें।

रीडिंग विश्वविद्यालय में अंतरिक्ष भौतिकी के प्रोफेसर मैथ्यू ओवेन्स ने बताया कि जबकि प्रभाव मुख्य रूप से ग्रह के उत्तरी और दक्षिणी अक्षांशों पर महसूस किए जाएंगे, वे कितनी दूर तक फैलेंगे यह तूफान की अंतिम ताकत पर निर्भर करेगा। उन्होंने कहा, मेरी सलाह होगी कि बाहर जाएं और देखें क्योंकि अगर आपको ऑरोरा दिखाई देता है, तो यह काफी शानदार चीज है। अगर लोगों के पास सूर्य ग्रहण देखने वाले चश्मे हैं, तो वे दिन के समय सनस्पॉट समूह को भी देख सकते हैं।

नेशनल ओशनिक एंड एटमॉस्फेरिक एडमिनिस्ट्रेशन (एनओएए) के अंतरिक्ष मौसम अनुमान केंद्र के अनुसार, कई कोरोनल मास इजेक्शन (सीएमई) के चलते धरती पर यह तूफान आया। उल्लेखनीय है कि सूर्य की सतह से प्लाज्मा और चुंबकीय क्षेत्र के निकलने को कोरोनल मास इजेक्शन कहा जाता है।

## आखिरी बार अक्तूबर 2003 में धरती से टकराया था शक्तिशाली सौर तूफान

इससे पहले अक्तूबर 2003 में सौर तूफान धरती से टकराया था। उस सौर तूफान को हैलोवीन तूफान नाम दिया गया था और उसके असर से पूरे स्वीडन में बिजली व्यवस्था ठप हो गई थी और साथ ही दक्षिण अफ्रीका में पावर ग्रिड्स को भारी नुकसान हुआ था। एनओएए का अनुमान है कि आने वाले दिनों में कई और सौर तूफान आ सकते हैं। सौर तूफान के चलते ऑस्ट्रेलिया और उत्तरी यूरोप में ध्रुवीय ज्योति की घटनाएं देखने को मिलीं। ध्रुवीय ज्योति की घटना में सूर्य से आने वाले पार्टिकल्स जब धरती के चुंबकीय क्षेत्र में दाखिल होते हैं तो इससे जो प्रतिक्रिया होती है, उसके असर से सूर्य से आने वाले पार्टिकल्स चमकदार रंग-बिरंगी रोशनी के रूप में दिखते हैं।

## फिलहाल बिजली या नेटवर्क में नहीं आई कोई समस्या

आए तूफान को पांच भू-चुंबकीय स्थितियों के रूप में सूचीबद्ध किया गया था। जी3 से जी5 की स्थिति देखी गई, जिसमें जी4 या उच्चतर स्थितियों की भविष्यवाणी की गई और जी3 की स्थिति संभव है। लेकिन अधिकारियों की शुरुआती चिंताओं के बावजूद इस बार बिजली या संचार नेटवर्क में कोई बड़ा व्यवधान सामने नहीं आया है।

## एलन मस्क ने कही यह बात

एलन मस्क, जिनके स्टारलिंक उपग्रह इंटरनेट ऑपरेटर के पास पृथ्वी की निचली कक्षा में लगभग 5,000 उपग्रह हैं, ने कहा कि उनके उपग्रह बहुत दबाव में थे, लेकिन अब तक टिके हुए हैं। हालांकि चीन के राष्ट्रीय अंतरिक्ष मौसम केंद्र ने एक रेड अलर्ट जारी किया। चेतावनी दी गई कि तूफान देश के अधिकांश क्षेत्रों में संचार और नेविगेशन को प्रभावित करेगा।

# गंगा सप्तमी कल




## जानिए कौन हैं देवी गंगा, पूजनविधि और महत्व

सनातन धर्म में गंगा सप्तमी के दिन का बहुत महत्व है। शास्त्रों के अनुसार इस दिन देवी गंगा की पूजा का विधान है। हिंदू पंचांग के अनुसार यह त्योहार वैशाख महीने के शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को मनाया जाता है।

इस साल यह पर्व 14 मई को मनाया जाएगा। सप्तमी तिथि 13 मई, को शाम 5 बजकर 20 मिनट पर शुरू होगी, जो कि अगले दिन यानी 14 मई, शाम 6 बजकर 49 मिनट पर समाप्त होगी।

उदया तिथि को देखते हुए इस साल गंगा सप्तमी 14 मई को पुष्य योग में मनाई जाएगी। साथ ही इस साल गंगा सप्तमी के दिन सर्वार्थ सिद्धि योग, रवि योग जैसे काफी शुभ योग का भी निर्माण हो रहा है। इस दिन पुष्य नक्षत्र भी रहने वाला है, जिसके कारण इस दिन का महत्व और भी ज्यादा बढ़ गया है।

### कौन हैं मां गंगा

पदमपुराण के अनुसार आदिकाल में ब्रह्माजी ने सृष्टि की मूलप्रकृति से कहा–हे देवी ! तुम समस्त लोकों का आदिकारण बनो, मैं तुमसे ही संसार की सृष्टि प्रारंभ करूंगा। ब्रह्मा जी के कहने पर मूल प्रकृति–गायत्री , सरस्वती, लक्ष्मी, उमादेवी, शक्ति बीजा, तपस्विनी और धर्मद्रवा इन सात स्वरूपों में प्रकट हुईं।

इनमें से सातवीं पराप्रकृति धर्मद्रवा अर्थात देवी गंगा को सभी धर्मों में प्रतिष्ठित जानकार ब्रह्माजी ने अपने कमण्डल में धारण कर लिया। एक अन्य कथा के अनुसार गंगा पर्वतों के राजा हिमवान और मैना की पुत्री हैं,इ स प्रकार से गंगा मैया देवी पार्वती की बहन हैं।

### इस दिन शिव की जटाओं में पहुंची गंगा

उल्लेख मिलता है कि सतयुग राजा बलि के यज्ञ के समय वामन अवतार लिए जब भगवान विष्णु का एक पग आकाश और ब्रह्माण्ड को भेदकर ब्रह्मा जी के सामने स्थित हुआ, उस समय अपने कमण्डल के जल से ब्रह्माजी ने श्रीविष्णु के चरण का पूजन किया।

चरण धोते समय श्रीविष्णु का चरणोदक हेमकूट पर्वत पर गिरा। वहां से भगवान शिव के पास पहुंचकर यह जल गंगा के रूप में उनकी जटाओं में समा गया। गंगा बहुत काल तक शिव की जटाओं में भ्रमण करती रहीं।

### गंगा पूजन का महत्व

इस दिन गंगा मैया के स्मरण, पूजन और स्नान से धन–सम्पत्ति, सुख और यश–सम्मान की प्राप्ति होती है तथा समस्त पापों का नाश होता है।

ज्योतिषीय धारणा के अनुसार इस दिन गंगा पूजन से ग्रहों के अशुभ प्रभाव कम होते हैं। गंगा पूजन करना मोक्ष प्रदायक, अमोघ फलदायक माना गया है और इस दिन किया दान कई जन्मों के पुण्य के रूप में प्राणी को मिलता है।

### ऐसे करें मां गंगा की पूजा

इस दिन ब्रह्म मुहूर्त में अपने इष्ट देवी–देवताओं की पूजा करनी चाहिए।

दाहिने हाथ में जल, पुष्प, फल, गंध व कुश लेकर गंगा सप्तमी व्रत का संकल्प लेना चाहिए। मां गंगा को धूप, दीप, पुष्प आदि नैवेद्य आदि अर्पित कर पूजा करनी चाहिए।

श्रीगंगा स्तुति और श्रीगंगा स्तोत्र का पाठ करना चाहिए। विशेष रूप से इस दिन दान–पुण्य करना बहुत फलदायी माना गया है। इसके साथ ही गंगाजी के वैदिक मंत्रों का जाप करें।

## शादी में हो रही है देरी तो गंगा सप्तमी के दिन जरूर करें ये अचूक उपाय

यदि किसी के विवाह में देरी हो रही है तो उस व्यक्ति को गंगा सप्तमी के दिन गंगाजल में 5 बेलपत्र डालकर महादेव का विधिपूर्वक जलाभिषेक करना चाहिए। ऐसा करने से भोलेनाथ और मां गंगा दोनों प्रसन्न होते हैं और आशीर्वाद देते हैं। साथ ही जातक की जल्दी शादी होती है और उसे मनचाहा जीवनसाथी मिलता है।

अगर आप जीवन में सफलता प्राप्त करना चाहते हैं, तो इसके लिए गंगा सप्तमी के दिन गंगा में दूध अर्पित करें और मां गंगा के मंत्रों का जाप करें। साथ ही कपूर का दीपक जलाएं। माना जाता है कि यह उपाय करने से इंसान को जीवन में सफलता मिलती है।

गंगा सप्तमी के दिन स्नान, तप और ध्यान करें। साथ ही अपनी श्रद्धा अनुसार गरीब लोगों को कपड़ों और भोजन का दान करें। इससे मोक्ष की प्राप्ति होती है।

गंगा सप्तमी के दिन जरूर करें यह कार्य

गंगा सप्तमी के दिन स्नान ध्यान के बाद मां गंगा की पूजा अवश्य करें।

एक कटोरी में गंगा जल भर लें और उस कटोरी के समक्ष गाय के घी का दीपक जलाकर मां गंगा की पूजा करें।

इसके बाद आरती के साथ पूजा संपन्न करें।

गंगा सप्तमी के दिन किसी जरूरतमंद, अथवा किसी ब्राह्मण को अन्न, धन या वस्त्र का दान अवश्य करें।

ऐसा करने से साधक को मोक्ष की प्राप्ति होती है और कई जन्मों के पाप दूर हो जाते हैं।

भगवान शिव की जटाओं से ही मां गंगा प्रवाहित होती हैं, इसलिए गंगा सप्तमी के दिन भगवान शिव का जलाभिषेक जरूर करें।

# मोहिनी एकादशी पर बनेंगे दुर्लभ संयोग

## इन 3 राशियों पर बरसेगी मां लक्ष्मी की कृपा




19 मई 2024 को वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की मोहिनी एकादशी है। मोहिनी भगवान विष्णु का एकमात्र स्त्री अवतार है, जो उन्होंने समुद्र मंथन के बाद निकले अमृत कलश की रक्षा के लिए लिया था ।

इस बार मोहिनी एकादशी पर बेहद शुभ योग का संयोग बन रहा है, जो कुछ राशियों के लिए लकी साबित होगा। मोहिनी एकादशी पर 3 राशियों के धन में वृद्धि, पारिवारिक सुख और नौकरी में प्रमोशन के योग बनेंगे। जानें कौन सी होंगी वो भाग्यशाली राशियां।

### मोहिनी एकादशी पर बनेंगे 5 शुभ संयोग

मोहिन एकादशी पर 19 मई को अमृत सिद्धि, सर्वार्थ सिद्धि योग बन रहा है। इसके अलावा इस दिन शुक्र और सूर्य वृषभ राशि में मौजूद रहेंगे, जिससे शुक्रादित्य और राजभंग योग का निर्माण होगा। इस योग के मंगलकारी प्रभाव से लोगों के जीवन में शुभता आती है। उनके जीवन के सभी संकट दूर हो जाते हैं और उनकी धन संपदा में अपार वृद्धि होती है।

1) **सर्वार्थ सिद्धि योग – 19 मई, सुबह 05.28 – 20 मई, प्रात: 03:16**
2) **अमृत सिद्धि योग – 19 मई, सुबह 05.28 – 20 मई, प्रात: 03:16**
3) **शुक्रादित्य योग**
4) **राजभंग योग**

### मोहिनी एकादशी 2024 इन राशियों को लाभ

**मेष राशि :–** मोहिनी एकादशी मेष राशि वालों के लिए धन के मामले में लाभदायी रहेगी. शुक्र के शुभ प्रभाव से आमदनी में बढ़ोत्तरी होगी। धन कमाने के नए स्त्रोत खुलेंगे। संतान पक्ष से अच्छे समाचार मिल सकते हैं। रुका हुआ काम पूरा होगा। बिजनेस के विस्तार को लेकर बनाई योजना सफल रहेगी, जो लंबे समय तक धन लाभ देगी।

वश्चिक राशि :– वृश्चिक राशि के लोगों के लिए मोहिनी एकादशी कई शुभ अवसर लेकर आ रही है।आपके शिक्षा के क्षेत्र में प्रगति होगी, संतान सुख पाने की इच्छा जल्द पूरी हो सकती है। पारिवारिक समरसता बनी रहेगी। नौकरी में काम की सराहना होगी। सैलेरी बढ़ने के प्रबल योग हैं।

सिंह राशि :– मोहिनी एकादशी पर बन रहे योग के शुभ प्रभाव से सिंह राशि वालों का व्यक्तित्व पहले से बेहतर होगा। नौकरीपेशा जातक अपने करियर में बेहतर प्रदर्शन करेंगे, इनकम बढ़ने के कई अवसर प्राप्त होंगे। परिवार में सुख–शांति और समृद्धि बढ़ेगी और विवाहित जातकों के लिए भी यह समय अनुकूल साबित होगा।

# मथुरा-वृंदावन से भूलकर भी न लाएं यह एक चीज



पौराणिक मान्यताओं के अनुसार मथुरा को भगवान कृष्ण की जन्म नगरी माना जाता है । भगवान श्रीकृष्ण विष्णु जी के अवतार हैं। मान्यता है कि कंस के अत्याचारों को खत्म करने के लिए भगवान विष्णु ने कृष्ण के रूप में जन्म लिया था। भगवान कृष्ण की कहानियां व लीलाओं का जिक्र मथुरा की गली–गली में सुनने को मिलता है। मथुरा–वृंदावन में कदम रखते ही सभी भक्त कृष्ण भक्ति में रम जाते हैं। यहां के कोने–कोने में उनसे जुड़ी कहानियां प्रचलित है। मथुरा–वृंदावन में आपको ऐसे कई पौराणिक मंदिर देखने को मिलेंगे, जिनका विशेष महत्व है। वृंदावन में स्थित बांके बिहारी मंदिर भी इनमें से एक है। यहां भगवान कृष्ण दर्शन के लिए हर दिन हजारों की तादाद में भक्त आते हैं।

मथुरा–वृंदावन में श्री कृष्ण के विभिन्न रूप देखने को मिलते हैं। मान्यता है कि अगर आप मथुरा वृंदावन जा रहे हैं तो गिरिराज यानी गोवर्धन पर्वत के दर्शन जरूर करना चाहिए। इसके बिना यात्रा अधूरी मानी जाती है। यहां पर भी हर दिन हजारों की संख्या में लोग दर्शन करने आते हैं। वहीं कुछ लोगों का मानना है कि गिरिराज को घर लाने से सुख–समृद्धि बनी रहती है। पर क्या वास्तव में ऐसा करना चाहिए? आइए इसके बारे में विस्तार से जान लेते हैं।

### क्या गिरिराज जी को घर लाना सही है ?

गर्ग संहिता में कई विद्वानों के अनुसार कभी भी गिरिराज जी को घर लेकर नहीं आना चाहिए। इन्हें वृंदावन का मुकुट माना जाता है। मान्यताओं के अनुसार राधा रानी गिरिराज पर्वत के बिना नहीं रह सकती है। कई कथाओं से पता चलता है कि धरती पर जन्म लेने से पहले राधा रानी ने कृष्ण जी से कहा था कि, उन्हें धरती पर एक ऐसी जगह चाहिए, जहां अधिक शांति हो। इस वाक्य के बाद कृष्ण जी ने अपने ह्रदय की ओर देखा, जिसके बाद वहां से तेज पुंज निकला और फिर इसी से गोवर्धन पर्वत बना।इस पर्वत की सुंदरता हर किसी का मन मोह लेती है। कुछ समय बीतने के बाद जब भगवान कृष्ण धरती लोक पर आने लगे, तो उन्होंने राधा रानी से साथ चलने के लिए कहा। उनकी बात का उत्तर देते हुए राधा रानी ने कहा कि वह वृंदावन यमुना और गोवर्धन के बिना कैसे रहेंगी। इसके बाद ही श्री कृष्ण ने 84 कोस में फैले बृज मंडल को धरती पर भेजा और गोवर्धन ने शाल्मल द्वीप में द्रोणाचल गिरी के यहां जन्म लिया था। इसके साथ ही गिरिराज पर्व श्री कृष्ण को अति प्रिय है। इसलिए गिरिराज को कभी भी 84 कोसों के बाहर नहीं लेकर जाना चाहिए। यदि कोई व्यक्ति ऐसा करता है, तो उसे बुरे परिणामों का सामना करना पड़ता है।

# कुबेर देव की कृपा इन 3 राशियों पर सदा बनी रहती है

कुबेर देव, धन और समृद्धि के देवता, 3 राशियों पर विशेष रूप से मेहरबान रहते हैं। इन राशियों के जातकों को धन–दौलत की कमी कभी नहीं होती है, और जीवन में सुख–समृद्धि बनी रहती है। कुबेर, हिंदू धर्म में धन और समृद्धि के देवता के रूप में पूजित होते हैं। वे धनादिपति या धनकर्षक के रूप में जाने जाते हैं, जिनका संचय और वितरण धन संबंधी मामलों में शुभ फल प्रदान करता है। कुबेर को धन के राजा भी कहा जाता है। कुबेर का वर्णन वेदों, पुर–ाणों, और हिंदू धर्म के शास्त्रों में मिलता है। उन्हें लंका के राक्षस राजा रावण के अपने भाई के रूप में भी जाना जाता है, लेकिन पुराणों के अनुसार वे दिशा के सेनापति कुबेर के पुत्र हैं। कुबेर की पूजा और उनका आराधना धन की प्राप्ति और संरक्षण के लिए की जाती है। धन, धन का संचय, और धन की संरक्षण के लिए अन्य सभी देवताओं की आराधना के साथ ही कुबेर की आराधना भी की जाती है। कुबेर को अधिकतम शुभ फल प्राप्त करने के लिए उनकी पूजा को धनदा या कुबेर पूजा के रूप में किया जाता है, जो धन और संपत्ति की प्राप्ति के लिए समर्पित होता है। उनकी मूर्तियाँ और यंत्रों की आराधना करने से लोग धन, समृद्धि, और आर्थिक सफलता में वृद्धि का अनुभव करते हैं।




### 1. वृषभ राशि

स्वामी ग्रह शुक्र है। ये लोग धैर्यवान, शांत, कला प्रेमी होते हैं। वृषभ राशि के जातक भौतिक सुख–सुविधाओं के प्रति आकर्षित होते हैं और धन कमाने में कुशल होते हैं। कुबेर देव इनकी वित्तीय प्रबंधन की क्षमता को बढ़ाते हैं, जिससे इन्हें धन अर्जित करने में सफलता मिलती है। शुक्र ग्रह द्वारा शासित वृषभ राशि के जातक स्वभाव से ही भौतिक सुखों के प्रति आकर्षित होते हैं। कुबेर देव इनकी भौतिकवादी इच्छाओं को पूरा करने में मदद करते हैं, जिससे इन्हें धन–दौलत की कमी नहीं होती है। वृषभ राशि के जातक कुशल धन प्रबंधक होते हैं। इनमें धन इकट्ठा करने और उसे बचाने की कला होती है। शुक्र ग्रह के प्रभाव से इनमें भौतिक सुखों की इच्छा भी अधिक होती है। माना जाता है कि कुबेर देव इनकी इस विशेषता से प्रसन्न होते हैं और इन्हें धन–समृद्धि का आशीर्वाद देते हैं।

धन प्राप्ति के उपाय– शुक्रवार का व्रत रखें और माँ लक्ष्मी एवं कुबेर देव की पूजा करें। गुलाबी रंग का उपयोग करें, क्योंकि यह शुक्र ग्रह का रंग है। दुर्गा सप्तशती का पाठ करें।

### 2. कर्क राशि

स्वामी ग्रह चंद्रमा है। दयालु, भावुक, देखभाल करने वाले होते हैं। कर्क राशि के जातक परिश्रमी और ईमानदार होते हैं, जो धन कमाने के लिए कठोर परिश्रम करते हैं। कुबेर देव इनकी मेहनत और ईमानदारी को फल देते हैं, जिससे इन्हें धन–संपत्ति प्राप्त होती है।कर्क राशि के जातक कड़ी मेहनत और लगन से धन कमाते हैं। ये अपने परिवार के प्रति समर्पित होते हैं और इनके लिए धन का सदुपयोग करना जानते हैं। चंद्र ग्रह के प्रभाव से इनमें परोपकारी भावना भी होती है। माना जाता है कि कुबेर देव इनकी इन विशेषताओं से प्रसन्न होते हैं और इन्हें धन–संपत्ति का वरदान देते हैं। चंद्र ग्रह द्वारा शासित कर्क राशि के जातक दयालु और परोपकारी होते हैं। कुबेर देव इनके सद्गुणों से प्रसन्न होते हैं और इन्हें धन–धान्य प्रदान करते हैं।

धन प्राप्ति के उपाय– सोमवार का व्रत रखें और भगवान शिव की पूजा करें। मोती धारण करें, क्योंकि यह चंद्र ग्रह का रत्न है। मां गायत्री का मंत्र जपें।

### 3. धनु राशि

स्वामी ग्रह गुरु है। ये आशावादी, ज्ञानी, सच्च बोलने वाले हैं। धनु राशि के जातक बुद्धिमान और व्यवसायिक होते हैं, जो धन कमाने के लिए नवीन अवसरों का सदैव लाभ उठाते हैं। कुबेर देव इनकी बुद्धि और व्यवसायिक कौशल को प्रोत्साहित करते हैं, जिससे इन्हें धन–संपत्ति प्राप्त होती है। गुरु ग्रह द्वारा शासित धनु राशि के जातक भाग्यशाली होते हैं। कुबेर देव इनके भाग्य को चमकाते हैं और इन्हें अकूत धन प्राप्त होता है। धनु राशि के जातक भाग्यशाली होते हैं और इन्हें धन अप्रत्याशित रूप से प्राप्त होता है। ये जोखिम लेने से नहीं डरते और नए अवसरों का सदुपयोग करते हैं। गुरु ग्रह के प्रभाव से इनमें ज्ञान और शिक्षा की इच्छा भी होती है। माना जाता है कि कुबेर देव इनकी इन विशेषताओं से प्रसन्न होते हैं और इन्हें धन–ऐश्वर्य का आशीर्वाद देते हैं।

धन प्राप्ति के उपाय– गुरुवार का व्रत रखें और भगवान विष्णु की पूजा करें। पीला रंग धारण करें, क्योंकि यह गुरु ग्रह का रंग है। विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ करें।

# नेहा मलिक ने एनिमल प्रिंटेड बिकनी पहन स्विमिंग पूल में लगाई आग



भोजपुरी अदाकारा नेहा मलिक सोशल मीडिया पर काफी मशहूर हैं । आए दिन एक्ट्रेस अपने सिजलिंग अवतार से फैंस के होश उड़ाती रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से हॉट तस्वीरें शेयर की हैं जिसे देखने के बाद आपके होश उडऩे वाले हैं। नेहा मलिक ने एनिमल प्रिंटेड बिकनी पहनी है। लाइट मेकअप के साथ बालों को खुला छोड़ा है और कैमरे के स्विमिंग पूल के किनारे सेक्सी पोज देते दिखाई दे रही हैं। एक्ट्रेस की हॉटनेस ने फैंस को दीवाना बना दिया है साथ ही एक्ट्रेस के किलर पोज देख फैंस का हाल बेहाल हो गया है। भोजपुरी एक्ट्रेस नेहा मलिक अक्सर अपने लुक के वजह से सोशल मीडिया पर छाई रहती है। नेहा की गिनती भोजपुरी इंडस्ट्री की हॉट और बोल्ड एक्ट्रेस में होती है। अपनी तस्वीरों के वजह से एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर लाइमलाइट लूट लेती हैं। आज एक बार फिर नेहा ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें शेयर कर इंटरनेट पर तहलका मचा दिया है। साथ ही वे एक्ट्रेस की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं।

## बाहुबली स्टार प्रभास ने बहुप्रतीक्षित फिल्म कन्नप्पा की शूटिंग की शुरू

### फिल्म का पहला पोस्टर आया सामने






निर्माता और साउथ अभिनेता विष्णु मांचू अपनी महत्वकांक्षी परियोजना कन्नप्पा फिल्म को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। कन्नप्पा इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। विष्णु मांचू तेजी से अपनी फिल्म पर काम कर रहे हैं। कुछ दिन पहले, निर्माताओं ने खुलासा किया कि बॉलीवुड सुपरस्टार अक्षय कुमार ने अपने हिस्से की शूटिंग पूरी कर ली है। वहीं अब फिल्म से जुड़ी नई जानकारी सामने आई है, जो फिल्म के कलाकार प्रभास को लेकर है। यूं तो प्रभास के किरदार पर कई अपडेट आ चुके हैं, लेकिन अब उनकी शूटिंग के बारे में नया अपडेट सामने आया है।फिल्म में अक्षय कुमार अपने हिस्सा के दृश्य शूट कर चुके हैं और अब बारी है प्रभास की। प्रभास अपनी आगामी फिल्म कल्कि 2898 एडी को लेकर व्यस्त हैं। अब उन्होंने अपनी दूसरी फिल्म के लिए समय निकाला और कन्नप्पा के शूटिंग सेट पर पहुंच चुके हैं। जी हां, प्रभास अब कन्नप्पा की शूटिंग शुरू कर चुके हैं। इसकी घोषणा खुद विष्णु मांचू ने की है। इसके साथ ही उन्होंने प्रभास के लुक को लेकर भी फैंस के साथ बड़ी जानकारी साझा की।विष्णु ने अब अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर घोषणा की है कि पैन इंडिया स्टार प्रभास इस पौराणिक फैंटसी ड्रामा की शूटिंग में शामिल हो गए हैं। प्रभास के पैरों को प्रदर्शित करने वाले एक प्री-लुक पोस्टर का अनावरण किया गया। प्रभास के लुक की छोटी सी झलक दी गई है, जिसमें उनके पैरों की झलक है। यह प्रभास के सभी प्रशंसकों के लिए बहुत अच्छी खबर है। हालांकि, प्रभास की भूमिका के बारे में जानकारी गुप्त रखी गई है।इससे पहले विष्णु ने बताया था कि अक्षय ने शूटिंग पूरी कर ली है। साथ ही उन्होंने अक्षय के साथ फिल्म में काम करने का अनुभव भी साझा किया था और अक्षय के साथ अपनी तस्वीरें भी साझा की थीं। वहीं प्रभास के किरदार को लेकर खबर है कि वे फिल्म में कैमियो रोल निभाएंगे। प्रभास फिल्म में नंदी की भूमिका निभाते नजर आएंगे। पहले उनके भगवान शिव की भूमिका निभाने की चर्चा थी, लेकिन वे पहले से ही कल्कि 2898 एडी में इस किरदार को निभा रहे हैं तो ऐसे में वे किसी भी तरह का दोहराव नहीं चाहते हैं।कहा जा रहा है कि अक्षय कुमार फिल्म में भगवान शिव की भूमिका निभा रहे हैं और अफवाह है कि अनुष्का पार्वती की भूमिका निभाएंगी। कन्नप्पा में प्रभास, मोहनलाल, शिवराज कुमार, नयनतारा, कृति सेनन, तमन्ना भाटिया, काजल अग्रवाल, आर सरथकुमार, ब्रह्मानंदम अन्य महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म का निर्देशन मुकेश कुमार सिंह ने किया है।

## संजय दत्त पर आधारित फिल्म द वर्जिन ट्री की शूटिंग पूरी






बॉलीवुड अभिनेता संजय दत्त पर आधारित फिल्म द वर्जिन ट्री की शूटिंग पूरी हो गयी है।द वर्जिन ट्री की शूटिंग मुंबई और पुणे में हुई है। सिद्धांत कुमार सचदेव द्वारा निर्देशित यह फिल्म एक हॉरर कॉमेडी है।फिल्म में काम करने के अनुभव के बारे में नवनीत मलिक ने कहा, संजय दत्त के जवानी के दिनों को पर्दे पर उतारना मेरे लिए अविश्वसनीय यात्रा रही है। रणबीर कपूर के बाद संजय दत्त की भूमिका को निभाना मेरे लिए बड़ा सम्मान है।नवनीत मलिक ने कहा,संजय के साथ काम करना एक सपने के सच होने जैसा है। वह न सिर्फ एक अद्भुत अभिनेता हैं, बल्कि एक अद्भुत इंसान भी हैं। शूटिंग का अनुभव शानदार था। फिल्म द वर्जिन ट्री में नवनीत का लुक संजय दत्त की फिल्म रॉकी में उनके लुक से प्रेरित है। द वर्जिन ट्री में नवनीत मलिक के साथ मौनी रॉय की भी अहम भूमिका है।

## फ़िल्म सावी का टीजर रिलीज़

अभिनय देव निर्देशित फिल्म सावी का टीजर रिलीज हो गया है।सावी के टीजर में दिव्या खोसला को सावी के रूप में कन्फेस करते हुए देखा गया की उनके पास तीन दिनों के बाद लंदन में जेल ब्रेक की साजिश रचने और उसे अंजाम देने के अलावा कोई ऑप्शन नहीं है।इस फिल्म में दिव्या खोसला के साथ अनिल कपूर और हर्षवर्द्धन राणे भी नज़र आयेंगे। फिल्म की पूरी शूटिंग लंदन में की गई है।अभिनय देव की फिल्म सावी का निर्माण विशेष एंटरटेनमेंट और टी-सीरीज़ के बैनर तले मुकेश भट्ट, भूषण कुमार और कृष्ण कुमार द्वारा किया गया है। शिव चानना और साक्षी भट्ट ने को प्रोड्यूस किया है ।

## मां के सशक्त किरदार को जबरदस्त सराहना मिलती है फिल्मों में

बॉलीवुड के फिल्मकारों ने मां के सशक्त किरदार को अपनी फिल्मों में बखूबी तरीके से पेश किया है और कई बार ऐसा भी हुआ है कि मां के सशक्त किरदार से ही फिल्में दर्शकों को आकर्षित करने में सफल रही हैं।

कभी मां को समर्पित, कभी सकारात्मक, कभी संघर्षशील तो कभी दोस्ताना रूप में सिल्वर स्क्रीन पर प्रजेंट किया है। किरदार अंदाज चाहे जो भी रहा हो, लेकिन इन सभी ऑनस्क्रीन मां ने हमेशा अपनी अलग छाप छोड़ी है। कई बार तो फिल्मों में इनके किरदार ने ही सबसे ज्यादा प्रभावित किया है। फिल्ममेकर्स ने मां के अर्थ को काफी बेहतर तरीके से पर्दे पर उतारने की कोशिश की है।

बॉलीवुड में जब भी मां के किरदार का जिक्र होता है तो निरूपा राय का नाम जरूर आता है। इस तरह से उन्हें फिल्म जगत की आइडल मां माना जाता है। इसके अलावा उन्हें अमिताभ बच्चन की ऑनस्क्रीन मां भी कहा जाता है। उन्होंने कई फिल्मों में अमिताभ की मां की भूमिका अदा की है। खासतौर पर फिल्म 'दीवार', 'खून पसीना', 'मुकद्दर का सिकंदर', 'अमर अकबर एंथनी','सुहाग', जैसी फिल्मों में अमिताभ की मां का बेहतरीन रोल निभाया है।

कौन भूल सकता है वर्ष 1957 में प्रदर्शित फिल्म 'मदर इंडिया' में नरगिस की भूमिका को। इस फिल्म में नरगिस ने सुनील दत्त और राजेन्द्र कुमार की मां की भूमिका को जीवंत किया था। इस फिल्म में



नरगिस ने एक ऐसी मां का किरदार निभाया जो अपने पुत्र के अन्याय करने पर उसे जान से मारने से भी नहीं हिचकती है। इस फिल्म में नरगिस को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के फिल्मफेयर पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

बॉलीवुड फिल्मों में काम करने वाली पहली मिस इंडिया नूतन ने भी कई फिल्मों में मां के किरदार को रूपहले पर्दे पर खूबसूरती के साथ साकार किया है। इन फिल्मों में'मेरी जंग','नाम','मुजरिम','युद्ध' और 'कर्मा' जैसी फिल्में खास तौर पर उल्लेखनीय हैं। फिल्म 'मेरी जंग' में अपने सशक्त अभिनय के लिए नूतन सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री के पुरस्कार से भी सम्मानित की गई।

सत्तर और 80 के दशक की जानी मानी अभिनेत्री राखी ने भी कई फिल्मों में मां के दमदार चरित्र को रूपहले पर्दे पर साकार किया है। यदि निरूपा राय को अमिताभ की मां कहा जाता है तो राखी अनिल कपूर की फिल्मी मां थी। 'राम लखन', 'प्रतिकार' ,'जीवन एक संघर्ष में' राखी अनिल कपूर की मां बनी थीं। 'खलनायक', सोल्जर, बार्डर, करण-अर्जुन, बाजीगर और अनाड़ी जैसी फिल्मो में भी राखी ने मां का किरदार सशक्त तरीके से निभाया था।

नब्बे के दशक में रीमा लागू ने कई फिल्मों में मां के किरदार को प्रभावशाली तरीके से रूपहले पर्दे पर पेश किया है। रीमा लागू को कई फिल्मों में दबंग स्टार सलमान की मां के रूप में देखा गया है। इनमें 'मैने प्यार किया', 'साजन', 'हम साथ साथ हैं', 'जुड़वां' और 'पत्थर के फूल' जैसी सुपरहिट फिल्में शामिल हैं। रीमा लागू की मां की भूमिका वाली अन्य फिल्मों में कयामत से कयामत तक, आशिकी, हम आपके हैं कौन, कुछ कुछ होता है आदि शामिल हैं। इसी तरह बॉलीवुड की फिल्मों में कई अभिनेत्रियों ने मां के किरदार को रूपहले पर्दे पर पेश किया है। इनमें लीला चिटनिश, दुर्गा खोटे, दीना पाठक,वहीदा रहमान, आशा पारेख, हेमा मालिनी , रेखा, जया भादुड़ी, डिंपल कपाडिया, रति अग्निहोत्री और किरण खेर आदि शामिल हैं।

## मदर्स डे

# सायरा बानो को आई नसीम बानो की याद





बॉलीवुड अभिनेत्री सायरा बानो ने मदर्स डे के अवसर पर अपनी मां नसीम बानो की फोटो सोशल मीडिया पर शेयर की है।

सायरा बानो ने मदर्स डे के अवसर पर इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा किया है, जिसमें उन्होंने अपनी मां की तस्वीरें शेयर की है और इसी के साथ एक कैप्शन भी लिखा है। सायरा ने आठ फोटो शेयर की है। सायरा ने कैप्शन में लिखा,मेरी प्यारी मां ने एक खूबसूरत दुनिया में मेरे पूरे अस्तित्व की निगरानी की। अल्लाह ने मुझे जीवन में जो कुछ भी दिया है, मैं उसका ऋणी हूं। हम चार लोगों का परिवार था, मेरी दादी शमशाद अब्दुल वहीद खान, उनकी बहन खुर्शीद बेगम, अप्पाजी और मेरा भाई सुल्तान अहमद।

दुर्भाग्य से अपरिहार्य परिस्थितियों के कारण हम एकल अभिभावक परिवार थे।मैं परी चेहरा नसीम बानो जी के बारे में बात कर रही हूं, जो पहली महिला सुपरस्टार हैं, जिन्होंने सोहराब मोदी के ऐतिहासिक पुकार के साथ अपनी प्रशंसा का शानदार सिलसिला शुरू किया था। जहां उन्होंने महारानी नूरजहां का किरदार निभाया था। मुझे दिलीप साहब और अमिताभ बच्चन जैसे दिग्गजों की याद आती है, जब उनसे सबसे खूबसूरत महिला के बारे में पूछा गया था, तो उन्होंने स्पष्ट रूप से अप्पाजी का नाम बताया था।

सायरा ने लिखा,16 साल की छोटी उम्र में मेरी मां को परिवार की बागडोर संभालनी पड़ी और यह सिलसिला जीवन भर चलता रहा। उन्होंने हर जगह शानदार काम किया और मुझे और मेरे भाई को लंदन के डे स्कूलों में पढ़ाया और स्कूल खत्म करने के बाद हम मुंबई वापस आ गए और आगे पढ़ाई करने के बजाय फिल्में करना चाहते थे। उन्होंने हमेशा हमारी 'देसी जड़ों' पर जोर दिया। हमने दुनिया भर की यात्रा की लेकिन हमारी छुट्टियों का अधिकांश हिस्सा अपनी परंपराओं के साथ जीने के लिए मुंबई और दिल्ली में बिताया।बाकी इतिहास है और मैं रातोंरात स्टार बन गई क्योंकि लोग नसीम बानो जी की बेटी को देखने के लिए उत्सुक थे। उन्होंने मेरे लिए ड्रेस डिजाइनिंग में नए रास्ते खोले। उस समय ब्लैक एंड व्हाइट फिल्में थी, जिनमें नायिकाएं किसी भी तरह की पोशाक पहनती थीं, लेकिन ईस्ट मैन कलर और जंगली के आगमन के साथ नसीम जी ने मेरे लिए सुंदर कढ़ाई वाले परिधान डिजाइन किए।नसीम जी ने मेकअप दादा दीनू इंदुलकर की मदद से मेरे मेकअप में क्रांति ला दी। जब साज और आवाज़ (1966) में उन्होंने मेरे लिए ब्लू कॉन्टैक्ट लेंस का प्रयोग किया और शानदार आई-मेकअप ट्रेंड शुरू किया। उसी फिल्म में एक ड्रीम सीक्वेंस के लिए वह पेरिस, फ्रांस के प्रसिद्ध 'लिडो शो' से सही ग्लैमरस कपड़े और खूबसूरत पंख ढूंढने की चरम सीमा तक चली गईं।जैसे ही हम इंस्टाग्राम पर जाते हैं, मैं उनके प्रयासों और प्रतिभा के बारे में थोड़ा-थोड़ा करके साझा करना चाहती हूं क्योंकि उनके करिश्मा को एक विस्तृत पुस्तक में भी शामिल नहीं किया जा सकता है। मैं ईश्वर की कृपा से हमारे जीवन को आकार देने में उनके कठिन परिश्रम और सफलताओं से आपको परिचित कराने का प्रयास करूंगी।

## मदर्स डे पर धर्मेंद्र की एक पुरानी तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल





मदर्स डे के अवसर पर बॉलीवुड के ही मैन धर्मेंद्र की एक पुरानी तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो गयी है। आज मदर्स डे मनाया जा रहा है।रेयर ओनली फोटो नाम के एक इंस्टाग्राम पेज ने तस्वीर शेयर कर दावा किया इसमें धर्मेंद्र अपनी मां के साथ दिख रहे हैं। फोटो में धर्मेंद्र ने मां के कंधे पर हाथ रखा हुआ है और उधर उनका ध्यान तो कहीं और ही है।उनकी मां अपने हाथ में कुछ चीज देख रही हैं। ऐसा भी हो सकता है कि वह धर्मेंद्र को अपने हाथ से कुछ खिला रही हों और उनके हाथ में वही चीज दिख रही हो। यह तस्वीर इंटरनेट पर बहुत वायरल हो रही है और लोग इसे बहुत पसंद कर रहे हैं।

## मां के साथ अपने रिश्ते पर बोलीं एक्ट्रेस नकियाह हाजी, वह मेरी ताकत है



अपनी मां के साथ स्पेशल बॉन्ड पर बात करते हुए एक्ट्रेस नकियाह हाजी ने कहा कि वह अपनी जिंदगी में सबसे ज्यादा भरोसा उन पर करती हैं और उनके लिए वह एक चट्टान की तरह हैं।शो शैतानी रस्में में निक्की की भूमिका निभाने वाली एक्ट्रेस ने कहा, मां का जिक्र ही मुझे खुशी से भर देता है। मेरी मां के साथ मेरा रिश्ता अटूट है। अपनी जिंदगी में मैं हर चीज के बारे में उन पर भरोसा करती हूं। वह सिर्फ मेरी मां नहीं है, वह मेरी ताकत।नकियाह हाजी ने कहा, मेरे लिए वह किसी सुपरहीरो से कम नहीं है। मैं सचमुच मानती हूं कि सभी माओं में यह असाधारण शक्ति होती है, वह हमारे बताने से पहले ही जान जाती है। वे हमें बहुमूल्य सीख देती हैं। हमें आदर्श इंसान बनाती हैं।मदर्स डे से पहले शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने कहा, हम अविश्वसनीय रूप से भाग्यशाली हैं कि हमारी जिंदगी में ऐसी अविश्वसनीय महिलाएं हैं, जो हर कदम पर हमारा मार्गदर्शन और समर्थन करती हैं। यहां मौजूद सभी माओं के लिए, आप सभी अपने आप में सुपरहीरो हैं, और मैं आप में से प्रत्येक को मदर्स डे की बहुत-बहुत शुभकामनाएं देती हूं।यह शो स्टार भारत पर प्रसारित होता है।

# आज का राशिफल

## मेष – चू,चे,चो,ला,लि,लू,ले,लो,अ

पुरानी परियोजनाओं की सफलता आत्मविश्वास में वृद्धि करेगी। आज आप अपने घर के सदस्यों को कहीं घुमाने ले जा सकते हैं और आपका काफी धन खर्च हो सकता है। बहन का स्नेह आपको प्रोत्साहन देगा। लेकिन छोटी-मोटी बातों पर आपा खोने से बचें, क्योंकि इससे आपके हितों को नुक़सान पहुँचेगा। कुछ लोगों को कार्यक्षेत्र में तरक़्क़ी मिलेगी। आज जीवनसाथी के साथ समय बिताने के लिए आपके पास पर्याप्त समय होगा। आपके प्रेम को देखकर आज आपका प्रेमी गदगद हो जाएगा ।

## वृषभ – इ,उ,ए,ओ,वा,वि,वु,वे,वो

आज आपका स्वास्थ्य दुरुस्त रहने की पूरी उम्मीद है। अपने अच्छे स्वास्थ्य के चलते आज आप अपने दोस्तों के साथ खेलने का प्लान बना सकते हैं। आज आपको अपने भाई या बहन की मदद से धन लाभ होने की संभावना है ।अगर आप सीधा जवाब नहीं देंगे तो आपके सहयोगी आपसे नाराज़ हो सकते हैं। इस राशि के बच्चे आज खेलकूद में दिन बिता सकते हैं, ऐसे में माता-पिता को उनपर ध्यान देना चाहिए क्योंकि चोट लगने की संभावना है। आपको और आपके जीवनसाथी को कोई बहुत सुखद ख़बर सुनने को मिल सकती है।

## मिथुन – क,कि,कृ,घ,ड़,छ,के,को,ह

नफ़रत की भावना महंगी पड़ सकती है। यह न केवल आपकी सहन-शक्ति घटाती है, बल्कि । आज धन लाभ होने की संभावना तो बन रही है लेकिन ऐसा हो सकता है कि अपने गुस्सैल स्वभाव के कारण आप पैसा कमाने में सक्षम न हो पाएं। बच्चे को रोमांचक समाचार ला सकते हैं। आज आप ऐसे इंसान से मिल सकते हैं, जो आपको ख़ुद अपनी ज़िन्दगी से ज़्यादा चाहता होगा। कार्यक्षेत्र में आपका कोई प्रतिद्वंदी आज आपके खिलाफ साजिश कर सकता है, इसलिए आज आपको आंख कान खोलकर काम करने की जरूरत है। बेवजह की उलझनों से दूर होकर आज आप किसी मंदिर, गुरुद्वारे या किसी भी धार्मिक स्थल पर अपना खाली समय बिता सकते हैं। मुमकिन है कि आपके माता-पिता आपके ।

## कर्क – ही,हु,हे,हो,डा,डी,डू,डे,डो

आप खाली समय का आनंद ले सकेंगे। धन की आवश्यकता कभी भी पड़ सकती है इसलिए आज जितना हो अपने पैसे की बचत करने का विचार बनाएं। आपके बच्चे के पुरुस्कार वितरण समारोह का बुलावा आपके लिए ख़ुशनुमा एहसास रहेगा। वह आपकी उम्मीदों पर खरा उतरेगा और आप उसके ज़रिए अपने सपने साकार होते हुए देखेंगे। आप महसूस करेंगे कि प्यार में बहुत गहराई है और आपका प्रिय आपको सदा बहुत प्यार करेगा। पैसे बनाने के उन नए विचारों का उपयोग करें, जो आज आपके ज़ेहन में आएँ। यात्रा आपके लिए आनन्ददायक और बहुत फ़ायदेमंद हैं ।

## सिंह – म,मी,मू,मे,मो,टा,टी,टू,टे

मौज-मस्ती और मनपसंद काम करने का दिन है। आज सफलता का मंत्र यह है कि उन लोगों की सलाह पर पैसे लगाएँ, जो मौलिक सोच रखते हों और अनुभवी भी हों। पारिवारिक तनावों को अपनी एकाग्रता भंग न करने दें। बुरा दौर ज़्यादा सिखाता है।अगर आप अपने काम पर ध्यान दें तो क़ामयाबी और प्रतिष्ठा आपकी होगी। इस राशि के उम्रदराज जातक आज के दिन अपने पूराने मित्रों से खाली समय में मिलने जा सकते हैं। जीवनसाथी से बिना पूछे योजना बनाएंगे, तो उनकी ओर से नकारात्मक प्रतिक्रिया मिल सकती है।

## कन्या – टो,प,पी,पू,ष,ण,ठ,पे,पो

आपका स्वास्थ्य आज पूरी तरह से आपका साथ देगा। धन की आवाजाही आज दिन भर होती रहेगी और दिन ढलने के बाद आप बचत करने में भी सक्षम हो पाएंगे। बच्चों से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए थोड़ा समय अलग से निकालें। आज के दिन अपने प्रिय से कोई तल्ख़ बात न कहें। किसी भी स्थिति में आपको अपने समय का ख्याल रखना चाहिए बिजली कटौती या फिर किसी अन्य वजह से आपको सुबह तैयार होने में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है, लेकिन जीवनसाथी की ओर से इससे निबटने में काफ़ी मदद मिलेगी।

## तुला – र,री,रू,रे,रो,ता,ति,तू,ते

व्यस्त दिनचर्या के बावजूद स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। घर में किसी फंक्शन के होने की वजह से आज आपको बहुत धन खर्च करना पड़ेगा जिसके कारण आपकी आर्थिक स्थिति खराब हो सकती है। पारिवारिक तनावों को अपनी एकाग्रता भंग न करने दें। बुरा दौर ज़्यादा सिखाता है। ख़ुद को अभिव्यक्त करने के लिए अच्छा समय है- और ऐसे प्रोजेक्ट पर काम कीजिए, जो रचनात्मक हों। अपने शरीर को दुरुस्त करने के लिए आज भी आप कई बार सोचेंगे लेकिन बाकी दिनों की तरह भी आज यह प्लान धरा का धरा रह जाएग ।

## वृश्चिक – तो,न,नी,नू,ने,नो,या,यी,यू

जिन लोगों ने अतीत में अपना धन निवेश किया था आज उस धन से लाभ होने की संभावना बन रही है। दिन को रोमांचक बनाने के लिए क़रीबी दोस्तों और परिवार के साथ समय बिताएँ। कोई अच्छी ख़बर या जीवनसाथी/प्रिय से मिला कोई संदेश आपके उत्साह को दोगुना कर देगा। दिन की शुरुआत भले ही थोड़ी थकाऊ रहे लेकिन जैसे-जैसे दिन आगे बढ़ेगा आपको अच्छे फल मिलने लगेंगे। दिन के अंत में आपको अपने लिए समय मिल पाएगा और आप किसी करीबी से मुलाकात करके इस समय का सदुपयोग कर सकते हैं। जिसके चलते आपके वैवाहिक जीवन में और निखार आएगा।

## धनु – ये,यो,भ,भी,भू,धा,फा,ढा,भे

अपनी ऊर्जा को व्यक्तित्व-विकास के काम में लगाएँ, जिससे आप और भी बेहतर बन सकें। लम्बे समय से अटके मुआवज़े और कर्ज़ आदि आख़िरकार आपको मिल जाएंगे। अगर आपके मन में तनाव है तो किसी नज़दीकी रिश्तेदार या दोस्त से बात करें, पैसे बनाने के उन नए विचारों का उपयोग करें, जो आज आपके ज़ेहन में आएँ। आप खाली समय में अपने पसंदीदा काम करना पसंद करते हैं, आज भी आप ऐसा ही कुछ करने का सोचेंगे लेकिन किसी शख्स के घर में आने की वजह से आपका यह प्लान चौपट हो सकता है।

## मकर – भो,ज,जी,खि,खू,खे,खो,ग,गि

शारीरिक और मानसिक लाभ के लिए ध्यान व योग करना उपयोगी रहेगा। आज का दिन ऐसी चीज़ों को ख़रीदने के लिए बढ़िया है, जिनकी क़ीमत आगे चलकर बढ़ सकती है। आपके व्यक्तिगत मोर्चे पर कोई बड़ी चीज़ होने वाली है, जो आपके और आपके परिवार के लिए उल्लास लेकर आएगी। अगर आप हुक्म चलाने की कोशिश करेंगे, तो आपके और आपके प्रिय के बीच काफ़ी परेशानी खड़ी हो सकती है। नौकरों और सहकर्मियों से परेशानी होने की संभावना को ख़ारिज नहीं किया जा सकता है। जीवनसाथी की ख़राब सेहत का असर आपके काम-काज पर भी पड़ सकता है, लेकिन आप किसी तरह चीज़ें संभालने में क़ामयाब रहेंगे।

## कुम्भ – गु,गे,गो,सा,सी,सू,से,सो,द

अगर आप लोन लेने वाले थे और काफी दिनों से इस काम में लगे थे तो आज के दिन आपको लोन मिल सकता है। ग़लत बातों को ग़लत वक़्त पर कहने से बचें। जिन्हें आप चाहते हैं, उनका दिल दुखाने से बचें। ख़ुद को अभिव्यक्त करने के लिए अच्छा समय है- और ऐसे प्रोजेक्ट पर काम कीजिए, जो रचनात्मक हों। इस राशि वालों को आज खुद के लिए काफी समय मिलेगा। इस समय का उपयोग आप अपने शोकों को पूरा करने में कर सकते हैं। आप कोई किताब पढ़ सकते हैं या अपना पसंदीदा म्यूजिक सुन सकते हैं। जीवनसाथी से अच्छी बातचीत हो सकती है; आप महसूस करेंगे कि आप-दोनों में कितना प्यार है।

## मीन – दी,दू,थ,झ,ञ,दे,दो,चा,ची

आपको अपनी सेहत के प्रति ज़्यादा सावधानी बरतने की ज़रूरत है, ख़ास तौर पर रक्तचाप के मरीज़ों को। आपका कोई पुराना मित्र आज कारोबार में मुनाफा कमाने के लिए आपको सलाह दे सकता है, अगर इस सलाह पर आप अमल करते हैं तो आपको धन लाभ जरुर होगा। करिअर के लिए योजना बनाना उतना ही आवश्यक है, जितना कि खेलना-कूदना। इसलिए माता-पिता को ख़ुश करने के लिए दोनों में संतुलन बनाना ज़रूरी है । आपको अपने दायरे से बाहर निकलकर ऐसे लोगों से मिलने-जुलने की ज़रूरत है, जो ऊँची जगहों पर हों

## सोमवार का पंचांग

दिनांक : 13 मई 2024 , सोमवार
विक्रम संवत : 2081
मास : वैशाख , शुक्ल पक्ष
तिथि : षष्ठी रात्रि 02:52 तक
नक्षत्र : पुनर्वसु प्रात: 11:24 तक
योग : शूल प्रात: 07:40 तक
करण : कौलव दोपहर 02:23 तक
चन्द्रराशि : कर्क
सूर्योदय : 05:44, सूर्यास्त 06:40 ( हैदराबाद )
सूर्योदय : 05:54 , सूर्यास्त 06:37 ( बैंगलोर )
सूर्योदय : 05:46, सूर्यास्त 06:30 ( तिरुपति )
सूर्योदय : 05:37 , सूर्यास्त 06:30 ( विजयवाडा )

**शुभ चौघड़िया**

अमृत : 06:00 से 07:30
शुभ : 09:00 से 10:30
चल : 01:30 से 03:00
लाभ : 03:00 से 04:30
अमृत : 04:30 से 06:00
राहुकाल : प्रात: 07:30 से 09:00
दिशाशूल : पूर्व दिशा
उपाय : दही धनिया खाकर यात्रा का आरंभ करें
दिन विशेष :- श्री नृसिंह नवरात्र आरंभ




※ पाण्डित्य विषय में सम्पर्क करें ※
पं.चिदम्बर मिश्र (टिल्लू महाराज)
हमारे यहाँ पाण्डित्य पूर्ण यज्ञ अनुष्ठान, भागवत कथा एवं मूल पारायण, वास्तुशान्ति, गृहप्रवेश,शतचंडी, विवाह, कुंडली मिलान, नवग्रह शान्ति, ज्योतिष सम्बन्धी शंका समाधान किए जाते हैं
फक्कड़ का मन्दिर, रिकाबगंज, हैदराबाद, (तेलंगाना)
9246159232, 9866165126
chidamber011@gmail.com


# खड़गे के पत्र पर चुनाव आयोग की प्रतिक्रिया अनुचित : गहलोत



**जयपुर, 12 मई (एजेंसियां)।** राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा इंडिया गठबंधन के सहयोगी दलों को लिखे गए पत्र पर चुनाव आयोग की प्रतिक्रिया को अनुचित एवं अनचाही करार दिया है। गहलोत ने सोशल मीडिया के माध्यम से कहा कि खड़गे के सहयोगी दलों को लिखे पत्र पर चुनाव आयोग की प्रतिक्रिया पूर्णत: अनुचित एवं अनचाही है। उन्होंने कहा कि खड़गे द्वारा उठाए गए सवालों पर आए चुनाव आयोग के इस पत्र की भाषा एक संवैधानिक संस्था से ज्यादा राजनीतिक दल की लग रही है।

उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग अपनी जिम्मेदारी से काम करने की बजाय इस चुनाव में एक पक्ष के साथ खड़ा दिखाई दे रहा है जो आमजन के मन में शंकाएं पैदा कर रहा है। यह चुनाव आयोग की छवि के लिए भी उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि यह आश्चर्यजनक है कि चुनाव आयोग पार्टियों के बीच हो रहे आतंरिक वार्तालाप पर तो प्रतिक्रिया दे रहा है पर चुनाव आयोग में विपक्षी दलों द्वारा दी गई शिकायतों पर संज्ञान भी नहीं ले रहा है। राजस्थान में कांग्रेस पार्टी ने 20 से अधिक शिकायतें दर्ज करवाईं पर उन पर नोटिस तक जारी नहीं किए।

# केकड़ी कोर्ट में फिल्म जॉली एलएलबी-3 के खिलाफ वाद दायर




**अजमेर,12 मई (एजेंसियां)।** राजस्थान में अजमेर के बाद केकड़ी में भी फिल्म 'जॉली एलएलबी-3 के खिलाफ न्यायालय का दरवाजा खटखटाया गया है, जिसकी न्यायालय में 13 मई को सुनवाई होगी। प्राप्त जानकारी के मुताबिक केकड़ी जिले के सिविल न्यायालय की मुंसिफ कोर्ट में वकील मनीष छीपा ने वाद दायर किया है। बताया जा रहा है कि केकड़ी जिले के राजकीय चिकित्सालय बांदनवाड़ा में फिल्मांकन किया जा रहा है। एडवोकेट छीपा द्वारा दायर वाद में केकड़ी जिला कलक्टर सहित फिल्म प्रोड्यूसर, अभिनेता, फिल्म यूनिट को इस आधार पर पाबंद करने कि गुहार लगाई है कि फिल्मांकन के दौरान तमाम दृश्यों और डायलॉग में न्यायालय एवं अधिवक्ताओं की गरीमा का ध्यान रखा जाये और किसी भी रूप में इन्हें ठेस न पहुंचे। इस पर न्यायालय से पक्षकारों को नोटिस भी जारी किये जा चुके हैं। मामले की सुनवाई सिविल न्यायायिक मजिस्ट्रेट शुभम गुप्ता सोमवार को करेंगे। उल्लेखनीय है कि अजमेर के रेलमंडल में शूटिंग के दौरान न्यायालय एवं वकीलों की छवि धूमिल करने का आरोप लगाते हुए बार एसोसिएशन अध्यक्ष एवं साथियों की ओर दायर वाद में अजमेर मुंसिफ उत्तर की अदालत में 18 मई को सुनवाई की जायेगी।

# दिव्यांगों को सशक्त बनाने के लिए जिम्मेदारी उठानी चाहिए : कटारिया



**जयपुर, 12 मई (एजेंसियां)।** असम के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया ने कहा है कि दिव्यांगों को शारीरिक, सामाजिक, आर्थिक एवं बौद्धिक रूप से सशक्त बनाने में समाज और सरकार को मिलकर जिम्मेदारी उठानी चाहिए। श्री कटारिया रविवार को गुवाहाटी में नारायण आर्टिफिशियल लिंब मेजरमेंट शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मानव जीवन में दूसरों की मदद करना श्रेष्ठ कर्म है। दिव्यांग जनों को समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए केंद्र और राज्य सरकारें काम कर रही है। नारायण सेवा संस्थान भी इसमें योगदान कर रहा है। नर में नारायण मानकर देश के हर राज्य में पहुँच कर सेवा का जो बीड़ा संस्थान ने उठाया है। वह सराहनीय है। साथ ही उन्होंने नारायण सेवा संस्थान को नॉर्थ ईस्ट में सेवा विस्तार के लिए राजभवन से मदद की घोषणा की। यह शिविर रविवार को आशी अप्सरा हॉल, पलटन बाजार में हुआ।इस मौके पर पूर्वोत्तर प्रदेशीय मारवाड़ी सम्मेलन के विनोद लोहिया, दिगम्बर जैन पंचायत के महावीर प्रसाद जैन, बिहार फाउंडेशन के उमेश कुमार,मारवाड़ी हॉस्पिटल के रमेश गोयंका, ब्राह्मण समाज रतन शर्मा, निदेशक वंदना अग्रवाल, श्वेतांबर जैन तेरापंथ के बजरंग सुराणा उपस्थित रहे। शिविर में इस 1000 से ज्यादा दिव्यांग और 30 से अधिक स्थानीय संगठन और उनके पदाधिकारी मौजूद थे।

# सात दिवसीय मेटल स्कल्पचर इंटर्नशिप प्रोग्राम का आगाज



**जयपुर, 12 मई (एजेंसियां)।** राजस्थान की राजधानी जयपुर के आकेड़ा डूंगर स्थित वर्क्स फॉर आर्टिस्ट फाउंडरी में शिल्पांजलि आर्ट फांउडेशन के सौजन्य में धातु की मूर्तियों पर सात दिवसीय मेटल स्कल्पचर इंटर्नशिप प्रोग्राम का रविवार को आगाज हुआ।इस कार्यक्रम का उदघाटन विश्व प्रसिद्ध आर्टिस्ट हिम्मत शाह एवं राजकुमार पंडित ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। कार्यक्रम संयोजक शिल्पा पंडित ने बताया कि 12 से 18 मई तक आयोजित इस कार्यक्रम में पहली बार देश के प्रसिद्ध आर्ट कॉलेज के पीजी स्टूडेंट्स हिस्सा ले रहे हैं। इसमें कला भवन, शांति निकेतन से जोआना नोगबरी मेघालय, गजल गुप्ता, आईआईएस यूनिवर्सिटी, जयपुर, नागेश कानडे, दा महाराजा सयाजी राव यूनिवर्सिटी, बड़ौदा, अंकित सोमवंशी, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, अमित कुमार, कॉलेज ऑफ आर्ट, दिल्ली अपनी कला को प्रदर्शित करेंगे।इनके द्वारा तैयार किए गए डेमो को धातु में बनाकर यहां रखा जाएगा। इसका उद्देश्य देश-विदेश में आर्ट एंड कल्चर से जुड़े विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करना है। साथ ही विद्यार्थियों को नि:शुल्क प्रशिक्षित करके उन्हें इस कला में पारंगत करना मुख्य ध्येय है। वर्क्स फॉर आर्टिस्ट फाउंडरी के संस्थापक राजकुमार पंडित ने बताया कि देश में संचालित आर्ट कॉलेज के करीब 150 यूजी/पीजी एवं पीएचडी स्कॉलर के विद्यार्थियों में से पांच का चयन किया जाएगा।

# सिरसा में पुलिस व अर्धसैनिक बलों ने किया फ्लैग मार्च



**सिरसा, 12 मई (एजेंसियां)।** आगामी 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर जिला पुलिस तथा अर्धसैनिक बलों ने मिलकर रानिया और डिंग क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च निकालते हुए पुलिस तथा अर्ध सैनिक बलों के अधिकारियों तथा जवानों ने आम लोगों को निष्पक्ष व भयमुक्त वातावरण में चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराने का विश्वास दिलाया तथा शांतिपूर्वक मतदान करवाने में सहयोग करने की अपील की। मतदाताओं को 25 मई को होने वाले मतदान में बिना किसी भय व डर के निर्भिक रूप से मतदान करने तथा शांति व्यवस्था बनाए रखने के उदेश्य से पुलिस और अर्धसैनिक बलों ने फ्लैग मार्च निकाला।रानिया थाना क्षेत्र में फ्लैग मार्च जीवन नगर से शुरू किया गया, जोकि संत नगर हरिपुरा, करीवाला, बणी, नथोर व बचेर से होते हुए निकला जबकि डिग थाना क्षेत्र में डिंग रोड डिंग मंडी, मोची वाली, भावदीन तथा मोरीवाला क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला गया। पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने बताया कि पुलिस व सुरक्षा बलों द्वारा फ्लैग मार्च के दौरान लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया है, ताकि मतदाता पूरी तरह निर्भीक होकर मतदान कर सकें। उन्होंने बताया कि चाहे शहर हो या फिर देहात, जहां भी संवेद-नशील मतदान केन्द्र हैं, या क्षेत्र हैं, वहां पर पूरी निगरानी रखी जा रही है, तथा सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आगामी 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर जिला पुलिस ने जहां जिला के अंदर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए हैं, वहीं जिला के साथ लगती पंजाब और राजस्थान सीमा पर भी कड़ी सावधानी व सतर्कता बरती जा रही है। श्री भूषण ने बताया कि नाकों से गुजरने वाले प्रत्येक वाहन तथा व्यक्ति को बारीकी से चेक किया जा रहा है, और संदिग्ध किस्म के लोगों पर पैनी नजर रखी जा रही है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि फ्लैग मार्च के दौरान आम जन से कहा गया है, कि अगर मतदान के दौरान उन्हें कोई भी व्यक्ति प्रभावित करता है, तो तुरंत पुलिस को सूचित करें, तथा अन्य गैर कानूनी कार्य करने वालों के बारे में भी पुलिस को निसंकोच होकर सूचना दें, ताकि ऐसे लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सके।

# भाजपा भी कांग्रेस की नीतियों पर चल रही अब उसे सबक सिखाना होगा : मायावती



**करनाल, 12 मई (एजेंसियां)।** हरियाणा राज्य के सभी बसपा उम्मीदवारों के समर्थन में बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष कुमारी मायावती ने रविवार को करनाल की धरती से दलितों, आदिवासियों के साथ पिछड़ों और अल्पसंख्यकों को भी साधा। उन्होंने कांग्रेस और भाजपा को सीधे निशाने पर रखते हुए कहाकि आजादी के बाद कांग्रेस सर्वाधिक सत्ता में रही लेकिन उसकी दलित, आदिवासी, पिछड़ा वर्ग विरोधी नीतियों के कारण सत्ता से बाहर होना पड़ा। अब भाजपा भी उन्हीं नीतियों पर चल रही है, इसलिए उसे भी दोबारा सत्ता प्राप्त करने से रोकना होगा।

करनाल के सेक्टर चार स्थित दशहरा ग्राउंड में आयोजित चुनावी जनसभा में बसपा सुप्रीमों मायावती ने लोक सभा करनाल के बसपा प्रत्याशी इंद्रजीत सहित सभी सीटों के बसपा प्रत्याशियों को मंच पर खड़ा करके उन्हें विजयी बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बसपा ने यूपी में अपने चार बार के कार्यकाल में सभी वर्गो के लिए ऐतिहासिक कार्य किए हैं। जिन्हें अब दूसरी सरकारें भी अपनाने का विवश हैं। उन्होंने कहा कि यदि चुनाव फ्री एंड फेयर हुआ और ईवीएम में गड़बड़ी नहीं हुई तो अपनी गलत नीतियों के कारण भाजपा भी केंद्र की सत्ता में आसानी से आने वाली नहीं है। क्योंकि अब चुनावी पुरानी नाटकबाजी, गारंटी आदि काम आने वाली नहीं है, जनता सब समझ चुकी है। इन्होंने सभी काम हवा हवाई किए हैं। जो कार्य बसपा सरकार ने यूपी में किए हैं, उनके एक तिहाई कार्य भी देशभर में नहीं किए, सिर्फ धन्नासेठों, पूंजीपतियों को ही मालामाल किया है।

मायावती ने कहा कि अभी कुछ दिन पहले ही सुप्रीमकोर्ट ने बांड के माध्यम से भाजपा व कांग्रेस और उनकी सहयोगी पार्टियों ने द्वारा धन्नासेठों, पूंजीपतियों से, उनकी कंपनियों से करोड़ो रुपये लेने का संज्ञान लिया। सिर्फ बसपा ही एक ऐसी पार्टी रही, जिसने एक रुपया भी धन किसी से नहीं लिया। बसपा किसी भी धन्नासेठ, पूंजीपति से धन नहीं लेती, बसपा अपने कार्यकर्ताओं व मेरे जन्म दिन पर थोड़ा धन एकत्र करके संगठन चलाती है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस की तरह ही भाजपा ने भी देश की एजेंसियों का राजनीतिकरण कर दिया है। बसपा ने दलित, आदिवासी, अल्पसंख्यक सहित सर्व समाज, किसानों, मजदूरों आदि का ध्यान रखा है।

भाजपा की जातिवादी, पूंजीवादी सोच के चलते कभी दलितों, आदिवासियों, अल्पसंख्यकों, सर्व समाज का हित नहीं किया। आरक्षण भी किसी को पूरा नहीं मिल रहा है। प्राइवेट सेक्टर में तो आरक्षण खत्म सा हो गया है। कई सालों से भाजपा व आरएसएस की सरकारों ने पदोन्नति आरक्षण में भी बंद कर दिया है। धर्म की आड़ में जुल्म किया जा रहा है। किसान अधिकतर समय आंदोलित ही रहते हैं। सरकारी वर्ग भी दुखी है। मौजूदा सरकार में बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार बढ़ रहा है। इसलिए चुनाव में भाजपा, कांग्रेस व इनकी सहयोगी पार्टियों को सत्ता में आने से रोकना होगा। ये पार्टियों कई तरह से बरगलाएंगी, प्रलोभन देंगी लेकिन इससे सावधान रहकर मतदान करना होगा।

इस मौके बसपा के हरियाणा, पंजाब, चंडीगढ़ के प्रभारी रणधीर सिंह बेनीवाल, प्रदेश प्रभारी एडवोकेट गुरमुख सिंह, सुमेर जांगड़ा, प्रदेशाध्यक्ष राजवीर सोरखी, प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी सही राम, नरेंद्र राणा, रामपाल वैभान आदि कई नेता मौजूद रहे।

# लघु सचिवालय में लगी आग, एनआईसी कार्यालय का सामान जलकर हुआ राख



**नारनौल, 12 मई (एजेंसियां)।** लघु सचिवालय की चौथी मंजिल में बने एनआईसी व एक्साइज विभाग के कार्यालय में आग लग गई। प्रथम दृष्टया आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है। आग लगने की सूचना आसपास के लोगों ने दी। जिसके बाद दमकल विभाग की चार गाड़ी मौके पर पहुंची और करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। हालांकि इससे पहले नेशनल इन्फॉर्मेशन सेंटर (एनआईसी) कार्यालय का ज्यादातर सामान जलकर राख हो चुका था।

मिली जानकारी के अनुसार रविवार सुबह करीब साढे पांच बजे आसपास के लोगों को लघु सचिवालय की चौथी मंजिल से धुआं निकलता दिखाई दिया। जिसके बाद स्थानीय लोगों ने वहां मौजूद कर्मचारियों को आवाज लगाकर आग लगने की जानकारी दी। आग लगने की सूचना पर हड़कंप मच गया और प्रशासन के अधिकारी व दमकल विभाग को आग लगने की जानकारी दी गई। जिसके बाद दमकल विभाग की चार गाड़ियों ने आग पर काबू पाया।वहीं, आग लगने की सूचना पर एडीसी दीपक बाबूलाल करवा ने मौके पर पहुंच कर निरीक्षण किया। बताया जा रहा है कि एनआईसी कार्यालय का ज्यादातर सामान जलकर खराब हो गया। जिससे रिकार्ड भी नष्ट हो गया है। एनआईसी के कार्यालय के नजदीक एक्साइज विभाग के एक कार्यालय में भी आग लग गई। हालांकि बचाव यह रहा है इन कार्यालयों के पास वाले कमरे में पकड़ी गई शराब रखी हुई थी। अगर आग उस कमरे तक पहुंच जाती तो आग विकराल रूप धारण कर सकती थी। लेकिन राहत की बात यह रही कि दमकल विभाग व प्रशासन ने आग पर जल्द ही काबू पा लिया। जिससे ज्यादा नुकसान होने से बच गया। लघु सचिवालय में आग लगने से सबसे ज्यादा एनआईसी व एक्साइज कार्यालय में नुकसान हुआ है।

शुभ लाभ DAILY
खबरें जो सोच बदल दे
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

### लालू बोले– बिहार ने पीएम मोदी को सड़क पर ला ही दिया

# चार चरणों में गली–गली चक्कर लगवा देगा

**पटना (एजेंसियां)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय यात्रा पर बिहार आ रहे हैं। आज शाम पटना में रोड शो करेंगे। कल यानी सोमवार को हाजीपुर, मुजफ्फरपुर और सारण में जनसभा करेंगे।

पीएम मोदी के कार्यक्रम पर राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो लालू प्रसाद ने बड़ा हमला बोला है। उन्होंने तंज कसते हुए सोशल मीडिया पर कहा कि तीन चरणों के चुनाव ने पीएम मोदी को बिहार ने सड़क पर ला ही दिया है। अब बाकी बचे चार चरणों में गली–गली में चक्कर लगवा देगा। ई बिहार है बिहार!




राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद ने कहा था कि पीएम मोदी ने 2014 में कहा था कि चीनी मिल खुलवाकर इसी मिल की बनी चीनी की चाय पीऊंगा। दस बरस हो गए। लालू ने पूछा कि क्या हुआ आपका वादा? उन्होंने कहा कि जो प्रधानमंत्री अपने वादेनुसार प्रदेश में एक छोटी सी चीनी मिल नहीं खुलवा सकता हो? जो प्रधानमंत्री विशेष राज्य के दर्जे से लेकर 10 वर्षों में अपने बड़े–बड़े आसमानी वादों में से एक रत्ती भर भी वादा पूरा ना कर सका हो? जो प्रधानमंत्री भरे मंच से अपने ही सहयोगी दल के मुख्यमंत्री द्वारा हाथ जोड़ गिड़गिड़ाने पर भी सौ बरस पुरानी एवं ऐतिहासिक पटना यूनिवर्सिटी को केंद्रीय यूनिवर्सिटी का दर्जा तक ना दे सके? ऐसे प्रधानमंत्री रोड क्या चाहे गली–गली घूम नुक्कड़ नाटक करें, इससे बिहार को क्या फायदा होगा?

तंज कसते हुए लालू प्रसाद ने आगे लिखा कि बिहारी बुड़बक नहीं है। बिहार के लोग अच्छे से जानते हैं कि बिहार से 40 में से 39 सांसद लेकर बिहार की जगह सब कुछ गुजरात में ही किया और सब निवेश गुजरात ही ले गए जबकि लंबे समय से बिहार में एनडीए सरकार है। फिर पांच साल बाद चुनाव में बिहार घूमने आते हैं।

# पूर्णिया में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मछली व्यापारी की मौत

**पूर्णिया (एजेंसियां)।** बिहार के पूर्णिया में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार मछली व्यापारी की मौत हो गई। इस घटना के बाद मृतक के परिजनों में मातम पसरा हुआ है। घटना की सूचना पर पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। वहीं, पुलिस अब शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजने की कार्रवाई कर रही है। घटना शनिवार देर रात धमदाहा थाना क्षेत्र के धमदाहा हाट के पास घटी। जहां मछली बेचकर घर लौटने के दौरान अज्ञात वाहन की चपेट में आने से व्यापारी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान धमदाहा घाट निवासी अरूण सहनी के बेटे मुन्ना सहनी (28)



के रूप में की गई हैं।

मृतक के चचेरे भाई रामजी सहनी ने बताया कि मुन्ना सहनी धमदाहा बाजार में मछली बेचने का काम करते थे। रोज की तरह मछली बेचकर बाइक से घर लौट रहा था, इसी दौरान तेज रफ्तार अज्ञात वाहन उसे जोरदार टक्कर मार कर मौके से फ़रार हो गया। हादसे के बाद मुन्ना रोड के किनारे घायल अवस्था में पड़ा हुआ था, जिसे परिजनों द्वारा द्वारा आनन–फ़ानन में इलाज के लिए अनुमंलीय अस्पताल धमदाहा में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर ने गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे पूर्णिया मेडिकल कॉलेज सह सदर अस्पताल रेफर कर दिया। पूर्णिया जीएमसीएच में इलाज के दौरान डॉक्टर ने मुन्ना को मृत घोषित कर दिया। मौत की जानकारी मिलने के बाद परिजनों का रो–रो कर बुरा हाल है।

वहीं, धमदाहा थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर कुमार अभिनव ने बताया कि सड़क दुर्घटना में एक बाइक सवार युवक की मौत होने की सूचना मिली है। सूचना पर के हाट थाना पुलिस को घटना की जानकारी दी गई है।

# सीतामढ़ी में घर में सोए बीए के छात्र की गला रेतकर हत्या

**सीतामढ़ी (एजेंसियां)।** बिहार के सीतामढ़ी जिले में आदर्श आचार संहिता लगने के बावजूद अपराध नियंत्रण से बाहर है। लगातार जिले में अपराधी बड़ी–बड़ी घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। इतना ही नहीं घर में घुस कर हत्या भी कर दे रहे हैं। बीती रात एक घर में घुसकर अपराधियों ने बीए पार्ट वन के एक छात्र की गला रेतकर हत्या कर दी। उक्त घटना सीतामढ़ी जिले के महिंद्रावारा थाना क्षेत्र के बलुआ गांव की है।

दरअसल, बलुआ गांव में शनिवार की रात करीब 12.30 बजे घर में सोए छात्र का धारदार हथियार से गला रेत दिया गया। घटना को अंजाम देने के बाद सभी अपराधी मौके से फ़रार हो गए। युवक की आवाज सुनकर परिजन पहुंचे और उसे इलाज के



लिए एसकेएमसीएच मुजफ्फरपुर में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। फिलहाल घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस शव का पोस्टमार्टम करा रही है। वहीं, मृतक के परिजनों से घटना के बारे में जानकारी ली जा रही है।

जानकारी के मुताबिक, मृतक की पहचान महिंद्रावारा थाना क्षेत्र के बलुआ गांव निवासी भोला सहनी के बेटे संजीव कुमार (22) के रूप में की गई है। मृतक के पिता भोला सहनी ने बताया कि वह बाहर रहकर पढ़ाई करता था। इधर, घर के कुछ काम के कारण घर आया था। पांच दिन पहले गांव के ही एक युवक से उसका विवाद हुआ था।

उस समय आरोपी ने उसे जान से मार देने की धमकी दी थी। उन्होंने बताया कि बीती रात खाना खाने के बाद सभी लोग सो रहे थे। तभी आरोपी ने पांच–छह अन्य लोगों के साथ पहुंचकर घटना को अंजाम दिया और मौके से फ़रार हो गए। आवाज सुनने पर नींद खुली तो हम लोगों ने सभी आरोपियों को भागते हुए देखा।

# महिला की हत्या के पहले ही मर्डर का केस! पत्नी–बच्चों समेत चार के हत्यारे को ढूंढ रही पुलिस भी चौंकी

**दरभंगा (एजेंसियां)।** बिहार के मधुबनी जिले के झंझारपुर के सुखेत गांव में अपने ससुराल में एक शख्स ने पत्नी किरण देवी, सास प्रमिला देवी सहित अपनी ही दो बेटियों प्रीति (6) और प्रिया (4) की हत्या कर दी। आरोपी की पहचान दरभंगा जिले के सकतपुर थाना क्षेत्र के अवाम गांव निवासी दसरथ महतो के बेटे पवन महतो के रूप में हुई है। घटना के बाद से हत्यारा पवन महतो का पूरा परिवार घर छोड़कर फरार है। लेकिन ससुराल वाले आरोपी पवन महतो पर हत्या से पहले ही दरभंगा जिले के सकतपुर थाने में सितंबर 2021 में हत्या की प्राथमिकी दर्ज करा चुके हैं।

जानकारी के मुताबिक, सितंबर 2021 में पति पवन महतो और ससुराल वालों ने मिलकर किरण देवी को पीट–पीट कर अधमरा



कर दिया था। उसके बाद स्थानीय थाना पुलिस की मदद से उसे आरोपी के घर से निकलवाकर मायके वालों के हवाले कर दिया था। उसके बाद परिजन डॉक्टर से इलाज करवाने के बाद किरण देवी को झंझारपुर में अपने साथ ही रख रहे थे। इस घटना के बाद से ही किरण देवी का पति भागकर चेन्नई कमाने चला गया था। बीती रात हुई घटना के बाद जब झंझारपुर थाना की पुलिस आरोपी को खोजने दरभंगा पहुंची तो पता चला कि आरोपी का पूरा परिवार घर छोड़कर फरार हो गया है। हालांकि जब झंझारपुर पुलिस उसे खोजने दरभंगा पहुंची तो स्थानीय पुलिस ने फाइलों को खंगाला तो जानकारी मिली कि सकतपुर थाने में पवन महतो के खिलाफ पहले से ही हत्या की प्राथमिकी दर्ज है।

जानकारी के अनुसार, हत्यार–ोपी पवन महतो अपने पिता दसरथ महतो की सात सन्तानों में सबसे बड़ा है। पवन की शादी दस वर्ष पूर्व मधुबनी जिले के झंझारपुर सुखेत गांव की किरण देवी के साथ हुई थी। इस बीच उसे दो बेटियां भी हुई थी। ग्रामीणों के अनुसार, शादी के बाद ही पवन और उसका परिवार पत्नी किरण को दहेज के लिए प्रताड़ित किया करते थे। इस मामले को लेकर सितंबर 2021 में भी सकतपुर थाने में हत्या की प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। उसके बाद पुलिस के सहयोग से किरण देवी को घर से निकलवाकर मायके वालों के हवाले कर उसे इलाज के लिए भेजा गया था। इस घटना के बाद आरोपी पवन कमाने के लिए चेन्नई चला गया था। कुछ दिन पहले ही वह परदेस से कमाकर लौटा था और गांव में ही सड़क किनारे चाय की दुकान चलाने लगा था। बताया जा रहा है कि इस बीच उसने ससुराल वालों और पत्नी किरण के साथ संबंधों को ठीक कर लिया था और वह दो महीने से ससुराल में ही रहने भी लगा था।

जानकारी के अनुसार, पवन का घर तारडीह प्रखंड के सकतपुर थाना क्षेत्र की पोखरभिंडा पंचायत के अवाम गांव के लक्ष्मीपुर टोला में है। बताया जा रहा है कि शादी के बाद से ही पवन और उसके परिवार के लोग किरण देवी को दहेज के लिए प्रताड़ित कर रहे थे। वे उसके साथ लगातार मारपीट किया करते थे। इस मामले में किरण देवी ने सितंबर 2021 में सकतपुर थाने में हत्या की प्राथमिकी दर्ज कराई थी। प्राथमिकी में दहेज के लिए उसके साथ लगातार की जा रही मारपीट की बात कही गई है।

वहीं, घटना की जानकारी मिलते ही पूरा गांव हतप्रभ है तो वहीं आरोपी पवन महतो का पूरा परिवार घर छोड़कर फ़रार हो गया है। इतना ही गांव के मुखिया और आरोपी चाचा प्रमोद कुमार महतो भी फरार हैं।


# मेकअप आर्टिस्ट विनर बनाने के नाम पर दर्जनों ब्यूटी पार्लर संचालिकाओं से लाखों की ठगी

**मुजफ्फरपुर (एजेंसियां)।** बिहार के मुजफ्फरपुर शहर में ठगी के नए–नए तरीके सामने आ रहे हैं। अब ठगी करने वालों ने ब्यूटी कांटेस्ट के नाम पर एक साथ दर्जनों मेकअप आर्टिस्ट से ठगी की है।

मामला नगर थाना क्षेत्र का बताया गया है, जहां सीवान निवासी आरोपी अंशु कुमार सिंह ब्यूटी पार्लर में काम करने वाली कई मेकअप आर्टिस्ट से लाखों रुपये की ठगी करके फरार हो गया। उसके बाद से शहर की महिला मेकअप आर्टिस्ट उसे तलाश रही है।

जानकारी के मुताबिक, सदर थाना क्षेत्र के शेरपुर स्थित एक होटल में आठ मई को यह ब्यूटी कांटेस्ट होना था। इसका आयोजक और ठगी करने वाला






अंशु कुमार सिंह कार्यक्रम के एक हफ्ते पूर्व ही शहर से गायब हो गया। अब कंटेस्ट न होने पर मेकअप आर्टिस्ट उसे तलाश रही है, जिसको लेकर ब्यूटी पार्लर संचालिका पूजा उप्पल ने नगर थाने में इस ठगी की एफआईआर दर्ज कराई है। बताया गया कि पूजा उप्पल से 15 हजार रुपये की ठगी की गई है।

पीड़िता पूजा उप्पल ने बताया कि सीवान के अंज़ेया निवासी अंशु ने पहले फ़ोन पर एक कॉम्पटीशन कराए जाने की बात की। उसको लेकर वह उनसे मिलने के लिए उनके पार्लर पर आया और खुद को द ड्रीम्स ऑफ़ लाइफ़ कंपनी का बड़ा ऑर्गेनाइजर बताया। फिर रजिस्टेशन चार्ज के नाम पर पैसे लिए और चला गया। फिर दोबारा आया और फ़िर से यहां की कई ब्यूटीशियन से भी रुपये लिया। उसने कहा कि फाइनल होने के बाद सभी के पैसे लौटाए जाएंगे। फिर उसके बाद उसने अपना फोन बंद कर लिया। उसके बाद वह जिस होटल में ठहरा हुआ था, वहां के मैनेजर से जानकारी ली गई तो बताया गया कि वह कब का जा चुका है और होटल के भी पैसे नहीं दिए हैं।

इस पूरे मामले में नगर थाना प्रभारी विजय कुमार सिंह ने बताया कि इस ठगी को लेकर शिकायत दर्ज कराई गई है। इस मामले में एक साथ कई लोगों को ठगा गया है। आरोपी के खिलाफ़ कार्रवाई की जा रही है। ब्यूटी मेकअप आर्टिस्ट बनाने के नाम पर ठगी की गई है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है। साथ ही पीड़िता द्वारा दिए गए साक्ष्य के आधार पर कार्रवाई की जा रही है।

### सम्राट चौधरी ने लालू यादव के सवालों का दिया जवाब

# वह जेल में थे, इसलिए याद नहीं होगा

**पटना (एजेंसियां)।** पीएम मोदी के रोड शो पर सियासत तेज हो गई है। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने पीएम मोदी और एनडीए पर हमला बोला। अब उनके बयान पर बिहार के उपमुख्यमंत्री और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने पटलवार किया है। राजद सुप्रीमो के सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि लालू यादव जेल में थे और इसलिए उन्हें याद नहीं है कि बंद पड़ी 14 चीनी मिलों को फ़िर से शुरू करने का काम चल रहा है। इथेनॉल फ़ैक्ट्री के लिए मोदी सरकार में ही लग रही है।

सम्राट चौधरी ने कहा कि लालू यादव जेल में थे। इसलिए याद नहीं होगा। वह सजायाफ्ता आदमी हैं तो उनको क्या पता होगा? उनको अपना परिवार ही दिखता है। रोहिणी आचार्य पर



निशाना साधते हुए कहा कि लालू जी अब टूरिस्ट बेटी को लाएं हैं। जंगलराज में लालू जी का पूरा परिवार भाग गया था। यह तो मोदी जी और नीतीश जी का प्रभाव है न जो अब लालू जी का परिवार भी लौटकर बिहार आ रहा है।

उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने कहा कि यह लोग घबराहट में है। तीनों चरण में महागठबंधन पूरी तरह से जीरो पर आउट हैं। चौथे चरण में उम्मीद रख रहे थे लेकिन पीएम मोदी के आगमन से इस पर पानी फिर गया। यह वही लोग हैं जो कहीं न कहीं बिहार में दलाली, ठेकेदारी, रंगदारी, परिवार की जमींदारी को बिहार में स्थापित करना चाहते हैं। लेकिन, भाजपा इनके मंसूबे को सफ़ल नहीं होने देगी। राजद के संस्कार और संस्कृति से आने वाले लोग इसी मानसिकता के पोषक हैं। बिहार की जतना इनकी मानसिकता को शून्य पर आउट करेगा। पीएम मोदी का आगमन कहीं न कहीं हर बिहार को ताकत प्रदान करेगा। हर बिहार पीएम के रोड शो को लेकर उत्साहित है।

# आकाशीय बिजली गिरने से पांच लोगों की मौत, एक किशोर भी शामिल

**पटना (एजेंसियां)।** रोहतास में ठनका गिरने से पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन लोग झूलस गये। घायल लोगों में एक की हालत चिंताजनक होने की वजह से चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। दो घायलों का इलाज निजी अस्पताल में चल रहा है। घटना बिक्रमगंज थाना क्षेत्र के गोटपा गांव की है। मृतक में एक किशोर भी शामिल हैं।

घटना के संबंध में स्थानीय लोगों का कहना है कि रोहतास जिले में तेज गर्जन हवा व बारिश के बीच आकाशीय बिजली



गिरने से अलग–अलग जगह पर पांच लो–गों की मौत हो गई। पहली घटना बिक्रमगंज थाना क्षेत्र के गोटपा गाँव की है, जहां बारिश से बचने के लिए पेड़ की नीचे छिपे 5 लोगों में दो की मौत हो गई। मृतकों की पहचान अरविंद कुमार तथा ओमप्रकाश के रूप में की गई है। दूसरी घटना घोसियां कला की है, जहां सड़क निर्माण में कार्य कर रहे मजदूर सुनील कुमार की मौत हो गई, जबकि सूर्यपुरा थानाक्षेत्र के मठगोठानी गाँव में खेल रहे किशोर आकाश गिरी की मौत हो गई। वही दिनारा थानाक्षेत्र के गंजभडसरा रोड नहर पर बेनसागर के विनय चौधरी की भी ठनका गिरने से मौत हो गई।

इस घटना में झुलसे व्यक्ति को चिंताजनक हालत में हायर सेंटर रेफ़र कर दिया गया। उनमें दो का ईलाज बिक्रमगंज निजी अस्पताल में चल रहा है। रोहतास जिले के बिक्रमगंज, सूर्यपुरा तथा दिनारा थानाक्षेत्र में घटी इस घटना के बाद पुलिस ने शव को अस्पताल भेज दिया। जबकि बिक्रमगंज थाना क्षेत्र के गोटपा में हुए दो मौत के बाद शवों को सदर अस्पताल सासाराम पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को–ऑपरेटिव इंडस्टीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल–मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए–23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी जिला, तेलंगाना राज्य–500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040–29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com